भोपाल

बुधवार, 27 अगस्त 2025

भाद्रपद मास शुक्ल पक्ष –04

वर्ष : 12, अंक : 147

पृष्ठ : 14 मूल्य : 4.00 **

मौसम

अधि. 27

न्यून. 23

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com




गणेश चतुर्थी की मंगलकामनाएं

मुहूर्त: अमृत काल- 07:33 से सुबह 09:09 बजे तक
शुभ चौघड़िया- सुबह 10:46 से दोपहर 12:22 बजे तक
शुभ मुहूर्त- 11:05 से दोपहर 1:40 बजे तक

**कैबिनेट बैठक :** नगरपालिका व नगर परिषदों के अध्यक्षों के अविश्वास प्रस्ताव की धुंध अब लगभग साफ

# अविश्वास प्रस्ताव को रोकने सरकार लाएगी अध्यादेश प्रत्यक्ष पद्धति से अध्यक्षों का चुनाव कराने की तैयारी

एक दिन पहले भी नगरीय प्रशासन विभाग में देर रात तक अफसर इसकी तमाम धाराओं में संशोधन के प्रस्ताव पर मंथन करते रहे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मप्र में पिछले कई दिनों से जारी नगरपालिका व नगर परिषदों के अध्यक्षों के अविश्वास प्रस्ताव की धुंध अब लगभग साफ हो गई है। राज्य सरकार तीन या साढ़े चार साल में अविश्वास प्रस्ताव लाने के प्रस्ताव से सहमत नहीं है।

मंगलवार को कैबिनेट की अनौपचारिक बैठक में तय हुआ कि फौरी तौर पर इसे रोकने के लिए अध्यादेश लाया जाए। एक दिन पहले भी नगरीय प्रशासन विभाग में देर रात तक अफसर इसकी तमाम धाराओं ▶▶ शेष पेज 6 पर



### यह किया गया है प्रस्ताव तैयार

नगरीय प्रशासन विभाग ने साढ़े चार साल में अविश्वास प्रस्ताव का मसौदा तैयार किया था। यह मुख्य सचिव के पास अभी भी विचाराधीन है। इसके बाद सरकार ने साफ किया कि अविश्वास प्रस्ताव का मसौदा परिवर्तित किया जाए। इसके बाद सोमवार को पूरे दिन भर रात के 11 बजे ▶▶ शेष पेज 6 पर

### अध्यादेश लाने की मुख्य वजह यह भी

करीब डेढ़ साल पहले राज्य सरकार ने नियमों में बदलाव कर नगर पालिका और नगर परिषद अध्यक्षों के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाने की न्यूनतम अवधि दो साल से बढ़ाकर तीन साल कर दी थी। साथ ही यह प्रावधान भी किया गया था कि प्रस्ताव तभी लाया जा सकेगा जब ▶▶ शेष पेज 6 पर

**पटवारी बोले-** मप्र की महिलाएं पीती हैं सबसे ज्यादा शराब

## सीएम ने कहा- लाड़ली बहनों को शराबी बताकर घोर अपमान किया

» खरगे माफी मांगें व पटवारी को बर्खास्त करें

» हरतालिका तीज के दिन बहनों का अपमान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के बयान से फिर सियासी पारा चढ़ गया है। पटवारी ने दावा किया कि देशभर में मप्र की महिलाएं सबसे ज्यादा शराब पीती हैं। उनके बयान पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से लेकर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष और महिला नेत्रियों ने बयान की निंदा करते हुए महिलाओं का अपमान बताया हैं। डॉ. यादव ने कहा कि



कांग्रेस ने प्रदेश की लाडली बहनों को शराबी बताकर उनका घोर अपमान किया है। जनता इस अपमान का हिसाब लेगी। सीएम ने कहा कि प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने महिलाओं पर टिप्पणी ▶▶ शेष पेज 6 पर ▶▶ पढ़ें पेज 05 भी


inh 24x7


छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें

TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366


## खबर संक्षेप

### आज दूसरा ग्लोबल स्पिरिचुअल कॉन्क्लेव

**उज्जैन।** महाकाल की नगरी उज्जैन में बुधवार को दूसरी ग्लोबल स्पिरिचुअल कॉन्क्लेव आयोजित होगी। होटल अंजुश्री में होने वाली इस कॉन्क्लेव में देशभर में मंदिरों के प्रमुखजन, बड़ी होटल चेन के मुखिया शामिल होंगे। इसमें स्पिरिचुअल क्षेत्र में होने वाले नवाचारों पर चर्चा होगी। मप्र सरकार का फोकस उज्जैन में निवेश लाना है। ▶▶ पढ़ें पेज 09 भी



### शाहरुख-दीपिका समेत 7 के खिलाफ केस

**नई दिल्ली।** शाहरुख खान और दीपिका पादुकोण हुंडई अल्कजार कार का प्रचार कर के फंस गए हैं। राजस्थान के भरतपुर के रहने वाले कीर्ति सिंह नाम के एक शख्स का आरोप है कि उन्हें जानबूझकर डिफेक्टिव हुंडई अल्कजार कार बेची गई। इसी आधार पर शाहरुख और दीपिका समेत करीब 7 लोगों पर एफआईआर दर्ज की गई है।



### प्रदेश में गणेश चतुर्थी पर रहेगा सामान्य अवकाश

**भोपाल।** प्रदेश सरकार ने बुधवार 27 अगस्त को गणेश चतुर्थी को देखते हुए प्रदेश भर में सामान्य अवकाश घोषित कर दिया है। जिसके चलते प्रदेश में सरकारी छुट्टी रहेगी। जिससे सभी सरकारी दफ्तर बंद रहेंगे और कोई कामकाज नहीं होगा। इधर भोपाल के लिए 4 लोकल हॉली-डे घोषित किए गए थे। इनमें 27 अगस्त को गणेश चतुर्थी की छुट्टी भी शामिल है।



भारत और अमेरिका के बीच प्रस्तावित द्विपक्षीय व्यापार समझौते (बीटीए) पर बातचीत चल रही

# आज से भारतीय सामान पर 50 प्रतिशत टैरिफ, प्रधानमंत्री कार्यालय में 'मंथन'

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत से अमेरिका जाने वाले सामानों पर ट्रंप प्रशासन 27 अगस्त से 50 फीसदी का बेतुका आयात शुल्क लगाने जा रहा है। यह टैरिफ लागू हो जाएगा। अभी तक भारतीय निर्यात पर 25% अतिरिक्त शुल्क लागू था।

रूस से कच्चा तेल और सैन्य उपकरण खरीदने को लेकर अमेरिका ने अतिरिक्त 25% पेनल्टी लगाई है, जिससे कुल शुल्क 50% हो जाएगा। इस टैरिफ से झींगा, रेडीमेड कपड़े, चमड़ा, रत्न और आभूषण जैसे मजदूर-आधारित क्षेत्रों पर गहरा असर पड़ने की आशंका है। भारत से अमेरिका को कुल 86.5 अरब ▶▶ शेष पेज 6 पर

ट्रंप सरकार की ओर से जारी नोटिफिकेशन के मुताबिक आज (अमेरिकी समयानुसार सुबह 12:01 बजे/ भारतीय समयानुसार सुबह 9:31 बजे) से यह टैरिफ लागू हो जाएगा

### भारत ने मुकाबले को कमर कसी

अभी तक भारतीय निर्यात पर 25% अतिरिक्त शुल्क लागू था

**पीएम ने कहा**

दबाव कितना ही क्यों न हो, हम झेलने की ताकत बढ़ाते जाएंगे





### लेकिन, भारत दबाव में नहीं आएगा, स्वदेशी मंत्र अपनाएगा

- अमेरिका को भारत का निर्यात 43% घटकर 49.6 अरब डॉलर रह सकता है
- उच्च टैरिफ़ से अमेरिका में भारतीय उत्पाद प्रतिस्पर्धा से बाहर हो सकते हैं
- इस टैरिफ से झींगा, रेडीमेड कपड़े, चमड़ा, रत्न और आभूषण जैसे मजदूर आधारित क्षेत्रों पर गहरा असर पड़ने की आशंका

जर्मनी के अखबार का दावा

### ट्रंप ने चार बार किया फोन पीएम मोदी ने नहीं उठाया

अमेरिका की तरफ से भारत पर लगाए गए 50 फीसदी टैरिफ बुधवार से पूरी तरह से लागू होने से ठीक पहले एक बड़ी ही महत्वपूर्ण जानकारी सामने आई है। जिसमें जर्मनी के समाचारपत्र 'फ्रैंकफर्टर ऑलगेमाइन जिटुंग (एफएजेड)' ने अपनी एक रिपोर्ट में ये दावा किया है कि अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा लगाए गए टैरिफ के जवाब में भारत के पीएम मोदी पूरी दृढ़ता के साथ खड़े हैं और उन्होंने अमेरिका ▶▶ शेष पेज 6 पर

### क्या है निर्यातकों की चिंता?

बांग्लादेश, मेक्सिको, तुर्की, वियतनाम और श्रीलंका जैसे देशों को फायदा

वस्त्र उद्योग- एईपीसी (अपैरल एक्सपोर्ट प्रमोशन काउंसिल) के महासचिव मिथिलेश्वर ठाकुर ने कहा कि भारत के 10.3 अरब डॉलर के वस्त्र निर्यात पर सीधा असर होगा। बांग्लादेश, वियतनाम और श्रीलंका जैसे देशों के मुकाबले भारतीय परिधान अब 30% तक महंगे पड़ेंगे। यह अंतर पाटना लगभग असंभव है। चमड़ा व जूता उद्योग- एक उद्योग प्रतिनिधि ने कहा कि कई कंपनियों को उत्पादन रोकना और कर्मचारियों की छंटनी करनी पड़ सकती है। रत्न और आभूषण- रत्न और आभूषण व्यवसाय से जुड़े एक एक निर्यातक ने कहा कि अमेरिका हमारा सबसे बड़ा बाजार है। ऐसे में नौकरी में ▶▶ शेष पेज 6 पर

### सबकी नजर द्विपक्षीय व्यापार समझौते पर

जानकारों के अनुसार भारत और अमेरिका के बीच प्रस्तावित द्विपक्षीय व्यापार समझौता (बीटीए) पर बातचीत चल रही है, जिसका लक्ष्य मौजूदा 191 अरब डॉलर के द्विपक्षीय व्यापार को 500 अरब डॉलर तक ले जाना है। उद्योग जगत की नजर अब इसी समझौते पर टिकी है, लेकिन जब तक कोई राहत नहीं मिलती, तब तक रोजगार और निर्यात- दोनों पर गहरा दबाव बना रहेगा। ▶▶ पढ़ें पेज 11 भी

ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटिव का अनुमान

### छा सकता है लाखों रोज़गार पर संकट


ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटिव का अनुमान है कि इन टैरिफ के कारण 2026 में अमेरिका को भारत का निर्यात 43% घटकर 49.6 अरब डॉलर रह सकता है। संस्थान के संस्थापक अजय श्रीवास्तव के मुताबिक यह रणनीतिक ▶▶ शेष पेज 6 पर

◆ संघ के 100 वर्ष पूरे होने पर व्याख्यान श्रृंखला में बोले डॉ. भागवत



## भारत को दुनिया में योगदान देना है और अब वो समय आ गया है

*जब हम हिंदू राष्ट्र कहते हैं तो उसका मतलब ये नहीं कि हम किसी को छोड़ रहे हैं, किसी का विरोध कर रहे*




हमारा स्वाभाविक धर्म समन्वय का, टकराव का नहीं

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के 100 साल पूरे होने (शताब्दी वर्ष) पर आरएसएस प्रमुख डॉ. मोहन भागवत ने कहा कि संघ की सार्थकता भारत के विश्व गुरु बनने में है। भारत को दुनिया में योगदान देना है और अब वो समय आ गया है। उन्होंने हिंदू राष्ट्र का भी अर्थ बताया और कहा कि हिंदू राष्ट्र शब्द का सत्ता से कोई मतलब नहीं है।

जब हम हिंदू राष्ट्र कहते हैं तो उसका मतलब ये नहीं कि हम किसी को छोड़ रहे हैं, किसी का विरोध कर रहे हैं, ऐसा नहीं है। दिल्ली में आयोजित व्याख्यान श्रृंखला में भागवत ने कहा कि हिंदू कौन है, वह जो अपने मार्ग पर चलने में विश्वास रखता है और अलग-अलग मान्यताओं वाले लोगों का भी सम्मान करता है, वही हिंदू है। हमारा स्वाभाविक धर्म समन्वय का है, टकराव का नहीं है। भारत में पिछले 40 हजार वर्षों से रह रहे लोगों का डीएनए एक है। मिलजुलकर रहना हमारी संस्कृति है। हम एकता के लिए एकरूपता को जरूरी नहीं मानते। विविधता में भी एकता है। विविधता, एकता का ही परिणाम है।

### गुरुजी ने कहा था तो भी शाखा की जरूरत होती

डॉ. भागवत ने गुरु गोलवलकर का एक किस्सा बताते हुए कहा कि एक बार गुरुजी से किसी ने पूछा कि हमारे गांव में तो मुसलमान, ईसाई है ही नहीं, हमारे यहां शाखा का क्या काम? तो गुरुजी ने कहा कि गांव की तो छोड़ो अगर पूरी दुनिया में भी मुसलमान-ईसाई नहीं होते तो भी, अगर हिंदू समाज इस अवस्था में रहता तो संघ की शाखा की आवश्यकता थी।

### कांग्रेस ने तब भी व्यवस्था अपने वश में कर ली थी

डॉ. भागवत ने कहा कि भारत दो बार की बड़ी गुलामियों को झेलकर आजाद हुआ है। 1857 के बाद भारतीय असंतोष ठीक से व्यक्त हो और वह नुकसान न करे, इसलिए कुछ व्यवस्था हो रही थी, लेकिन कुछ लोगों ने उसको अपने वश में कर लिया और उसे स्वतंत्रता की लड़ाई का हथियार बनाया। उन्होंने कहा कि इंडियन नेशनल कांग्रेस नाम से वह धारा चली ▶▶ शेष पेज 6 पर

### कुछ लोग संघ के धुर विरोधी थे, वो भी आज समर्थक बने

उन्होंने कहा कि देश में एक तीसरी धारा थी, जिन्होंने समाज से अपने मूल पर चलने को आह्वान किया. स्वामी दयानंद सरस्वती और स्वामी विवेकानंद इस धारा के प्रमुख नाम थे। संघ पूरे भारत में सबको संगठित करने का काम कर रहा है। कुछ लोग संघ के धुर विरोधी थे, वो भी आज समर्थक बन गए हैं।

वैष्णो देवी यात्रा मार्ग पर बड़ा हादसा

## लैंडस्लाइड की वजह से सात श्रद्धालुओं की मौत, 14 घायल



अर्धकुंवारी के पास हादसा यात्रा रोकी गई

**जम्मू।** जम्मू में भारी बारिश के बीच माता वैष्णो देवी यात्रा मार्ग पर मंगलवार को अचानक भूस्खलन हो गया। यह हादसा अर्धकुंवारी के पास हुआ, जहां हजारों श्रद्धालु हर रोज मां वैष्णो देवी के दरबार की ओर जाते हैं। जोरदार धमाके के साथ पहाड़ी से मलबा और बड़े पत्थर ट्रैक पर आ गिरे। जिसमें 7 श्रद्धालुओं की मौत हो गई। वहीं 14 लोग घायल हो गए। घायलों को इलाज के लिए कटड़ा स्थित अस्पताल पहुंचाया गया। हादसे के तुरंत बाद ▶▶ शेष पेज 6 पर

मुख्यमंत्री व मुख्य सचिव दिल्ली पहुंचे

## कौन बनेगा नया मुख्य सचिव? सिर्फ संकेत, स्पष्ट कुछ भी नहीं



सेवानिवृत्ति में अब महज पांच दिन शेष

**भोपाल।** मुख्य सचिव अनुराग जैन की सेवानिवृत्ति में अब महज पांच दिन शेष हैं। उनके एक्सटेंशन को लेकर स्थिति कुछ भी साफ नहीं है। मंगलवार को कैबिनेट की बैठक के बाद मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव व मुख्य सचिव जैन नई दिल्ली चले गए। मुख्यमंत्री जबलपुर होते हुए नई दिल्ली के लिए रवाना हुए। वे दिल्ली में कुछ अन्य कार्यक्रमों में भी शामिल होंगे। मुख्यमंत्री के साथ केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा सपत्नीक दिल्ली रवाना हुए। उधर, मुख्यमंत्री व मुख्य सचिव ▶▶ शेष पेज 6 पर

**इंदौर में हनीट्रैप:** पब मालिक ने की खुदकुशी

## 25 लाख और आईफोन लिए फिर भी ब्लैकमेल करती रही



पुलिस को मिला पांच पन्नों का सुसाइड नोट

**इंदौर।** हनीट्रैप के शिकार होकर इंदौर के एक पब मालिक भूपेंद्र रघुवंशी ने जहर खाकर आत्महत्या कर ली। मंगलवार सुबह उनका शव घर पर मिला। आत्महत्या के पीछे हनीट्रैप की बात सामने आ रही है। भूपेंद्र के पास से पांच पन्नों का सुसाइड नोट भी मिला है। इसमें एक युवती का नाम लेकर लिखा है कि वह 25 लाख रुपए और आईफोन लेने के बाद भी ब्लैकमेल करते हुए दुष्कर्म की रिपोर्ट दर्ज कराने की धमकी देती थी। भूपेंद्र के परिवार में पत्नी, एक ▶▶ शेष पेज 6 पर

12 लाख 85 हजार हेक्टेयर क्षेत्र में सब्जियों का उत्पादन

## मध्यप्रदेश देश का सबसे बड़ा टमाटर उत्पादक राज्य बना

4 वर्षों में प्रदेश में टमाटर के रकबे में 16,776 हेक्टेयर की वृद्धि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मप्र देश में सब्जी उत्पादन की दृष्टि से तीसरा सबसे बड़ा राज्य है। जबकि टमाटर के उत्पादन में मप्र देश में प्रथम स्थान पर आ गया है। प्रदेश में किसानों की ओर से 12 लाख 85 हजार हेक्टेयर क्षेत्र में सब्जियों का उत्पादन किया जा रहा है। इनमें सर्वाधिक उत्पादन टमाटर का है। मप्र टमाटर के उत्पादन में देश में प्रथम स्थान पर है।

प्रदेश में 2024-25 में एक लाख 27 हजार 740 हेक्टेयर में



टमाटर की खेती की गई है। इसमें 36 लाख 94 हजार 702 मीट्रिक टन का उत्पादन संभावित है। पिछले 4 वर्षों में प्रदेश में टमाटर के रकबे में 16,776 हेक्टेयर की वृद्धि हुई है। वर्ष 21-22 में प्रदेश में 1,10,964 हेक्टेयर में ▶▶ शेष पेज 6 पर

### टमाटर के बीज पर 50 प्रतिशत सब्सिडी मिल रही

कुछ वर्षों से किसानों में टमाटर उत्पादन के प्रति आकर्षण बढ़ा है। राज्य सरकार भी टमाटर के बीज 50 प्रतिशत सब्सिडी दे रही है। टमाटर पर आधारित लघु उद्योगों की संख्या भी बड़ी है। पीएमएफएमई योजना से किसानों को फ़ूड प्रोसेसिंग यूनिट लगाना आसान हुआ है। सब्जियों फसलों में टमाटर, धनिया और लहसुन के उत्पादन में देश में प्रथम स्थान पर है।

तीनों सेना प्रमुख ने बताई भविष्य की तैयारियां, सीडीएस ने किया संबोधित

महू आर्मी वार कॉलेज में 'रण संवाद-2025' की शुरुआत

## शांति चाहिए तो युद्ध के लिए तैयार रहें भारत शांतिप्रिय देश पर शांतिवादी नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ इंदौर

ऑपरेशन सिंदूर के बाद पहली बार सेना का 'रण संवाद-2025' कार्यक्रम मंगलवार से महू स्थित आर्मी वार कॉलेज में शुरू हुआ। इस मौके पर चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर एक आधुनिक संघर्ष था, जिससे हमने कई महत्वपूर्ण सबक सीखे।

इनमें से अधिकांश पर अमल चल रहा है और कुछ को लागू भी कर दिया गया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि ऑपरेशन अब भी जारी है। कार्यक्रम में शामिल होने के लिए केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह भी महू पहुंचेंगे। सीडीएस चौहान ने कहा कि ▶▶ शेष पेज 6 पर

केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह भी करेंगे शिरकत



### गीता और महाभारत से युद्ध नीति की सीख

सीडीएस ने कहा कि गीता और महाभारत युद्ध नीति के सर्वश्रेष्ठ उदाहरण हैं। चाणक्य की नीति ने चंद्रगुप्त मौर्य को विजय दिलाई। कौटिल्य और चाणक्य ने शक्ति, उत्साह और युक्ति को युद्ध नीति का मूल तत्व बताया है। उन्होंने जोर दिया कि शस्त्र और शास्त्र दोनों का संतुलन आवश्यक है।

**वाइस एडमिरल बोले**

### तकनीक बनी निर्णायक कारक

नौसेना के वाइस एडमिरल तरुण सोबती ने कहा कि ड्रोन, आईएसआर, साइबर ऑपरेशन और सूचना युद्ध जैसे साधन यूक्रेन और गाजा संघर्ष में निर्णायक कारक रहे हैं। उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर में इस्तेमाल तकनीक को और अधिक एडवांस बनाने की जरूरत बताई। भारतीय वायुसेना के प्रशिक्षण कमान के एओसी-इन-सी एयर मार्शल तेजिंदर सिंह ने 'युद्ध को प्रभावित करने वाली उभरती प्रौद्योगिकियों की पहचान' विषय पर व्याख्यान दिया। उन्होंने खासतौर से एआई और मशीन लर्निंग, साइबर, क्वांटम, अंतरिक्ष एवं प्रति-अंतरिक्ष तकनीक, निर्देशित ऊर्जा हथियार (डीईडब्ल्यू) और हाइपरसोनिक तकनीक के महत्व पर प्रकाश डाला।


आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक
विरासत को समृद्ध करता
मध्यप्रदेश
पर्यटन मंत्रालय
MINISTRY OF
TOURISM
सत्यमेव जयते
मध्यप्रदेश शासन
MADHYA PRADESH
The heart of Incredible India
PHDCCI
HARMONY
DEVELOPMENT
PROGRESS
Estd. - 1905
PHDCCI
Celebrating...
120 Years
1905 - 2025
नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री
डॉ. मोहन यादव, मुख्यमंत्री
ग्लोबल
स्पिरिचुअल
टूरिज्म कॉन्क्लेव
रूह Mantic
शुभारंभ
मुख्य अतिथि
डॉ. मोहन यादव
मुख्यमंत्री, मध्यप्रदेश
विशिष्ट अतिथि
गजेन्द्र सिंह शेखावत
केंद्रीय मंत्री, पर्यटन एवं संस्कृति मंत्रालय
27 अगस्त, 2025। प्रात: 9:00 बजे । होटल अंजुश्री, उज्जैन, मध्यप्रदेश
"मध्यप्रदेश में आध्यात्मिक पर्यटन विकास के
नये अध्याय की शुरुआत"
प्रमुख गतिविधियां
राउंड टेबल कॉन्फ्रेंस । अधोसंरचना विकास, आध्यात्मिक पर्यटन में सांस्कृतिक संवर्धन पर चर्चा ।
आध्यात्मिक पर्यटन के आयामों पर संवाद
महत्वपूर्ण सत्र
मंदिर अर्थव्यवस्थाएं । महाकाल का मंडल । डिजिटल में दिव्य । पवित्र धुरी के संरक्षक
सीधा प्रसारण
@Cmmadhyapradesh
@jansampark.madhyapradesh
@Cmmadhyapradesh
@jansamparkMP
JansamparkMP
D-11090/25

## मैनिट के सीनियर प्रोफेसर करेंगे ऐशबाग में बने 90 डिग्री ओवरब्रिज की जांच, ठेकेदार के खिलाफ कठोर कारवाई पर रोक

### हाईकोर्ट का निर्देश, 10 सितंबर को इसकी रिपोर्ट पेश की जाए

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल/जबलपुर

भोपाल के बहुचर्चित 90 डिग्री ओवरब्रिज का मामला हाईकोर्ट पहुंच गया। ओवरब्रिज के ठेकेदार ने अपनी फर्म को ब्लैकलिस्ट करने के आदेश को चुनौती देते हुए याचिका दायर की है।

हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस संजीव सचदेवा व जस्टिस विनय सराफ की खंडपीठ ने ठेकेदार को ब्लैक लिस्ट करने के आदेश के परिप्रेक्ष्य में कोई भी कठोर कार्रवाई करने पर रोक लगा दी। साथ ही मौलाना अब्दुल कलाम आजाद इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (मैनिट) के डायरेक्टर को निर्देश दिए कि ओवरब्रिज की जांच वरिष्ठ प्रोफेसर से कराएं। 10 सितम्बर को इसकी रिपोर्ट पेश की जाए।

*फर्म को ब्लैकलिस्ट करने के आदेश को चुनौती देने दायर की याचिका*

*ठेकेदार ने याचिका में कहा पूरी गलती विभाग के अधिकारियों की*



**दलील, जैसी डिजाइन प्रस्तुत की, उसी आधार पर किया आरओबी का निर्माण**

*ठेकेदार मेसर्स पुनीत चड्ढा की ओर से याचिका दायर की गई। इसमें कहा गया कि पूरी गलती विभाग के अधिकारियों की है। निर्माण एजेंसी को ब्लैक लिस्टेड किए जाने को लेकर ठेकेदार की ओर से अधिवक्ता प्रवीण दुबे व सिद्धार्थ शर्मा ने दलील दी कि पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों ने जैसी डिजाइन प्रस्तुत की थी, उसी आधार पर आरओबी का निर्माण किया गया है। ऐसे में निर्माण एजेंसी को ब्लैक लिस्टेड करना गलत है। मामले की उच्चस्तरीय जांच में दोषी अफसरों को सजा भी मिल चुकी है। ऐसे में ठेकेदार कंपनी को दोष देना अनुचित है। वहीं, राज्य सरकार की ओर से दोषी अफसरों के खिलाफ की गई कारवाई का रिकॉर्ड पेश करने के लिए समय मांगा गया।*

#### मेन पावर की कमी पूरी करने नगर निगम को निर्देश दिए

सुनवाई के बाद कोर्ट ने असलियत का पता लगाने के लिए मैनिट भोपाल के डायरेक्टर को निर्देशित किया। कहा कि मैनिट के एक सीनियर प्रोफेसर से आरओबी की समुचित जांच कराई जाए। इसके लिए जो 1 लाख रुपये का खर्च आएगा, वह फिलहाल ठेकेदार वहन करेगा। वहीं मेन पावर की कमी पूरी करने के लिए नगर निगम भोपाल को निर्देशित किया गया है। कोर्ट ने कहा कि इस दौरान याचिकाकर्ता कंपनी के खिलाफ ब्लैक लिस्ट करने के आदेश के तारतम्य में कठोर कारवाई नहीं की जाए।

---

### खबर संक्षेप

#### हुजूर तहसील दफ्तर कंडम, एसडीएम केबिन की नहीं होगी मरम्मत

**भोपाल।** पिछले दिनों पुराना सचिवालय स्थित हुजूर तहसील दफ्तर में एसडीएम विनोद सोनकिया के केबिन का प्लॉस्टर गिरने से फॉल सीलिंग नीचे आ गई थी। जिससे केबिन में रखा सामान क्षतिग्रस्त हो गया। एसडीएम ने इसकी मरम्मत के लिए पीडब्ल्यूडी को पत्र लिखा, लेकिन वहां से जानकारी मिली कि इस बिल्डिंग का कंडम घोषित किया गया है, ऐसे में मरम्मत नहीं की जा सकती है। जिसको देखते हुए एसडीएम दफ्तर और कोर्ट के सामने पड़ी खाली जगह में प्लाई और एल्युमिनीयम से फ्रेम बनाकर केबिना बनाया जा रहा है। एसडीएम का कहना है कि प्लॉस्टर गिरने की वजह से फिलहाल कोर्ट में ही बैठकर रुटीन काम निपटाए जा रहे हैं, अस्थाई केबिन बनाकर काम किया जाएगा।

#### रेलवे 22 सितंबर से दो चरण में चलाएगा विशेष टिकट चैकिंग अभियान

**भोपाल।** रेलवे आने वाले दिनों में भोपाल रेल मंडल के सभी स्टेशनों सहित देशभर में विशेष चैकिंग अभियान चलाने जा रहा है। यह अभियान 22 सिंतबर से 2 नवंबर तक दो चरणों में चलाया जाएगा। रेलवे अधिकारियों के अनुसार त्योहारों और छुट्टियों के सीजन को देखते हुए रेलवे ने यात्रियों की बढ़ती संख्या को ध्यान में रखते हुए बिना टिकट और अवैध यात्रा पर सख्ती करने का निर्णय लिया है। रेलवे बोर्ड के निर्देशानुसार 22 सिंतबर से 5 अक्टूबर तथा 16 अक्टूबर से 2 नवंबर तक पूरे देश में विशेष टिकट चेकिंग अभियान चलाया जाएगा। इस अभियान का उद्देश्य यात्रियों को सुविधा प्रदान करते हुए टिकट प्रणाली में पारदर्शिता सुनिश्चित करना है और अवैध यात्रा को रोकना है। इसके तहत जोनल रेलवे अपने स्तर पर कदम उठाएंगे। इसके अलावा रेलवे एक्ट 1989 के प्रावधानों के तहत बिना वैध टिकट या प्राधिकरण यात्रा करने वाले यात्रियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। रेलवे के विशेष टिकट चेकिंग अभियान की निगरानी वरिष्ठ अधिकारी करेंगे। यह अभियान दो चरणों में किया जाएगा। वरिष्ठ अधिकारी सुनिश्चित करेंगे कि सभी चरण सुव्यवस्थित और पारदर्शी ढंग से लागू हों।

---

### शार्ट बोर, सिंगल रायफल के 31 शूटर्स जांच दायरे से बाहर, 46 पर सख्ती

## जांच अफसरों ने किए क्रॉस क्वेश्चन, चश्माधारक शूटर्स से कहा, आप क्या कॉम्पटीशन खेलोगे?

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

**18 शूटर्स की पेशी, सुबह 11 से शाम चार बजे तक करते रहे इंतजार**

**शूटर्स के कारतूसों को लेकर चल रही पड़ताल का दूसरा दिन**

राजधानी के 77 इंटरनेशनल और नेशनल शूटर्स की गन और कारतूस को लेकर दूसरे दिन भी पड़ताल जारी रही। मंगलवार को 18 शूटर्स को पेशी पर बुलाया गया था। अब शेष 14 शूटर्स को भी बुलाया जाएगा। इधर शेष बचे 31 शूटर्स को जांच के दायरे से बाहर रखा गया है। जिसमें शार्ट बोर और सिंगल रायफल वाले शूटर्स शामिल हैं। अफसरों का कहना है कि इन शूटर्स को बाद में बुलाया जाएगा।

कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह को शूटर्स के कारतूसों में गड़बड़ी का इनपुट मिलने के बाद पिछले एक हफ्ते से जांच चल रही है। सोमवार को 14 शूटर्स को बुलाने के बाद मंगलवार को 18 शूटर्स को पेशी पर बुलाकर पड़ताल की गई। 18 शूटर्स को नोटिस भी दिए गए थे। संत हिरदाराम नगर एसडीएम रविशंकर राय सहित पुलिस अधिकारियों ने एक-एक शूटर की गन का फिजिकल वेरिफिकेशन भी किया।



**चश्मा लगाकर भी शूटिंग की जा सकती हैं**

*शूटर्स अपने साथ गन और अन्य दस्तावेज लेकर आए। जांच अधिकारियों ने इन शूटर्स से कारतूस का रिकार्ड मांगते हुए प्रेक्टिस में चलाए गए कारतूस के सबूत मांगे। इसके साथ शूटर्स से क्रॉस प्रश्न भी किए गए। पचास साल से अधिक उम्र के शूटर्स से कहा गया कि आपकी उम्र अधिक होने के साथ चश्मा लगाते हो, आप टूर्नामेंट कैसे खेलोगे, जिस पर शूटर्स ने जवाब दिया कि चश्मा लगाकर भी शूटिंग की जा सकती है।*

#### शूटर्स की यह गड़बड़ी भी आई सामने

जांच में पता चला है कि कई शूटर्स का मूल लाइसेंस आत्मरक्षार्थ है और आत्मरक्षार्थ होकर उनके पास एक या फिर दो शस्त्र हैं। बाद में उनके द्वारा स्पोटर्स कैटेगिरी में भी उसी लाइसेंस में खेल प्रतियोगिता में हिस्सा लेने के लिए 4 शस्त्र ले लिए गए हैं। कई ऐसे शूटर्स भी हैं, जिन्होने खेल प्रतियोगिता में हिस्सा लिया है और अब तक लाइसेंस पर किसी प्रकार के कारतूस को खरीदना नहीं दर्शाया है।

#### पांच घंटे धूप में बाहर खड़ी रही इंटरनेशनल शूटर



जिसको देखते हुए सभी शूटर्स सुबह 11 बजे एसडीएम दफ्तर पहुंच गए थे। इंटरनेशनल स्तर पर देश के लिए मेडल लाने वाली एक शूटर को सुबह 11 बजे से शाम 4 बजे तक धूप में बाहर खड़ा रहना पड़ा। जिसके बाद उसका वेरिफिकेशन किया गया।

#### इन शूटर्स ने दिया रिकॉर्ड, कराया वेरिफिकेशन

जुबिया खान कोहेफिजा, सुलेम अली तलैया, सैय्यद शाहनवाज अली शाहजहांनाबाद, शफीक खां जहांगीराबाद, अनम वासिन ऐशबाग, मारूफ मोहम्मद खान ऐशबाग, प्रियांशु पांडे जहांगीराबाद, उमर मोहम्मद खान तलैया, गोल्डी गुर्जर अयोध्या नगर, अब्दुल अली खान तलैया, सैय्यद उमर हुसैन शाहजहांनाबाद, करनजीत सिंह कोहेफिजा, फैजान खान हनुमानगंज, अरशद हसन कोहेफिजा, नासिर शादब अककर शाहजहांनाबाद, रविराज मिश्रा शाहपुरा, सुमैया रहमान हनुमानगंज और मुस्तफा अली को पेशी पर बुलाकर जांच की गई।

#### सिंगल गन वाले शूटर्स की नहीं होगी जांच

जिले के शूटर्स के कारतूस को लेकर सामान्य जांच की जा रही है, जिसमें शार्ट बोर और सिंगल गन वाले 31 शूटर्स को जांच से बाहर रखा गया है। एक से अधिक गन वाले शूटर्स का जांच प्रतिवेदन मिलने के बाद एक्शन लिया जाएगा।

**कौशलेंद्र विक्रम सिंह, कलेक्टर**

---

### संस्था के भवन में आरोपी चला रहा है होटल

## कावेरी गृह निर्माण सहकारी संस्था के तत्कालीन अध्यक्ष के खिलाफ केस

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

धोखाधड़ी, फर्जीवाड़ा और जालसाजी करते हुए कावेरी गृह निर्माण सहकारी संस्था के भूखण्ड पर बहुमंजिला भवन बनाकर उसमें कावेरी गृह निर्माण सहकारी संस्था के सदस्यों को फ्लैट आवंटित किए जाने का झांसा देकर बहुमंजिला भवन में होटल का व्यवसाय संचालित करने वाले कावेरी गृह निर्माण सहकारी संस्था मर्यादित के तत्कालीन अध्यक्ष खालिद खान के खिलाफ न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी हेमलता अहिरवार ने भादंसं की धारा- 420,406,467, 468 और 471 के अंतर्गत प्रकरण पंजीबद्ध कर उन्हें समंस जारी कर न्यायालय में उपस्थित होने के आदेश दिए हैं।

**न्यायिक मजिस्ट्रेट ने प्रकरण पंजीबद्ध कर समंस जारी कर कोर्ट में पेश होने के दिए आदेश**

अधिवक्ता संतोष वर्मा ने जिला न्यायालय में निज परिवाद पत्र प्रस्तुत कर बताया था कि परिवादी सैयद सरवर हुसैन कावेरी गृह निर्माण सहकारी संस्था मर्यादित भोपाल में सदस्य हैं। उनका संस्था का पंजीयन क्रमांक 286 है। आरोपी खालिद खान उपरोक्त संस्था के अध्यक्ष हैं। संस्था का हलालपुर लालघाटी में भूखण्ड था। उपरोक्त भूखण्ड पर आरोपी ने मेट्रो हाईटस के नाम से बहुमंजिला भवन बनाकर उसमें कावेरी गृह निर्माण सहकारी संस्था के सदस्यों को फ्लैट आवंटित किए जाने का झांसा देकर उनसे लाखों रुपए वसूल कर लिए और उन्हें फ्लैट नहीं दिए। आरोपी ने 18 मार्च 2002 को परिवादी को 2,35,000 रुपए में फ्लैट क्रमांक 4 सी का आवंटन किया जाकर उनके पक्ष में जिला उप पंजीयक कार्यालय में फ्लैट की रजिस्ट्री कराई जाकर उसका कब्जा सौंप दिया था। इसके बाद आरोपी ने सहकारी संस्था के उपपंजीयक की अनुमति के बगैर वर्ष 2008 में मेट्रो हाईटस के नाम से बहुमंजिला भवन का निर्माण न करते हुए भवन को प्रियंका एंटरप्राइजेज को बेच दिया। अब आरोपी भवन में नीना पैलेस होटल बनाकर उसमें व्यवसाय संचालित कर रहा है। परिवादी की ओर से आरोपी के खिलाफ थाना कोहेफिजा और पुलिस अधीक्षक को शिकायत किए जाने के बावजूद पुलिस ने आरोपी के खिलाफ कोई कार्यवाही नहीं की तो परिवादी की ओर से जिला न्यायालय में निज परिवाद पत्र प्रस्तुत किया गया था। अगली सुनवाई 17 नवंबर को होगी।

---

### 99 एकड़ जमीन को लेकर 20 लोगों को नोटिस

## मछली परिवार ने कब्जाई पशुपालन विभाग की जमीन, आज सीमांकन

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

ड्रग्स तस्करी मामले में पकड़ाए मछली परिवार के शाहवर मछली और उसके भतीजे यासीन के परिवार की अवैध कोठी गिराने के बाद प्रशासन अब मछली परिवार द्वारा किए गए अवैध कब्जों की जानकारी जुटाई जा रही है।

जिसके तहत हथाईखेड़ा स्थित पशुपालन विभाग की 99 एकड़ जमीन को लेकर दोबारा से 20 लोगों को नोटिस दिए गए हैं। जिसके तहत गोविंदपुरा तहसीलदार की तरफ से बुधवार को सीमांकन किया जाएगा, जिसमें पता चलेगा कि विभाग की कितनी जमीन पर कब्जा किया गया है। बुधवार सुबह 11 बजे जमीन



पशुपालन विभाग की कोकता बायपास स्थित 99 एकड़ जमीन का सीमांकन किया जाएगा। जिला प्रशासन के अफसरों का कहना है कि बुधवार सुबह 11 बजे कोकता में सीमांकन कराया जाएगा। इसके लिए 20 लोगों को नोटिस जारी किया गया है। सीमांकन के बाद ये पता चल पाएगा कि किसी व्यक्ति ने सरकारी जमीन दबाई है या नहीं। जिसके लिए 6 से ज्यादा पटवारियों 2 आरआई की ड्यूटी लगाई गई है।

---

### 2029 से बढ़कर हो जाएंगे 2289 पोलिंग बूथ

## पोलिंग बूथों पर बारह सौ से अधिक नहीं होंगे वोटर्स, 260 नए केंद्र बनेंगे

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

आने वाले चुनावों को देखते हुए जिला निर्वाचन कार्यालय ने पोलिंग बूथों से जुड़े मतदाताओं को इधर से उधर करने का काम शुरु कर दिया है। जिसके तहत 260 नए पोलिंग बूथ बनाए जा रहे हैं। जिससे जिले की सात विधानसभाओं में 2029 मतदान केंद्रों की तादाद बढ़कर 2289 हो जाएगी।

जिला निर्वाचन कार्यालय ने इसके लिए नया प्रस्ताव तैयार कर लिया है। वर्तमान में पोलिंग बूथ पर करीब 1500 वोटर्स के वोट डालने की व्यवस्था है, लेकिन अब इसे घटाकर 1200 वोटर्स प्रति पोलिंग बूथ किया जा रहा है।

#### गोविंदपुरा में सबसे ज्यादा पोलिंग बूथ

सबसे ज्यादा बूथों की संख्या गोविंदपुरा विधानसभा में 424 है। दूसरे नंबर पर हुजूर में 419 बूथ हैं। जबकि नरेला में 367 बूथ हो गए हैं। बैरसिया में 312, भोपाल उत्तर में 257, दक्षिण-पश्चिम में 254, मध्य में 256 बूथों की संख्या हो गई है। जबकि सबसे ज्यादा नए 260 पोलिंग बूथों में से हुजूर में 68, गोविंदपुरा में 61, नरेला 37, बैरसिया में 35, भोपाल उत्तर में 25, दक्षिण-पश्चिम में 18, मध्य में 16 नए पोलिंग बूथ बढ़े हैं। जिले के 335 पोलिंग बूथों में 1200 से ज्यादा वोटर्स की संख्या हो रही थी। जिससे इन बूथों में अतिरिक्त वोटर्स को नए बूथ-या फिर पास के बूथ में शिफ्ट किया जा रहा है।

---

## प्रदेश के 109 शहरों से साफ होगा 60 लाख टन कचरा, पांच महीने में काम होगा पूरा

### *लैंडफिल साइट भेजा जाएगा दस फीसदी कचरा, 37 शहर हो चुके क्लीन*

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

प्रदेश के 109 शहरों में सालों से जमे कचरे को साफ करने के प्रयास तेज हो गए हैं। जनवरी 2026 के अंत तक यह शहर कचरे से क्लीन हो जाएंगे। इसके लिए लगभग 300 करोड़ रुपए खर्च किए जा रहे हैं। इन शहरों से करीब 60 लाख टन पुराना कचरा साफ किया जाएगा। इधर नगरीय प्रशासन के मुताबिक हरदा, पन्ना, मुलताई और रीवा सहित 37 छोटे शहर से खंती हटाकर क्लीन कर दिया गया है।

भोपाल पहले ही भानपुर खंती को खत्म कर चुका है। इसी तर्ज पर प्रदेश के दूसरे शहरों में भी कचरे को खत्म किया जा रहा है। हाल ही में नगरीय प्रशासन ने प्रदेश के 109 शहरों में लीगेसी वेस्ट को खत्म करने का प्रोजेक्ट तैयार किया था। जिसके तहत जमीनी स्तर पर काम शुरू हो गए हैं। जिसके तहत 109 शहरों में से 103 की टेंडर प्रक्रिया पूरी हो गई है।

#### 90 फीसदी कचरा होगा खत्म

यूएडीडी के मुताबिक सभी शहरों से लगभग 90 प्रतिशत पुराना कचरा खत्म किया जाएगा। हालांकि 10 प्रतिशत ऐसा



कचरा होता है, जिसको रिसायकल नहीं किया जा सकता। ऐसे कचरे को लैंडफिल साइट भेजा जाएगा। इसके छोटे शहरों को बड़े शहरों से अनुबंध किया जा रहा है। उदाहरण के लिए भोपाल से सटे सीहोर, रायसेन और विदिशा जिले का कचरा भोपाल के आदमपुर खंती भेजा जा सकता है।

#### शहरों में जमा कचरे को साफ किया जाएगा

इस प्रोजेक्ट के माध्यम से शहरों में जमा कचरे को साफ किया जाएगा। साथ ही वैज्ञानिक और टिकाऊ निपटान विधियों को भी बढ़ावा मिलेगा। जिससे स्वच्छता को बढ़ावा मिलेगा।

**परीक्षित संजयराव झाडे, अतिरिक्त आयुक्त, शहरी विकास**

---

### सितंबर के पहले सप्ताह के बाद ढलान पर आएगी बारिश, बेहतर रही बरसात की रफ्तार

## शहर में मानसून के 70 दिन पूरे, केवल 7 दिन हुई भारी बारिश, डिस्ट्रीब्यूशन बेहतर

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

राजधानी में मानसून ऑनसेट के मंगलवार को पूरे 70 दिन बीत गए हैं। भोपाल में 17 जून को दक्षिण पश्चिम मानसून ने एंट्री की थी, लेकिन अब तक शहर में भारी बारिश का दौर गिनेचुने दिन ही चल सका है। इस दौरान 70 दिन में केवल 7 दिन ही भारी बारिश का दौर चला।

यहां मानसून प्रवेश के बाद 26 अगस्त तक जून के 13 दिन में सिर्फ एक दिन, जुलाई के 31 दिन में 5 दिन और अगस्त के 26 दिन में एक दिन ही भारी बारिश हुई। इस बीच 50 से 110 मिमी अथवा इससे अधिक बारिश के आंकड़े दर्ज हो पाए हैं। मौसम विशेषज्ञ एके शुक्ला के अनुसार इस साल भोपाल में बारिश का डिस्ट्रीब्यूशन बेहतर रहा है। भारी बारिश के दिनों की संख्या कम और बारिश के दिनों की संख्या अधिक रहने से प्राकृतिक रूप से कई लाभ मिले हैं।



#### बारिश के दिन 5 साल में सबसे अधिक

विशेषज्ञ शुक्ला के अनुसार भोपाल में इस साल बारिश की रफ्तार बेहतर रही है। मानसून के 70 दिन में करीब 45 दिन से अधिक बारिश हुई है। यह संख्या मानसून सीजन वर्ष 2020 के बाद सबसे अधिक है। इससे पहले वर्ष 2019 में बारिश और बारिश के अधिकतम दिन का रिकार्ड दर्ज हो चुका है। इन दिनों में 24 घंटे में अधिकांश दिन 10 से 30 मिमी के बीच ही बारिश हुई है। बारिश का यह डिस्ट्रीब्यूशन जहां भूजल बढ़ता है, वहीं बाढ़ या जलस्रोतों में अचानक पानी नहीं बढ़ने से कई प्रकार की समस्याएं नहीं होती हैं।

**कब तेज से भारी बारिश**

शहर में दर्ज आंकड़ों के अनुसार 17 जून से अब तक कुल 7 दिन भारी बारिश हुई। इस बीच 22 जून, 7, 22,23,27 और 29 जुलाई को भारी बारिश हुई। अगस्त के 26 दिन में केवल एक दिन 9 अगस्त को भारी बारिश हुई है। भारी बारिश के दौरान शहर में 50 से 110 मिमी तक बारिश हुई है।

#### अगस्त के शेष दिनों में दो दिन मध्यम बारिश के आसार

विशेषज्ञ शुक्ला के अनुसार अगस्त के शेष 4 दिन में दो से तीन दिन अभी मध्यम बारिश की उम्मीद है। यह क्रम सितंबर के पहले सप्ताह तक चलेगा। सितंबर में पहले सप्ताह के अंत से बारिश में कमी आना शुरू हो जाएगी। 30 सितंबर को मानसून की विदाई संभव है। लेकिन इस महीने के 30 दिन में 12 से 14 दिन रिमझिम, गरज चमक या बारिश-बौछारों में बीतेंगे। इससे पूरे मानसून सीजन में बारिश के आंकड़े भले ही सामान्य से कम रहें अथवा बराबर हो जाएं, लेकिन बारिश यह डिस्ट्रीब्यूशन बहुत अच्छा होगा।

---

### बढ़ती भीड़ को लेकर भेजा प्रस्ताव

## अक्टूबर से 20 कोच के साथ चलेगी भोपाल-निजामुद्दीन वंदे भारत एक्सप्रेस

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

भोपाल से दिल्ली जाने वाले यात्रियों के लिए अच्छी खबर है। दरअसल रेलवे की ओर से अक्टूबर माह से भोपाल-निजामुद्दीन वंदे भारत एक्सप्रेस चार कोच बढ़ाने जा रहा है। दरअसल रानी कमलापति-हजरत निजामुद्दीन वंदे भारत एक्सप्रेस में सीटों की भारी मांग और लगातार बढ़ती भीड़ को देखते हुए इसमें कोच बढ़ाने की तैयारी की जा रही है।

रेलवे बोर्ड ने इसको लेकर हरी झंडी दे दी है। रेल मंत्रालय से अनुमति मिलते ही ट्रेन में कोच



बढ़ाए जाएंगे। रेलवे अधिकारियों के अनुसार अक्टूबर तक चार कोच बढ़ जाएंगे। वंदे भारत की ऑक्यूपेंसी और पैसेंजर डिमांड को लेकर जोन और मंडलों से रिपोर्ट मांगी थी। भोपाल मंडल ने वंदे भारत में यात्रियों की बढ़ती संख्या और टिकट की कमी का मुद्दा प्रमुखता से रखा। इसके बाद जोन की ओर से ट्रेन में चार कोच बढ़ाने का प्रस्ताव बोर्ड को भेजा गया है।



# 500 साल बाद

## धन योग, लक्ष्मी नारायण योग, गजकेसरी योग

## शुभ योग और आदित्य योग सहित छह विशेष संयोग में आज घर-घर में विराजेंगे गौरी नंदन भगवान श्री गणेश



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

पांच सौ साल बाद बन रहे धन योग, लक्ष्मी नारायण योग, गजकेसरी योग, शुभ योग और आदित्य योग के संयोग में बुधवार को घर-घर गौरी नंदन भगवान श्री गणेश की धूमधाम से स्थापना की जाएगी। इसके अलावा इस दिन स्वाति और चित्रा नक्षत्र का संयोग भी बन रहा है।

राजधानी में गणेश उत्सव की तैयारियां अंतिम चरण में हैं। मां चामुण्डा दरबार के पुजारी पंडित रामजीवन दुबे ने बताया कि हर साल भाद्रपद मास के



शुक्ल पक्ष की चतुर्थी तिथि को गणेश चतुर्थी का पावन पर्व मनाया जाता है। गणेश महोत्सव का पर्व चतुर्थी तिथि से प्रारंभ होकर अगले 10 दिनों तक चलता है। वहीं अनंत चतुर्दशी के दिन भगवान गणेश को विदा किया जाता है। पं. रामजीवन दुबे गुरुजी के मुताबिक भाद्रपद माह के शुक्ल पक्ष की चतुर्थी तिथि को दोपहर चित्रा नक्षत्र में भगवान शिव और माता पार्वती के पुत्र भगवान गणेश का जन्म हुआ था। भगवान गणपति को विघ्नहर्ता, मंगलकर्ता, रिद्धि-सिद्धि और बुद्धि का देवता माना गया है। इस साल 500 साल बाद गणेश चतुर्थी पर षड् योग,रवि योग, धन योग, लक्ष्मी नारायण योग, गजकेसरी योग और आदित्य योग सहित छह दुर्लभ संयोग बन रहा है।

### आकर्षक झांकियां, सजे पंडाल

बुधवार से गणेश चतुर्थी के साथ ही दस दिवसीय गणेशोत्सव की शुरुआत हो जाएगी। इस दौरान शहर में आकर्षक झांकियों, पंडालों के साथ-साथ घरों में भी विघ्नहर्ता भगवान गणेश की स्थापना की जाएगी। इसको लेकर पंडाल सज कर तैयार हो गए। वहीं श्रीगणेश की स्थापना के साथ ही त्योहारी सीजन की शुरुआत हो रही है। राजधानी भोपाल में कई जगहों पर 18 फीट तक की मूर्ति स्थापना की जाएगी। शहर में जहां 3 हजार से अधिक स्थानों पर सार्वजनिक रूप से पंडाल सजाकर भगवान गणेश की स्थापना की जाएगी, वहीं 85 हजार से अधिक घरों में भी गणेश स्थापना कर दस दिनों तक श्रद्धालु पूजा अर्चना करेंगे।



### मूर्तिकारों के पंडालों में भीड़

मूर्तिकारों के पंडालों में लोगों की भारी भीड़ लग रही है। श्रद्धालु अपने घरों और झांकी स्थलों तक प्रतिमाएं ढोल दमाकों के साथ लेकर पहुंच रहे हैं। घरों में भी लोग अपने वाहनों से घर परिवार के साथ बप्पा के जयकारों के साथ प्रतिमाएं लेकर पहुंच रहे हैं।



#### न्यू मार्केट में ईको फ्रेंडली थीम पर गणपति

गणेश चतुर्थी के लिए न्यू मार्केट गणेश उत्सव समिति की ओर से एक विशेष झांकी की तैयारी की गई है। इस झांकी में, भगवान गणेश अपनी पत्नियों, रिद्धि और सिद्धि के साथ विराजेंगे।

#### लालबाग के राजा की 16 फीट की प्रतिमा होगी स्थापित

करोंद में इस बार भी भगवान गणेश की आकर्षक झांकी सजाई जाएगी। यहां लालबाग के राजा की तर्ज पर 16 फीट के करोद के राजा की स्थापना की जाएगी।

#### पीपल चौक में विराजेंगे भोपाल के राजा

पीपल चौक में भी गणेश उत्सव पर भोपाल के राजा की आकर्षक झांकी सजाई जाएगी। यहां भगवान गणेश रिद्धि सिद्धि के साथ अपने पूरे परिवार के साथ विराजमान होंगे। यह भोपाल के प्रथम गणेश है। यहीं से शहर में गणेश उत्सव मनाने की परंपरा शुरू हुई थी।

#### भाजपा प्रदेश कार्यालय में गणेश प्रतिमा की स्थापना आज

भारतीय जनता पार्टी, प्रदेश कार्यालय में विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी गणेश चतुर्थी के अवसर पर भगवान श्री गणेश की प्रतिमा स्थापित की जाएगी। भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारी बुधवार को सुबह 11.30 बजे विधि-विधान से पूजन-अर्चन कर भगवान श्री गणेश की प्रतिमा स्थापित करेंगे।

### गणेश चतुर्थी पर गणपति स्थापना का शुभ मुहूर्त

गणेश चतुर्थी पर शुभ मुहूर्त रामजीवन दुबे गुरुजी के मुताबिक गणेश स्थापना 27 अगस्त बुधवार को दोपहर 12 बजकर 22 मिनट से राहुकाल शुरू हो जाएगा, इसलिए भक्तों को इससे पहले ही घर में गणेश जी की मूर्ति को स्थापित करना चाहिए।

#### अमृत काल- 07:33 से सुबह 09:09

- शुभ चौघड़िया- सुबह 10:46 अट से दोपहर 12:22 तक
- गणेश जी की मूर्ति को घर में स्थापित करने का सबसे शुभ मुहूर्त- 11:05 बजे से शुरू होकर दोपहर 1:40 तक

#### ऑपरेशन सिंदूर की झलक

बीमा कुंज कोलार रोड पर लालबाग के राजा श्री उत्सव समिति की ओर से इस बार राजस्थान के प्रसिद्ध खाटू श्याम मंदिर की झांकी सजाई जाएगी। समिति के अनुसार इस बार ऑपरेशन सिंदूर की सफलता को भी झांकी में दर्शाया जाएगा, साथ ही पर्यावरण संरक्षण आधारित झांकी होगी।

---

### खबर संक्षेप

#### स्किल डेवलपमेंट के लिए प्रोसेस पर फोकस जरूरी



**भोपाल।** राजधानी स्थित एनआईटीटीटीआर (निटर)और जबलपुर इंजीनियरिंग कॉलेज के बीच एमओयू पर हस्ताक्षर हुए। इस समझौते का उद्देश्य तकनीकी शिक्षा क्षेत्र में संयुक्त अनुसंधान, प्रशिक्षण, अकादमिक सहयोग, नवाचार, एवं विभिन्न तकनीकी पहलुओं को बढ़ावा देना है, जिससे दोनों संस्थानों के कर्मचारियों, शिक्षकों और विद्यार्थियों को नए अवसर प्राप्त होंगे। इस अवसर पर निटर के निदेशक प्रो. सीसी त्रिपाठी ने कहा कि स्किल डेवलपमेंट के लिए प्रोसेस पर फोकस करना होगा। स्टूडेंट्स के भरोसे पर खरा उतरना तकनीकी संस्थानों की जिम्मेदारी है।

#### प्रवाह समिट में हुई ट्रेजर-हंट प्रतियोगिता




**भोपाल।** राजधानी स्थित उच्च शिक्षा उत्कृष्टता संस्थान में मंगलवार को चार दिन से जारी उद्यमिता व नवाचार की ई-समिट प्रवाह के अंतिम दिन खजाने की खोज (ट्रेजर-हंट) प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें विद्यार्थियों के 20 समूहों ने संस्थान परिसर में छुपे सुरागों के माध्यम से खजाना ढूंढने का रोचक कार्य किया। यह प्रतियोगिता एक ओर मनोरंजक थी, दूसरी ओर जीवन की कठिन परिस्थितियों में रास्ता ढूंढने का अनुभव प्रदान करने वाली भी थी। संचालक डॉ. प्रज्ञेश कुमार अग्रवाल की महत्वपूर्ण भूमिका से सभी का परिचय भी कराया। समापन-सत्र का शुभारंभ उद्गम प्रकोष्ठ की नोडल अधिकारी डॉ. निधि चौहान और संस्थान के वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. महिपाल सिंह यादव ने किया। मुख्य अतिथियों के रूप में डॉ. एसपीएस राजपूत, प्राध्यापक, मैनिट, भोपाल एवं रोहित दुबे, सामाजिक चिंतक व कार्यकर्ता उपस्थित रहे। प्रवाह के सह-संयोजक अतुल तिवारी ने सभी अतिथियों, प्राध्यापकों एवं विद्यार्थियों का आभार माना।

### कीर समाज प्रतिभा सम्मान समारोह

## देश एवं समाज के लिए छात्र-छात्राएं बड़े सपने देखें जरूर पूरे होंगे: सीएम



#### कीर समाज युवा प्रदेश संयोजक बने सुरेंद्र कीर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

कीर समाज प्रतिभा सम्मान समारोह एवं प्रदेश कार्यकारिणी शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव वर्चुअली रूप से शामिल हुए। इस मौके पर सीएम ने मेधावी छात्र-छात्राओं की तारीफ करते हुए छात्रों को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने बच्चों से कहा कि वे देश के भविष्य है। अपने देश एवं समाज के लिए बड़े सपने देखे, जरूर पूरे करें। प्रदेश सरकार हर संभव मदद के लिए तैयार है। छात्रों के बेहतर भविष्य के लिए कई योजना चला रही है। इस मौके पर नवगठित प्रदेश कार्यकारिणी में सुरेंद्र कीर मंडीदीप को प्रदेश युवा संयोजक नियुक्त किया गया। सुरेंद्र कीर को प्रदेश अध्यक्ष कीर समाज कोमल सिंह वानिया, कीर कल्याण बोर्ड अध्यक्ष गया प्रसाद कीर प्रदेश संरक्षक एनपी पटेल सहित अन्य समाज के लोगों ने बधाई दी।

#### आरक्षण के समाधान के लिए ज्ञापन देंगे

समाज के प्रदेश अध्यक्ष कोमल सिंह वानिया ने कहा कि जल्द ही मुख्यमंत्री से मिलकर समाज की जटिल समस्या आरक्षण के समाधान के लिए मांग की जाएगी। सुरेंद्र कीर ने बताया कि सम्मेलन में प्रदेश के 24 जिलों से समाज उपस्थित हुई और 215 प्रतिभाओं का संगठन द्वारा सम्मान किया गया।

### विवि में अनियमितताओं पर उठ रहे सवाल, भ्रष्टाचार, मनमानी चरम पर

## बीयू: एनएसयूआई ने छात्रों के हक और लोकतंत्र की रक्षा के लिए शुरू की मुहिम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी स्थित बरकतउल्ला विश्वविद्यालय एक बार फिर चर्चा में आ गया है। मंगलवार को विवि में एनएसयूआई ने छात्र संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया, जिसमें बड़ी संख्या में छात्र पहुंच।

छात्रों ने जैसे ही अपनी समस्याएं बताना शुरू कीं, पुलिस ने आकर उन्हें खदेड़ना शुरू कर दिया। एनएसयूआई कार्यकर्ताओं का कहना है कि विवि में अब मामला केवल छात्रों की परेशानियों का नहीं रहा, बल्कि सीधे लोकतंत्र की आत्मा को चुनौती देने जैसा बन गया है। इस लिए मंगलवार से विवि में एनएसयूआई ने बीयू के छात्रों के हक और लोकतंत्र की रक्षा मुहिम शुरू कर दी है। कार्यकर्ताओं का कहना है कि छात्र लंबे समय से विवि की अनियमितताओं पर सवाल उठा रहे हैं।



#### एनएसयूआई अध्यक्ष विकास ने कहा

लोकतंत्र का मतलब है जनता और छात्रों को अपनी बात कहने का हक। लेकिन बरकतउल्ला विवि में यह हक छीना जा रहा है। यहां छात्र सवाल पूछते हैं तो उन्हें डराया जाता है। अगर डिग्री कैंसिल करने की धमकी देकर किसी छात्र को चुप कराया जाएगा, तो यह लोकतंत्र नहीं, तानाशाही है। एनएसयूआई साफ कर रही है कि छात्रों की आवाज को कोई दबा नहीं सकता। हमारा संघर्ष लोकतंत्र और शिक्षा दोनों की रक्षा के लिए है।

## सनातन संस्कृति की रक्षा के लिए चंद्रशेखर तिवारी के प्रयासों को मिल रहा भारी जनसमर्थन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



श्री हिंदू समिति के प्रत्याशी चंद्रशेखर तिवारी के समर्थन में एक वृहद जनसभा का आयोजन राजधानी भोपाल के मानस भवन भोपाल किया गया, जिसमें भारी संख्या में स्थानीय मतदाताओं शहर के विभिन समाज के प्रमुखों, सामाजिक संगठनों के प्रमुख प्रतिनिधियों, व्यापारी संगठनों के प्रमुख पदाधिकारियों सहित युवाओं एवं बुद्धिजीवियों ने भाग लिया। यह जनसभा न केवल जनसमर्थन का प्रतीक बनी, बल्कि यह भी दर्शाया कि सनातन संस्कृति और हिंदू समाज के संरक्षण के लिए चंद्रशेखर तिवारी द्वारा किए जा रहे प्रयासों को समाज का भरपूर समर्थन प्राप्त हो रहा है।

#### अभियानों की प्रशंसा की

वक्ताओं ने अपने संबोधन में चंद्रशेखर तिवारी के द्वारा सनातन परंपराओं, हिंदू मूल्यों और सामाजिक एकता को लेकर चलाए जा रहे अभियानों की भूरी-भूरी प्रशंसा की। वक्ताओं ने अपने उद्बोधन में कहा कि तिवारी ऐसे प्रत्याशी हैं, जो सकल हिंदू समाज की भावनाओं के प्रतिनिधित्व भी करते हैं।

## घटना को टालने वाले पांच रेल कर्मियों को मिला संरक्षा पुरस्कार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

रेल यात्रियों की सुरक्षा में सतर्कता और सजगता का उत्कृष्ट उदाहरण पेश करने वाले 5 रेलकर्मियों को सम्मानित किया गया है।

मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय में आयोजित समारोह में रेलकर्मियों को प्रशस्ति पत्र और नकद पुरस्कार प्रदान किया गया। इन कर्मचारियों ने ड्यूटी के दौरान समय रहते सूझ-बूझ और त्वरित निर्णय क्षमता का परिचय देते हुए संभावित असामान्य घटनाओं को टाल दिया।

इनकी सतर्कता से जहां एक ओर यात्रियों की जानमाल की रक्षा हुई, वहीं रेलवे की कीमती संपत्ति भी सुरक्षित रही। इस अवसर पर डीआरएम पंकज त्यागी ने कर्मचारियों के उत्साह, सजगता एवं समर्पण की सराहना करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दीं।

32 जिलों के लीडर्स, बुद्धिजीवी, उरांव समाज के प्रतिनिधि सहित 192 लोग सम्मिलित हुए

## संगोष्ठी में हुआ उरॉव आदिवासी समाज के उत्थान पर मंथन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्य प्रदेश राज्य स्तरीय उरांव आदिवासी सामाजिक संगोष्ठी राजधानी भोपाल के एमपी नगर में संपन्न हुई। संगोष्ठी में मप्र के 32 जिलों के लीडर्स, बुद्धिजीवी, उरांव समाज के प्रतिनिधि सहित 192 लोग सम्मिलित हुए। संगोष्ठी के संयोजक विपिन टोप्पो ने बताया कि संगोष्ठी में मप्र में उरांव आदिवासी



समाज की दशा दिशा, अस्तित्व, जाति प्रमाण पत्र, जनगणना, रोटी बेटी, भविष्य की रणनीति में चर्चा, रोजगार मनी पावर तीज त्यौहारों पर विचार विमर्श किया गया। संगोष्ठी में खास बात देखने को मिला उरांव समाज के लगभग संपूर्ण मप्र के 20 सामाजिक संगठनों ने भी अपनी भागीदारी दी एवं महिलाओं के द्वारा बढ़ चढ़कर भाग लिया गया। कार्यक्रम में सेवानिवृत्त आईएएस वेलफ्रेड लकड़ा, रामेश्वर पटेल, बानेश्वर भगत, विपिन टोप्पो, विनोद बड़ा, नीलकुसुम लकड़ा, लिली कृपा खालखो, शीला भगत सहित सदस्यगण उपस्थित रहे।

### गंगा मैया में जब तक पानी रहे, मेरे सजना तेरी जिंदगानी रहे जैसे गीतों व भजनों को गाती नजर आई महिलाएं

## सुहाग की लंबी आयु के लिए महिलाओं ने रखा निर्जला व्रत, रातभर महादेव व पार्वती की मिलकर की आराधना

कुंवारी लड़कियों ने अच्छे जीवनसाथी पाने के लिए व्रत रखा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

तीज का पर्व मंगलवार को राजधानी में धूमधाम से मनाया गया। जहां विवाहिता स्त्रियों ने अपने पति की दीघार्यु और परिवार की सुख समृद्धि के लिए तीज व्रत रखा, वहीं कुंवारी लड़कियों ने अच्छे जीवनसाथी की कामना के लिए व्रत रखा।

मां चामुण्डा दरबार के पुजारी गुरु पंडित रामजीवन दुबे ने बताया कि तीज व्रत चार विशिष्ट योगों- सर्वार्थसिद्धि, शोभन, गजकेसरी और पंचमहापुरुष योग का अद्भुत संयोग में मनाया गया। इस योग में पूजा करने से शत प्रतिशत मनोकमनाएं पुरी होती है। पंडित रामजीवन दुबे ने बताया कि



हरतालिका तीज पर माता पार्वती ने भगवान शिव के लिए यह व्रत रखा था तभी से हरतालिका तीज का चलन महिलाओं में ज्यादा बढ़ गया है। वैसे तो महिलाओं में व्रतों का दौर पूरे वर्ष चलता रहता है, लेकिन भादों महीने में मनाई जाने वाली हरतालिका तीज इन सभी पर्वों में प्रमुख एवं कठिन मानी जाती है।

तीज तिथि शुरू होने से लेकर व्रतधारियों का निर्जला व्रत प्रारंभ हो गया था। रात्रि 12 बजे से व्रतधारियों ने एक बूंद पानी भी नही पिया। सुबह से ही शिवमंदिरों में महिलाओं और कन्याओं का पहुंचना शुरू हो गया। महिलाओं ने भगवान भोलेनाथ और माता पार्वती की पूजा की।

महिलाओं ने फुलहरा की पूजा की। महिलाओं ने फुलहरा सजा कर पूरी रात भगवान शिव व माता पार्वती की पूजा कर परिवार और पति की लंबी आयु के लिए प्रार्थना की।

रात्रि तीन बजे से लेकर सुबह पांच बजे तक स्नान कर भगवान शिव और माता पार्वती का पूजन आरती कर नदी, तालाब के घाटों पर फुलहरा विसर्जित किया। सुबह पूजा पाठ करने के बाद ही व्रतधारियों ने पानी पिया।

#### दान का है विशेष महत्व

हरतालिका व्रत में दान का विशेष महत्व होता है। महिलाओं द्वारा अपने सामर्थ्य के अनुसार दान करने का प्रावधान है। महिलाएं व्रत में पूजा अर्चना समाप्त करने के बाद मंदिर में जाकर दान करती हैं। इस दिन गाय, कुत्ते और पक्षियों को दिया जाने वाला भोजन उत्तम माना जाता है।

#### श्री सिद्धेश्वर शिव मंदिर में तीज का पूजन

भोपाल के प्राचीन श्री सिद्धेश्वर शिव मंदिर नेहरू नगर में माता बहनों ने हरतालिका तीज की पूजन की। इस मौके पर बड़ी संख्या में महिलाओं ने रात्रि जागरण किया। भगवान भोलेनाथ का विधि विधान से पूजन किया गया। आचार्य पंडित नरेंद्र दीक्षित ने पूजन समपन कराई।

## हरतालिका तीज महोत्सव मनाया



**भोपाल।** श्रीराम कॉलोनी की महिलाओं ने धूमधाम से हरतालिका तीज महोत्सव को मनाया, जिसमें सभी ने रेड साड़ी में भोलेनाथ और मां पार्वती का पूजन-अर्चन किया।

कांग्रेस के इंदौर ग्रामीण जिलाध्यक्ष विपिन वानखेड़े से हरिभूमि व आईएनएच न्यूज चैनल के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी की 'खास मुलाकात'

# पार्टी यदि कहेगी कि मुझे 'नगालैंड' जाकर एक बूथ का अध्यक्ष बनकर काम करना है तो वहां भी चला जाऊंगा

हरिभूमि न्यूज ⏭भोपाल

2023 का लोकसभा चुनाव हो या 2024 में मध्य प्रदेश में हुआ विधानसभा चुनाव। इसमें कांग्रेस बहुत बुरी तरह हारी। इसके बाद कांग्रेस हाई कमान ने इसे मजबूत करने के लिए काफी जद्दोजहद की। मप्र में कांग्रेस की कमान जीतू पटवारी को सौंपी गई। इसके बाद 71 नए जिला अध्यक्ष बनाए गए।

ये नियुक्तियां किसी की सिफारिश पर नहीं हुईं और न ही बंद कमरों में नाम तय किए गए। बल्कि पर्यवेक्षकों ने गली-गली में घूम-घूमकर जमीनी कार्यकर्ताओं से संवाद करके उनकी पसंदानुसार नियुक्तियां की गई। हालांकि, जिलाध्यक्षों में कई बड़े-बड़े दिग्गजों के नाम भी रहे। जिन्हें प्रदेशाध्यक्ष समझा जा रहा था उन्हें जिलाध्यक्ष में समेट दिया गया। इसको लेकर नाराजगी भी सामने आई और असंतुष्टों ने नारेबाजी भी की। ऐसे ही विरोध प्रदर्शन के बीच ग्रामीण जिलाध्यक्ष कांग्रेस, इंदौर विपिन वानखेड़े की नियुक्ति कई लोगों को भा नहीं रही है। एनएसयूआई से शुरु किया राजनैतिक सफर विधायक, राष्ट्रीय सचिव, एनएसयूआई के प्रदेशाध्यक्ष जैसे कई पदों से होते हुए उनको यह नई जिम्मेदारी सौंपी गई है। उनका कहना है कि मैं कांग्रेस का समर्पित कार्यकर्ता हूं और पार्टी की गाइडलाइन के अनुसार पूरी निष्ठा और ईमानदारी से काम करता हूं। पार्टी कहेगी कि नगालैंड जाकर एक बूथ का अध्यक्ष बनकर काम करना है तो वहां भी चला जाऊंगा। मुझे जो जिम्मेदारी दी गई है उसे पूरी ईमानदारी से निभाऊंगा। यह बातें विपिन वानखेड़े ने हरिभूमि व आईएनएच न्यूज चैनल के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी से खास मुलाकात में कही। प्रस्तुत हैं बातचीत के प्रमुख अंश-

inh न्यूज विशेष

खास मुलाकात



डॉ. हिमांशु द्विवेदी
विपिन वानखेड़े

### और क्या बोले वानखेड़े

- मैंने कभी पद के लिए काम नहीं किया है, मैं सिर्फ कांग्रेस के लिए काम करता हूं
- हमारी लड़ाई संविधान को बचाने की है, उसे हम जारी रखेंगे
- भाजपा का पेट दुख रहा है कि एक दलित को मौका कैसे मिल गया

## मैं कांग्रेस का समर्पित कार्यकर्ता: वानखेड़े

**सवाल:** ये तय कर पाना कठिन हो रहा है कि बधाई दूं या सहानुभूति व्यक्त करुं?

**जवाब:** न बधाई की जरूरत है और न ही सहानुभूति की। मैं कांग्रेस का समर्पित कार्यकर्ता हूं और पार्टी की गाइडलाइन के अनुसार पूरी निष्ठा और ईमानदारी से काम करता हूं। पार्टी कहेगी कि नगालैंड जाकर एक बूथ का अध्यक्ष बनकर काम करना है तो वहां भी चला जाऊंगा। मुझे जो जिम्मेदारी दी गई है, उसे पूरी ईमानदारी से निभाऊंगा।

**सवाल:** आगर-मालवा हार चुके विपिन इंदौर की 9 विधानसभा सीटें कैसे जीतेंगे?

**जवाब:** देखिए, मैंने महाराष्ट्र, जम्मू-कश्मीर और छत्तीसगढ़ में एक-एक माह रहकर कांग्रेस के कार्यकर्ता के तौर पर काम किया है। राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा में 2 महीने निरंतर रहा हूं। मैंने कभी पद के लिए काम नहीं किया है। मैं सिर्फ कांग्रेस के लिए काम करता हूं।

**सवाल:** आपने कई राज्यों में काम किया। कई बड़े पदों पर रहे, फिर ग्रामीण जिलाध्यक्ष का पद आपको क्यों दिया गया, क्या कोई साजिश है?

**जवाब:** हम लोग संगठन सृजन का काम कर रहे हैं। सवाल पद का नहीं है, सवाल अपने जिले या क्षेत्र की विधानसभा सीटों की स्थिति को मजबूत करने का है। उसमें हम लोग लगे हुए हैं। हमारे शर्ष नेताओं का साफ कहना है कि पहले अपना जिला, अपना क्षेत्र मजबूत करें, इसके बाद प्रदेश स्वतः ही मजबूत हो जाएगा।

**सवाल:** आपसे पूछा था कि जिला अध्यक्ष बना रहे हैं या सीधा फरमान आ गया?

**जवाब:** हमारे जिलाध्यक्ष बनने से किसी को कोई आपत्ति नहीं है। बाबा साहेब की जन्मस्थली से कोई व्यक्ति उनके विचारों को लेकर काम करेगा तो भाजपा का पेट दुखता है और आगे भी दुखता रहेगा। गुमराह करने की बातें भाजपा की तरफ से ही आती हैं। हम इसकी चिंता नहीं करते हैं। हमारी लड़ाई संविधान को बचाने की है उसे हम जारी रखेंगे।

**सवाल:** आपकी नियुक्ति को लेकर इंदौर और दिल्ली में नारेबाजी हुई है। राहुल भी कह रहे थे सबसे ज्यादा शिकायतें मप्र से हैं। क्या आपकी तरफ इशारा था?

**जवाब:** राहुल जी का ऐसा कोई वीडियो नहीं है। ये सब भाजपा का किया धरा है। पूरी साजिश भाजपा ही रच रही है। उसका पेट दुख रहा है कि एक दलित को मौका कैसे मिल गया। मेरी नियुक्ति के विरोध में सबसे पहले भाजपा जिलाध्यक्ष ने विरोध में बयान दिया।

**सवाल:** कांग्रेस की दाल इंदौर में नहीं गलती है। बार-बार हार जाती है। आप क्या करेंगे?

**जवाब:** भाजपा ने इंदौर में तमाम फर्जी वोटरों के नाम जुड़वा रखे हैं। जिसकी दम पर वो चुनाव जीत जाती है। कांग्रेस इसी बात पर संघर्ष कर रही है कि सही मतदाता को अपने मत का उपयोग करने का अधिकार मिले। हमारी जीत निश्चित होगी, क्योंकि आज भी 40 प्रतिशत वोट कांग्रेस के साथ है और भाजपा के साथ मात्र 48 प्रतिशत। पिछले विधानसभा चुनाव के आंकड़े देखेंगे तो स्थिति स्पष्ट हो जाएगी।

## खबर संक्षेप

### गणेश चतुर्थी सामाजिक एकता का पर्व:खंडेलवाल

**भोपाल।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल एवं प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद ने गणेश चतुर्थी पर्व पर प्रदेश की जनता एवं पार्टी कार्यकर्ताओं को शुभकामनाएं देते हुए उनके मंगल की कामना की है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने कहा कि गणेश चतुर्थी सामाजिक एकता, सौहार्द्र और लोक संस्कृति के संवर्धन का पर्व है। उन्होंने कहा कि विघ्नहर्ता, मंगलकर्ता बुद्धि, विवेक, समृद्धि और सौभाग्य के अधिष्ठाता देव भगवान श्री गणेश की पूजा, आराधना का उत्सव है।

### सेवानिवृत्ति पर प्रातांध्यक्ष यादव का होगा सम्मान

**भोपाल।** मध्यप्रदेश राजपत्रित अधिकारी संघ की महासभा व सम्मान समारोह 31 अगस्त सुबह 11 बजे प्रांतीय कार्यालय तुलसी नगर में होगा। इस अवसर पर संघ के प्राताध्यक्ष इंजी. डीके यादव के सेवानिवृत्ति पर संघ के पदाधिकारियों द्वारा उनका सम्मान किया जाएगा। समारोह में मुख्य अतिथि खेल एवं युवा कल्याण तथा सहकारिता मंत्री विश्वास सारंग होंगे। डीके यादव वर्ष 1992 में शासकीय सेवा में आए थे।



### प्रदेश उपाध्यक्ष जिराती ने जताया सीएम का आभार

**भोपाल।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष जीतू जिराती ने कहा कि मध्यप्रदेश सरकार के कैबिनेट द्वारा मंगलवार को इंदौर से उज्जैन और पीथमपुर तक मेट्रो कॉरिडोर बनाने के लिए डीपीआर बनाने की स्वीकृति प्रदान कर दी है। आने वाले सालों में इंदौर के साथ उज्जैन और पीथमपुर तक मेट्रो का संचालन शुरू हो जाएगा। इसके लिए मैं मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का हृदय से आभार मानता हूं। उन्होंने कहा कि उज्जैन और पीथमपुर तक मेट्रो के संचालन से इंदौर मेट्रोपॉलिटन क्षेत्र के विकास को और गति मिलेगी।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के बहनों को लेकर दिए बयान पर भाजपा हमलावर, कहा, यह बहुत ही निदंनीय

पटवारी ने कहा था, मप्र की महिलाएं सबसे अधिक शराब पीती हैं

# भाजपा सरकार बहनों को आर्थिक सशक्त कर रही, इसलिए बौखलाई है कांग्रेस: खंडेलवाल

*भाजपा प्रदेश अध्यक्ष, मंत्री, विधायकों ने कांग्रेस व पटवारी को घेरा*

हरिभूमि न्यूज ⏭भोपाल

हरिभूमि चर्चा

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी द्वारा की गई टिप्पणी पर कड़ी प्रतिक्रिया दी है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में मप्र की भाजपा सरकार लाड़ली बहनों को सम्मान पूर्वक आर्थिक रूप से सशक्त कर रही है, इसलिए कांग्रेस चिढ़ी है और उसके नेता बौखलाए हुए हैं। जीतू पटवारी का बहनों को लेकर दिया गया बयान बहुत ही निंदनीय है।



भाजपा और प्रदेश सरकार जिन बहनों का सम्मान करती है उनके बारे में अपमानजनक शब्दों का उपयोग करना कांग्रेस की संस्कृति बन गई है। आज बहनों का हरतालिका तीज का पर्व है, उनका अपने परिवार के लिए किए जाने वाले त्याग के लिए जितना सम्मान किया जाए कम है। आज महिलाएं निर्जला उपवास रखकर पूजा-पाठ और भगवान की आराधना में लीन हैं। ऐसे समय में राहुल गांधी के कृपापात्र जीतू पटवारी का मातृशक्ति के खिलाफ अमर्यादित बयान बेहद निंदनीय है। पटवारी के बयान की जितने कड़े शब्दों में निंदा की जाए कम है। कांग्रेस के राष्ट्रीय नेता अपने कार्यकर्ताओं को कैसी शिक्षा देते हैं, यह जीतू पटवारी की भाषा से स्पष्ट हो रहा है। पटवारी के बयान से स्पष्ट है कि कांग्रेस और जीतू पटवारी के मन में बहनों के प्रति कोई सम्मान नहीं है। महिलाओं के खिलाफ अनर्गल बयान देना, आपत्तिजनक टिप्पणी करना कांग्रेस और जीतू पटवारी जैसे नेताओं की संस्कृति में है। कांग्रेस की महिला विरोधी सोच के लिए प्रदेश और प्रदेश की जनता कांग्रेस को कभी माफ नहीं करेगी।

कहा- मध्यप्रदेश में भाजपा के लिए लाड़ली होती है बहना

### कांग्रेस ने हमेशा महिलाओं का अपमान किया है: संपतिया



मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी के एमपी की महिलाओं के सबसे ज्यादा शराब पीने के बयान को लेकर विवाद खड़ा हो गया है। पटवारी द्वारा दिए गए बयान पर कांग्रेस को घेरते हुए भाजपा नेत्रियों ने इसे घोर निंदनीय बताया है। मप्र शासन की मंत्री संपतिया उइके ने कहा कि जीतू पटवारी का महिला विरोधी बयान अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है। कांग्रेस की संस्कृति हमेशा महिलाओं का अपमान करने की रही है। मध्यप्रदेश में भाजपा के लिए बहना लाड़ली होती हैं, वहीं कांग्रेस के लिए शराबी बहना होती है। जब कांग्रेस की सरकार आई थी, उस दौरान प्रदेश की बहनों के साथ कांग्रेस ने छलावा किया था। उन्होंने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव महिलाओं को सम्मान देकर मुख्यधारा से जोड़ने का काम कर रहे है, वहीं कांग्रेस पार्टी और जीतू पटवारी उनका अपमान कर रहे है।

### कांग्रेस की संस्कृति हमेशा महिला विरोधी: कृष्णा



मप्र शासन की मंत्री कृष्णा गौर ने कहा कि कांग्रेस और उसके अध्यक्ष जीतू पटवारी ने एक बार फिर अपना चाल, चरित्र और चेहरा उजागर कर दिया है। कांग्रेस की संस्कृति हमेशा से महिलाओं का अपमान करने की रही है। कांग्रेस की वरिष्ठ नेत्री सोनिया गांधी और प्रियंका गांधी स्वयं महिला हैं, क्या जीतू पटवारी के बयान से वह सहमत हैं। मध्यप्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जब तक महिलाओं से माफी नहीं मांगेंगे, उन्हें प्रदेश की बहनें कभी माफ नहीं करेंगी।

### भाजपा महिलाओं का सम्मान करती है, कांग्रेस अपमान: निर्मला



मंत्री निर्मला भूरिया ने कहा कि जीतू पटवारी का बयान बहुत ही शर्मनाक है। आज हरतालिका तीज हैं, बहनें निर्जला उपवास करती हैं, ऐसे समय में इस तरह का बयान देना प्रदेश की बहनों का अपमान है। भाजपा महिलाओं का सम्मान करती है और उनके सशक्तीकरण के लिए लगातार प्रयास कर रही है, वहीं कांग्रेस उनका लगातार अपमान कर रही है। मप्र में भाजपा सरकार के कार्यक्रम कन्यापूजन से शुरू होते रहे हैं। जबकि कांग्रेस में महिलाओं को कभी तंदूर में जलाया जाता है, तो कभी आत्महत्या करने पर विवश कर दिया जाता है।

### भारत की बेटी बर्दाश्त नहीं करेगी, बेटियों को बदनाम किया तो होगा मुंह काला: रामेश्वर

मध्यप्रदेश कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी के महिलाओं पर दिए बयान से राजनीति गरमा गई है। पटवारी ने कहा कि मप्र की महिलाएं सबसे अधिक शराब पीती हैं। उनके बयान पर प्रदेश सहित देशभर में विरोध हो रहा है। पटवारी के बयान पर भाजपा विधायक रामेश्वर शर्मा ने कहा कि जीतू पटवारी से मेरी हाथ जोड़कर प्रार्थना है कि मप्र की बहन बेटियों को बदनाम करने की कोशिश मत करो। पहले भी आप प्रदेश की बेटियों का अपमान कर चुके हैं। उनके बारे में भद्दी टिप्पणी कर चुके हैं। रामेश्वर ने कहा कि कल जीतू पटवारी राहुल गांधी से मुलाकात करके आए हैं, इसलिए उन्होंने मप्र के बहुत से संस्कार छोड़ दिए हैं। बेटियों को अगर आप नशे में डूबी हुई और दारु पीने वाली बोलोगे, तो भारत सहित मप्र की बेटी आपको बर्दाश्त नहीं करेगी। आपका और कांग्रेस का मुंह काला जरूर करेगी।



### कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष पटवारी माफी मांगें, अन्यथा सोनिया गांधी की सहमति समझी जाएगी: रीति



विधायक रीति पाठक ने कहा कि कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी ने हरतालिका तीज व्रत के दिन महिलाओं पर अपमानजनक टिप्पणी करके उनका घोर अपमान किया है। सोनिया गांधी जो परोक्ष व अपरोक्ष रूप से आज भी कांग्रेस को लीड करती हैं, क्या वे जीतू पटवारी के इस महिला विरोधी बयान से सहमत हैं। जीतू पटवारी अपने इस बयान के लिए प्रदेश की महिलाओं से सार्वजनिक माफी मांगें नही तो उनके इस कृत्य को सोनिया गांधी की मौन सहमति समझी जाएगी। इस निंदनीय बयान के लिए जीतू पटवारी को प्रदेश की बहनों से माफी मांगनी चाहिए।

### प्रदेश की बहनों पर अपनी कुंठा निकाल रहे हैं कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष: अर्चना



विधायक अर्चना चिटनीस ने कहा कि देश और प्रदेश में हरतालिका तीज का पर्व मनाया जा रहा है और कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी ने महिला विरोधी बयान देकर उन बहनों को आक्रोशित किया है। आज के दिन तो महिलाएं पानी भी नहीं पीतीं और जीतू पटवारी कह रहे हैं कि वो सबसे ज्यादा शराब पीतीं हैं। यह हमारे पूरे प्रदेश की बहन-बेटियों का अपमान है।

### जीतू का बयान बहनों की संस्कृति और संस्कारों का अपमान: कविता



भाजपा की प्रदेश महामंत्री कविता पाटीदार ने कहा कि हरतालिका तीज के पवित्र दिन कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी द्वारा दिया गया बयान बेहद निंदनीय है। बहनों का अपमान करना कांग्रेस की प्रवृत्ति रही है। जीतू पटवारी हमेशा यह कहते हैं कि मध्यप्रदेश में राहुल गांधी के इशारे पर कांग्रेस पार्टी काम करती है, तो क्या आज उनके द्वारा महिला विरोधी बयान भी राहुल गांधी के इशारे पर दिया गया है।

### महिला नहीं, कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष की मानसिकता नशे में डूबी: नेहा



भाजपा पदाधिकारी नेहा बग्गा ने कहा कि जब किसी नेता की सोच खोखली हो, तो वह महिलाओं को बदनाम करने के लिए झूठे आंकड़ों का सहारा लेता है। जीतू पटवारी का बयान महिलाओं के सम्मान की हत्या है। महिला नहीं, पटवारी कांग्रेस की मानसिकता नशे में डूबी है।

### जीतू अपने बयान के लिए माफी मांगें, नहीं तो विरोध करेंगीं बहनें: माया



भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष माया नारोलिया ने जीतू पटवारी के बयान की घोर निंदा करते हुए कहा कि उन्हें होश में रहकर बात करनी चाहिए। कांग्रेस के नेता आए दिन महिलाओं का अपमान कर रहे हैं। कांग्रेस नेताओं की अमर्यादित भाषा यह बताती है कि आपकी मानसिकता शुरू से महिला विरोधी रही है। अभी हाल ही में कांग्रेस के एक नेता ने लाड़ली बहनों को बोरी में बंद करने की बात कही थी। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी द्वारा अब प्रदेश की महिलाओं को शराबी बताया जा रहा है, जो कांग्रेस द्वारा लगातार किए जा रहे महिला अपमान की श्रृंखला में एक और कड़ी है। जीतू पटवारी अपने बयान के लिए माफी मांगें नहीं तो महिला मोर्चे की बहनें सड़कों पर उतरकर विरोध करेंगी।

रवींद्र भवन में आयोजित समारोह में मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने नव नियुक्त विद्युत कार्मिकों को प्रदान किए नियुक्ति-पत्र

# प्रदेश की बिजली कंपनियों में भरे जाएंगे 51 हजार से अधिक नए पद

विशेष प्रतिनिधि ⏭भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि बिजली कंपनियों के द्वारा एक हजार से अधिक युवाओं को नियुक्ति पत्र बांटे जा रहे हैं। प्रदेश की बिजली कंपनियों में 51 हजार से अधिक नए पद भरे जाएंगे। इससे बिजली कम्पनियों की स्थिति सुदृढ़ होगी। उन्होंने कहा कि गर्व का विषय है कि हम उद्योगों और किसानों सहित सभी प्रदेशवासियों की बिजली की मांग के साथ देश की बिजली की जरूरत को भी पूरा कर रहे हैं। अब योजना बनाई जा रही है कि वर्ष 2047 तक बिजली की कोई कमी नहीं होगी, प्रदेश ऊर्जा क्षेत्र में सरप्लस रहेगा।

प्रदेश में विद्युत उत्पादन के लिए सभी उपलब्ध संसाधनों का उपयोग किया जा रहा है। प्रदेश में पिछले 11 वर्षों में सौर ऊर्जा 30 प्रतिशत बढ़ी है। डॉ. यादव 6 विद्युत कंपनियों के नवनियुक्त 1060 कार्मिकों को नियुक्त-पत्र वितरण और अभिनंदन समारोह को रवीन्द्र भवन में संबोधित कर रहे थे।

### बीते 11 वर्ष में 30 फीसदी बढ़ी सौर ऊर्जा, सभी संसाधनों का हो रहा उपयोग



इस वर्ष किसानों को लगभग 20 हजार 267 करोड़ रुपए की दी जा रही है सब्सिडी

ऊर्जा मंत्री ने मुख्यमंत्री का पगड़ी पहना कर किया अभिनंदन

### मुख्यमंत्री ने गिनाई बिजली क्षेत्र की उपलब्धियां

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि किसान भाइयों को लगभग 20 हजार 267 करोड़ रुपए की सब्सिडी इस वर्ष दी जा रही है। एक करोड़ से अधिक परिवारों को बिजली विभाग ने 6445 करोड़ रुपए की सब्सिडी प्रदान की है। पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना को भी प्रोत्साहन दिया जा रहा है। सांची को प्रदेश की पहली सोलर सिटी बनाया गया है। राज्य के 32 लाख किसानों को सोलर पंप प्रदान किए जा रहे हैं। प्रदेश में उत्पादित क्लीन एनर्जी से बिजली, उद्योग का रूप ले रही है। प्रदेश के अन्य विभागों द्वारा अपनी स्वयं की बिजली बनाने की पहल लोक स्वास्थ्य विभाग ने आरंभ की है। इससे ऊर्जा विभाग की जिम्मेदारी बढ़ेगी तथा प्रबंधन के लिए दक्ष मानव संसाधन की आवश्यकता होगी।

### उपलब्धियों पर केंद्रित प्रदर्शनी का सीएम ने किया शुभारंभ

मुख्यमंत्री डॉ यादव ने इस अवसर पर विभिन्न बिजली कंपनियों की उपलब्धियों पर केंद्रित प्रदर्शनी का शुभारंभ कर अवलोकन किया। उन्होंने विद्युत कर्मचारी संगठनों के प्रतिनिधियों से भेंट भी की। कार्यक्रम में मध्यप्रदेश में ऊर्जा क्षेत्र पर केंद्रित एक लघु फिल्म का प्रदर्शन भी किया गया। ऊर्जा विभाग के अंतर्गत सभी बिजली कंपनियों के लिए 51 हजार से अधिक नियमित पद स्वीकृत करने पर ऊर्जा मंत्री ने मुख्यमंत्री डॉ. यादव का पगड़ी पहना कर तथा अंग वस्त्रम और प्रशस्ति-पत्र भेंट कर अभिनंदन किया। मुख्यमंत्री डॉ यादव के सम्मान में प्रशस्ति-पत्र का वाचन भी किया गया।

### बिजली कंपनियों को जीवनदान मिला: तोमर

ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने कहा कि बिजली कंपनियों में बड़ी संख्या में नियुक्ति देकर मुख्यमंत्री डॉ यादव ने बिजली कंपनियों को जीवनदान प्रदान किया है। उन्होंने कहा कि पहली बार इतनी बड़ी संख्या में नियमित पद स्वीकृत किए गए हैं। इसीलिए आज मुख्यमंत्री का अभिनंदन किया गया है। उन्होंने कहा कि ऊर्जा विभाग लगातार बिजली उपभोक्ताओं और किसानों के हित में कार्य कर रहा है। किसानों को अब कड़कड़ाती ठंडी रातों में सिंचाई नहीं करनी पड़ेगी। अब इन्हें सिंचाई के लिए दिन में बिजली उपलब्ध कराई जाएगी। उन्होंने अधोसंरचना सुधार के लिए राशि की जरूरत पर भी बल दिया।

# अब पीएचई भी लगाएगी 100 मेगावॉट सौर ऊर्जा एवं 60 मेगावॉट पवन ऊर्जा परियोजना, कैबिनेट ने दी मंजूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मप्र में अभी तक कैप्टिव मोड पर निजी क्षेत्रों में या नगरीय निकायों ने बिजली उत्पादन परियोजनाएं स्थापित की थी, किंतु अब लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग (पीएचई) भी अपनी बिजली परियोजना लगाने जा रही है। इससे पीएचई नल जल परियोजनाओं को अपनी खुद की बिजली से संचालित करेगी।

## नल जल परियोजनाओं को अपनी खुद की बिजली से संचालित कर सकेगा पीएचई

मप्र कैबिनेट ने मंगलवार को पीएचई की दो परियोजनाओं 100 मेगावाट सौर ऊर्जा एवं 60 मेगावाट पवन ऊर्जा परियोजना को मंजूरी दी है। कैबिनेट की बैठक मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में मंत्रालय में हुई। इसमें पीएचई के कैप्टिव मोड पर सौर ऊर्जा और पवन ऊर्जा परियोजना स्थापित करने का अनुमोदन किया गया। इस परियोजना में जल निगम की समूह ग्राम पेयजल प्रदाय योजनाओं के संचालन-संधारण व्यय को कम करने के लिए प्रदेश में सौर ऊर्जा परियोजना एवं पवन ऊर्जा परियोजना स्थापित किए जाने की स्वीकृति दी गई। कैबिनेट से मिली मंजूरी के अनुसार प्रदेश में 100 मेगावाट सौर उर्जा एवं 60 मेगावाट पवन उर्जा परियोजना कैप्टिव मोड पर स्थापित किए जाने, निविदा से प्राप्त दरों पर विद्युत क्रय किए जाने एवं उत्पादित विद्युत देयकों के भुगतान की सुनिश्चितता के लिए भुगतान सुरक्षा व्यवस्था के तहत 6 माह का रिवोल्विंग लेटर ऑफ क्रेडिट जारी किए जाने के लिए अनुमोदन दिया गया। मप्र जल निगम की ओर से 35 हजार से अधिक ग्रामों के 75 लाख परिवारों को पेयजल 60,786 करोड़ रुपए की लागत से 147 समूह ग्राम पेयजल प्रदाय योजनाओं का क्रियान्वयन किया जा रहा है। उक्त परियोजनाओं के लिये निजी भागीदारी के माध्यम से क्रियान्वयन किए जाने के लिए 24 मार्च 2025 को कैबिनेट ने सैद्धांतिक सहमति दी थी।

## क्राईम एंड क्रिमिनल ट्रेकिंग नेटवर्क एंड सिस्टम को मंजूरी

कैबिनेट ने प्रदेश में संचालित क्राईम एण्ड क्रिमिनल ट्रेकिंग नेटवर्क एण्ड सिस्टम (सीसीटीएनएस) प्रोजेक्ट के सतत क्रियान्वयन एवं संचालन के लिए 5 वर्षों (वर्ष 2021-22 से 2025-26) के लिए स्वीकृत लागत 102 करोड़ 88 लाख रूपये की योजना में ई-विवेचना ऐप के लिए 75 करोड़ रुपए से 25 हजार टैबलेट क्रय करने की स्वीकृति दी। इसमें संशोधित-विस्तारित (सीसीटीएनएस) योजना की कुल राशि 177 करोड़ 87 लाख 51 हजार रुपए की स्वीकृति प्रदान गई।

## 27% ओबीसी आरक्षण पर भाजपा कर रही है विश्वासघात : जीतू पटवारी

भोपाल। मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी और नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने मंगलवार को पीसीसी में संयुक्त पत्रकारवार्ता में भाजपा सरकार की नीतियों को उजागर किया। कांग्रेस सरकार ने कमलनाथ के नेतृत्व में अध्यादेश और कानून बनाकर 27% आरक्षण लागू किया था, लेकिन भाजपा ने 2021 में परिपत्र और 2022 में आदेश जारी कर नियुक्तियों को रोक दिया।

**मध्यप्रदेश पुलिस आवास एवं अधोसंरचना विकास निगम**
कार्यालय परियोजना यंत्री, भदभदा रोड, संभाग क्रमांक-02, भोपाल, Mobile No. : 9425601534
ई-मेल : bhopaldivision2@gmail.com
क्र.- मप्रपुआअविनि/784/पयं/भोपाल-02/तशा/2025
भोपाल, दिनांक : 25.08.2025

**प्रेस विज्ञप्ति**

पुलिस अधीक्षक कार्यालय (ग्रामीण) के नवीन भवन का निर्माण कार्य जिला-भोपाल (म.प्र.) के निर्माण कार्य हेतु निविदा क्रमांक-13/2025-26 (ऑनलाइन निविदा क्रमांक - MPPHCL/TENDER No. 2025_ MPPHC_ 447072_1) आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र **दिनांक 19.09.2025 समय 5.00 बजे तक** ऑनलाइन से खरीदे जा सकते हैं। विस्तृत निविदा सूचना एवं अन्य विवरण **Portal : https://mptenders.gov.in** पर देखे जा सकते हैं।
म.प्र. माध्यम/121722/2025 परियोजना यंत्री

# पेज एक का शेष...

## अविश्वास प्रस्ताव को ....

में संशोधन के प्रस्ताव पर मंथन करते रहे। सरकार अध्यक्षों का चुनाव भी प्रत्यक्ष प्रणाली से कराने पर विचार कर रही है। नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने पत्रकारों को बताया कि नगरपालिका और नगर परिषद अध्यक्षों के विरुद्ध अविश्वास प्रस्ताव लाने से रोकने राज्य सरकार अध्यादेश लाएगी। इसके जरिए अध्यक्षों को शिकायतों के आधार पर पद से हटाने से रोका जा सकेगा। दरअसल, कई नगरीय निकायों में पार्षदों ने अपने अध्यक्षों के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव दाखिल किया है। इसके तहत कई नगरीय निकायों में अध्यक्षों को हटाने के लिए तीन चौथाई पार्षदों ने कलेक्टरों को अविश्वास प्रस्ताव दिया है। इस पर विभागीय स्तर पर प्रक्रिया चल रही है। जबकि मप्र नगर पालिका अध्यक्ष संघ ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को पत्र लिखकर मांग की है कि अध्यक्षों के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाने की अवधि को तीन साल से बढ़ाकर पूरे पांच साल किया जाए। संघ का कहना है कि नियम में बदलाव कर अध्यक्षों के पूरे कार्यकाल तक उन्हें सुरक्षित रखा जाए।

**उज्जैन से इंदौर व पीथमपुर तक चलेगी मेट्रो:** कैबिनेट की बैठक में उज्जैन-इंदौर-पीथमपुर लाइन के प्रथम चरण में श्रीमहाकालेश्वर उज्जैन लवकुश चौराहा, इंदौर एवं द्वितीय चरण में लवकुश चौराहा से पीथमपुर, मेट्रो रेल परियोजना की डीपीआर बनाने के कार्य के लिए दिल्ली मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड को परामर्श शुल्क 9 लाख रुपए प्रति किमी की दर (जीएसटी के अनुसार) का अनुमोदन किया गया। इसमें जीएसटी अलग से देय होगा। बैठक में तय हुआ कि अभी डीपीआर बनेगी, इसके बाद कोशिश होगी कि उज्जैन में सिंहस्थ के पहले तक उज्जैन से इंदौर तक मेट्रो चल सके।

## यह किया गया है...

तक इस पर विभिन्न धाराओं में संशोधन का प्रस्ताव तैयार होता रहा। इसमें साफ किया गया है कि अब साढ़े चार वर्ष में भी अविश्वास प्रस्ताव नहीं लाया जा सकेगा। इसके बजाए यदि तीन चौथाई पार्षद कलेक्टर को किसी अध्यक्ष के खिलाफ लिखकर देते हैं तो कलेक्टर उसे शासन के पास भेजेगा। इसके बाद राज्य निर्वाचन आयोग स्तर से अधिसूचना खाली कुर्सी व भर्री कुर्सी की जारी की जाएगी। इस पर मतदान के बाद अध्यक्ष का चुनाव हो सकेगा। किंतु कैबिनेट की बैठक में इस पर कोई सहमति नहीं बनी। इसके बाद निर्णय हुआ कि फिलहाल अध्यादेश लाकर इसे रोका जाए।

## अध्यादेश लाने की ....

तीन-चौथाई पार्षद उसका समर्थन करें। इससे पहले यह सीमा दो-तिहाई बहुमत थी। अब 2022 में हुए चुनावों के बाद नगर पालिका और परिषद अध्यक्षों का तीन साल का कार्यकाल पूरा होने वाला है। ऐसे में अविश्वास प्रस्ताव लाने का रास्ता फिर से खुल गया है।

## सीएम ने कहा-...

कर अपनी छोटी मानसिकता को दर्शाया है। यही कांग्रेस का चाल-चरित्र है। उसने कभी महिलाओं का सम्मान नहीं किया। सीएम ने कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को माफी मांगने और पटवारी को पद से हटाने की मांग की है। मुख्यमंत्री ने पटवारी को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि लाडली बहनों को शराबी बताना दुर्भाग्यपूर्ण है। बहनों का यह अपमान मध्यप्रदेश बर्दाश्त नहीं करेगा। डॉ. यादव ने कहा कि उनके ही एक कांग्रेस नेता ने कहा था कि लाडली बहनों को बोरे में बंद कर देंगे। यह हरतालिका तीज है। तीज के त्योहार के दिन बहनों का अपमान हमारी सरकार बर्दाश्त नहीं करेगी।

## आज से भारतीय सामान...

डॉलर का निर्यात होता है। इसमें से 60 अरब डॉलर से अधिक का सामान अब 50% ड्यूटी के दायरे में आएगा। इसमें वस्त्र, रत्न-आभूषण, झींगा, कालीन और फ़र्नीचर शामिल हैं। केवल फार्मा, इलेक्ट्रॉनिक्स और पेट्रोलियम उत्पाद जैसे क्षेत्र शुल्क से बाहर रहेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पीएमओ में अमेरिकी टैरिफ पर लगभग 4 घंटे तक बड़ी बैठक की। यह बैठक शाम 4 बजे शुरू हुई और रात 8 बजे तक चली। पीएम मोदी के साथ बैठक इस बैठक में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल मौजूद थे। पीएमओ में हुई इस बैठक में कई मंत्रालयों के बड़े अधिकारी भी मौजूद थे। निर्यातक मांग कर रहे हैं कि सरकार दीर्घकालिक निर्यात रणनीति बनाए, जीएसटी रिफंड समय पर हो और विशेष आर्थिक क्षेत्र (सेज) क़ानून को आसान बनाया जाए। गौर हो कि अमेरिका की ओर से टैरिफ के ऐलान को आड़े हाथों लेते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कहा है दुनिया में आज आर्थिक स्वार्थ की राजनीति हो रही है। सब कोई अपना फायदा करने में लगा है। हम सब कुछ देख रहे हैं। सरकार लघु उद्यमियों, किसानों, पशु पालकों का अहित नहीं होने देगी। दबाव कितना ही क्यों न हो, हम झेलने की ताकत बढ़ाते जाएंगे। भारत अब पूरी तरह से स्वदेशी मंत्र अपनाएगा।

## ट्रंप ने चार बार किया फोन ...

के सामने झुकने से साफ तौर पर इंकार कर दिया है। इन सबके बीच ट्रंप ने बीते सप्ताह में कुल करीब चार बार पीएम मोदी को फोन कर उनसे बात करने की कोशिश की थी। लेकिन मोदी ने एक बार भी ट्रंप का फोन नहीं उठाया। जिससे दोनों के बीच तनाव बढ़ गया। हालांकि एफएजेड ने अपनी रिपोर्ट में ये नहीं बताया है कि कब यानी किस तारीख या समय पर अमेरिका के राष्ट्रपति ने पीएम मोदी को यह फोन कॉल की थीं। जर्मनी के समाचारपत्र की रिपोर्ट की हेडलाइन हालांकि बेहद आकर्षक है। जिसमें लिखा है 'ट्रंप कॉल करते हैं लेकिन मोदी जवाब नहीं देते (ट्रंप कॉल्स बट मोदी डज नॉट आंसर)'। इस मामले को लेकर हालांकि अभी तक भारत या अमेरिका की तरफ से कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया नहीं दी गई है।

## बांग्लादेश, मेक्सिको...

कटौती होने की आशंका है। जुलाई में ही कई कंपनियों ने टैक्स बढ़ने से पहले अतिरिक्त निर्यात भेज दिए। यही वजह रही कि अमेरिका को भारत का निर्यात जुलाई में 19.94% बढ़कर 8 अरब डॉलर पहुंच गया।

## छा सकता है लाखों...

झटका है। भारत मजदूर-आधारित बाजारों में अपनी पकड़ खो सकता है और लाखों रोजगार पर संकट मंडरा रहा है।

## लैंडस्लाइड की वजह...

श्राइन बोर्ड और सुरक्षा बलों ने राहत व बचाव कार्य शुरू कर दिया। ट्रैक पर मौजूद श्रद्धालुओं को सुरक्षित स्थानों पर शिफ्ट किया गया। स्थानीय प्रशासन और पुलिस के साथ-साथ एनडीआरएफ की टीम भी मौके पर अलर्ट मोड पर है। भूस्खलन की तस्वीरें भी सामने आई हैं, जिनमें ट्रैक पर फैला मलबा और चट्टानें साफ दिखाई दे रही हैं। श्रद्धालुओं की सुरक्षा को देखते हुए माता वैष्णो देवी यात्रा को अस्थायी तौर पर रोक दिया गया है। जो श्रद्धालु यात्रा पर हैं, उन्हें सुरक्षित स्थलों पर ठहराया गया है। जम्मू-कश्मीर के कई इलाकों में मोबाइल और इंटरनेट सेवा ठप है।

## कौन बनेगा नया...

दोनों के एक ही दिन दिल्ली जाने को लेकर मुख्य सचिव का एक्सटेंशन या नियुक्ति के कयास लगाए जा रहे हैं। मुख्य सचिव जैन कुल 11 महीने तक इस पद पर रहे। वे चाहते हैं कि कुछ समय और मिले, ताकि रूके पड़े व कुछ नए काम कर सकें। यही बात उन्होंने नई दिल्ली में डीओपीटी के अफसरों से भी कही है। हालांकि सूत्र बताते हैं कि हाईकमान उनके इस तर्क से सहमत नहीं है। ऐसे में सारा दारोमदार मुख्यमंत्री डॉ. यादव पर छोड़ा जा सकता है। बताते हैं कि यदि वे चाहेंगे तो एक्सटेंशन मिलेगा, और यदि नहीं चाहेंगे तो नया मुख्य सचिव पदस्थ होगा। नए मुख्य सचिव के पद पर एसीएस डॉ. राजेश राजौरा के साथ ही एसीएस अशोक बर्णवाल का नाम भी चर्चाओं में है। एक्सटेंशन नहीं मिलने की स्थिति में दोनों के बीच प्रबल दावेदारी मानी जा रही है।

## 25 लाख और...

बेटा व एक बेटी है। अन्नपूर्णा थाना टीआई अजय नायर के मुताबिक, मृतक भूपेंद्र पिता लक्ष्मी नारायण (निवासी भवानीपुर) ने देर रात जहर खा लिया, जिसके बाद सुबह हालत बिगड़ने पर निजी अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। परिजनों ने पुलिस को बताया कि विजयनगर इलाके में भूपेंद्र का शोशा क्लब चलता है। पिछले कई दिनों से इति तिवारी नाम की महिला उन्हें लगातार ब्लैकमेल कर रही थी। कभी रेप केस की धमकी, तो कभी बदनाम करने की धमकी देकर वह उनसे लाखों रुपए वसूल चुकी थी। परिजनों ने खुलासा किया कि इति तिवारी पहले इंदौर में रहती थी और महालक्ष्मी नगर स्थित अपनी बहन शिवांगी और जीजा के घर आना-जाना करती थी। बाद में नौकरी लगने के बाद वह मुंबई शिफ्ट हो गई, लेकिन वहां से भी उसने ब्लैकमेलिंग का खेल बंद नहीं किया। बताया गया कि इति तिवारी पहले भी भूपेंद्र रघुवंशी को रेप केस में फंसाने के नाम पर 23 लाख रुपए ऐंठ चुकी है। इतना ही नहीं, वह फ्लैट और कार की डिमांड भी कर रही थी। शराब पीकर गंदी गालियां देना और फोन पर धमकाना उसकी आदत बन चुकी थी। इंदौर में रहने पर वहां भूपेंद्र को मानसिक प्रताड़ना देती थी। फिलहाल मर्ग कायम कर जांच शुरू की गई है।

## कांग्रेस ने तब...

है। उसी में से अनेक राजनीतिक प्रवाह निकले। इतने सारे राजनीतिक दल निकले। उस राजनीतिक आंदोलन ने देश के लिए चरखा चलाना और जीना-मरना सिखाया। आजादी के बाद उस धारा को जैसा होना चाहिए था, वैसा होता तो आज का दृश्य कुछ अलग होता। लेकिन ऐसा हुआ नहीं। दोष देने की बात नहीं है, यह फैक्ट है।

## मध्यप्रदेश देश का....

किसानों ने टमाटर की खेती की। जो वर्ष 24-25 में बढ़कर 1 लाख 27 हजार 740 हेक्टेयर हो गया है, जो बाजार में टमाटर की मांग और प्रदेश के टमाटर की पहचान का ही परिणाम है। मप्र के टमाटर की महाराष्ट्र और छत्तीसगढ़ में बहुत मांग है। किसानों की मेहनत और सरकार की योजनाओं का परिणाम है कि टमाटर का उत्पादन सब्जियों में सर्वाधिक 28.92 मीट्रिक टन प्रति हेक्टेयर है। प्रदेश में उद्यानिकी फसलों की औसत उत्पादकता 15.02 मीट्रिक टन प्रति हेक्टेयर है। मप्र में उद्यानिकी फसलों का कुल रकबा 26 लाख 91 हजार हेक्टर में से प्रदेश में किसानों की ओर से 12 लाख 40 हजार हेक्टेयर में 245 लाख 98 मीट्रिक टन सब्जी का उत्पादन कर देश में तीसरे स्थान पर बना हुआ है।

## शांति चाहिए तो ...

भारत हमेशा शांति का पक्षधर रहा है और यह एक शांतिप्रिय राष्ट्र है। लेकिन किसी भ्रम में न रहें, हम शांतिवादी नहीं हो सकते। उन्होंने उद्धरण देते हुए कहा कि यदि आप शांति चाहते हैं, तो युद्ध के लिए तैयार रहें। उन्होंने 'युद्ध पर प्रौद्योगिकी का प्रभाव' विषय पर अपने विचार रखते हुए कहा कि भविष्य के युद्धक्षेत्र किसी सीमा को नहीं पहचानेंगे। इसलिए सभी सेनाओं को मिलकर त्वरित और निर्णायक प्रतिक्रिया देने की जरूरत है। उन्होंने एआई, साइबर और क्वांटम तकनीक को संयुक्त प्रशिक्षण के साथ जोड़ने पर बल दिया और कहा कि संयुक्त कौशल ही भारत के सैन्य परिवर्तन की नींव है।

**पश्चिम मध्य रेल**
शुद्धिपत्र सं. 35/2025
निविदा सं. 81255343A जिसके खुलने की तिथि 04/08/2025 थी, जो कि इस कार्यालय की निविदा नोटिस सं. EPS/84/2025 के तहत प्रकाशित की गई थी, इसमें निम्न संशोधन किए गए है Tender No. & Short Description - 812553434A, Description - Manufacture एंड सप्लाई ऑफ प्रि tensioned प्रि स्ट्रेस्ड कंक्रीट) PSC ) स्लीपर सेट **Tender Opening Date - From -** 29/08/2025, **To -** 09/09/2025 अद्यतन एंव पूर्ण जानकारी के लिए वेबसाइट https://www.ireps.gov.in देखें।
(हस्ता)
कृते प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबंधक, पमरे, जबलपुर
स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर

**M.P. MADHYA KSHETRA VIDYUT VITARAN CO. LTD.**
(Government of M.P. Undertaking)
Office of The General Manager (O&M) Circle, Narmadapuram, Phone No. : 07574- 255594
Fax No. : 07574-256180, E-mail ID : mpczgmhoshangabad@gmail.com
No. GM/O&M/Pur/3652 Narmadapuram, Dated : 26.08.2025

**NOTICE INVITING E-TENDERS (NIT-07)**

E-Tender are invited from the eligible bidders for carrying out the following works.

| Name of Works | App. Value of Tender (In Lakhs) including GST | EMD Fee Rs. | Tender Fee (Rs.) | Date of Sale of Tender Documents | Due date of Opening of Tender Documents |
|---|---|---|---|---|---|
| Empanelment of Agencies for Restoration of Distribution Infrastructure during Emergency in Narmadapuram Circle | 50 Lakh | 10000/- | (5900 with 18% GST) | 28.08.25, 18:30 Hrs. up to 11.09.25, 15.00 Hrs. | 12.09.25 at 15:30 Hrs. |

Interested bidders are required to visit **https://mptenders.gov.in** for necessary bidding details, qualifying requirements and terms & conditions and also on company's website **https://portal.mpcz.in** or the under signed office.
M.P. Madhyam/121731/2025 GM (O&M)

**कार्यालय नगर पालिक निगम, (यांत्रिक विभाग) भोपाल**
**निविदा आमंत्रण सूचना**

क्रमांक. 26/ यां.वि./ 2025 भोपाल, दिनांक 25/8/2025
निम्न कार्य हेतु म.प्र लोक निर्माण विभाग में पंजीकृत ठेकेदारो से ऑनलाईन निविदा आंमत्रित की जाती है। विस्तृत विवरण website https//www.mptenders gov in पर है।

| क्रमांक | निविदा क्रमांक | कार्य का संक्षिप्त विवरण | अनुमानित लागत (रू. में) | निविदा क्रय करने का अंतिम दिनांक | समय |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2025_UAD _446992_1 | repariring plaster painting flooring work providing and laying paver block at community hall at krishnapuram phase 1 ward 85 zone 19 | 16,90,843/- | 24-Sep-2025 | 05:30 PM |
| 2. | 2025_UAD _446978_1 | CONST. OF SHED AND CHABUTRA AT BARRAI VILLAGE NEAR AGANWADI KENDRA W-85, Z-19 | 13,54,339/- | 24-Sep-2025 | 05:30 PM |
| 3. | 2025_UAD _446921_1 | CONSTRUCTION OF SARVAJANIK MANCH NEAR GOURI SHANKAR PARK BARRAI WARD 85 ZONE 19 | 28,19,705/- | 24-Sep-2025 | 05:30 PM |
| 4. | 2025_UAD _446854_1 | CONST. OF COMMUNITY HALL (SANSKRITIK MANCH) NEAR BANJARI DASHARA MAIDAN. WARD -80, ZONE-18. | 24,93,657/- | 24-Sep-2025 | 05:30 PM |

नोट- संशोधन वेबसाईट पर ही देखे जा सकेंगे समाचार पत्रों में प्रकाशित नहीं होगे ।
कार्यपालन यंत्री (सिविल)
नगर निगम भोपाल
नि. क्र. 2323/025/026

**हरिभूमि क्लासीफाइड**
आवश्यकता है | खरीदना है | बेचना है | व्यापार | चिकित्सा | ज्योतिष | डिस्प्ले विज्ञापन
संपर्क सूत्र : 9407279644

**हरिभूमि भोपाल बाजार**
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें मो. 9407279644

प्लाट मात्र 3,55,000 हजार में आसान किश्तों पर
साईट:- 220 फिट रिंग रोड न्यू बायपास से लगी हुई
डायवर्सन एवं NOC एप्रूव्ड
आफिस इंडिया प्रोपर्टी करोंद भोपाल
मो. 7772079910

**Medical Help Line**
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें : मो.9407279644

नये दागों का आना तुरन्त बंद



**सफेद दाग गारंटेड इलाज**
Timing 10:30 am to 8:00 pm
Dr. Safi's HOMEOPATHIC CLINIC
कृपया फोन पर अपॉइंटमेंट लें।
M : 9425006131, 9827249409
5/4, संजय कॉम्पलेक्स माता मंदिर, टी.टी. नगर भोपाल | सौलत मंजिल पुरानी कजियात के सामने मोती मस्जिद भोपाल

**आवश्यकता**
नटराज पेन पेंसिल रबड़ के माध्यम से घर बैठे पैकिंग नौकरी की सुविधा भारत के हर क्षेत्र में दी जा रही है अगर आपको नौकरी की जरूरत है तो संपर्क करें:- 9202613238, 9229187457
R-03-09-2025

आकर्षक ऑफर, पैन पेंसिल कंपनी में घर बैठे काम करके शिक्षित, बेरोजगार,लड़के - लड़कियां, महिलाऐ - पुरुष पैकिंग (24500 से 62500) महीना कमाऐ, फन्ड + बोनस-9654778825..
R-26 to 29-09-2025

**आवश्यक सूचना**
पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (धन भेजने, लोन संबंधित, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित अथवा अनुबंध) से पहले अच्छी तरह जाँच पड़ताल कर लें। किसी भी उत्पाद या सेवायें के संबंध में किये किसी विज्ञापन दाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि की जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक संपादक और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाये किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।
- व्यावस्थापक

## राशिफल

**मेष** — धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जाने के योग बन रहे हैं। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भाइयों का साथ मिलेगा।

**वृष** — वाणी में मधुरता तो रहेगी, परन्तु मन परेशान रहेगा। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकते हैं।

**मिथुन** — शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। कारोबार में परिश्रम अधिक रहेगा, परन्तु लाभ में कुछ कमी आ सकती है। क्रोध पर नियंत्रण रखें।

**कर्क** — आत्मविश्वास में कमी आएगी। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। कुटुम्ब के बुजुर्ग के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा।

**सिंह** — सम्पत्ति में वृद्धि के योग बन रहे हैं। परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। मित्रों का सहयोग मिलेगा। किसी नए कारोबार की शुरुआत करेंगे।

**कन्या** — किसी पुराने मित्र से भेंट हो सकती है। सुस्वादु खानपान में रुचि बढ़ सकती है। कारोबार में परिश्रम अधिक रहेगा। संबंधों में निकटता आएगी।

**तुला** — मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। शैक्षिक एवं शोधादि कार्यों के लिए किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं।

**वृश्चिक** — शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। नौकरी में अफसरों का सहयोग तो मिलेगा, परन्तु कार्यक्षेत्र में वृद्धि हो सकती है।


**धनु** — आत्मविश्वास भी भरपूर रहेगा। घर-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्च बढ़ेंगे। वाणी पर नियंत्रण रखें।

**मकर** — व्यर्थ के क्रोध से बचें। लाभ में वृद्धि होगी। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है। सुखद समाचार मिलेगा।

**कुंभ** — मन अशान्त हो सकता है। संयत रहें। आलस्य भी बढ़ सकता है। सन्तान सुख में वृद्धि होगी। कारोबार में कुछ सुधार होगा।

**मीन** — परिवार की समस्या परेशान कर सकती है। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है। नौकरी में कोई नई जिम्मेदारी मिल सकती है।

## शब्द पहेली - 5970



**बाएँ से दाए-**
1. जानकारी-4
4. मांसाहार का उलट-4
8. 'जुम्मा चुम्मा दे दे' गीत वाली फिल्म-2
9. कायाकल्प-5
10. पिता के छोटे भाई-2
13. कहानी लिखने वाला-5
15. नाम रखना-5
17. बेवक्त, अकाल-5
20. प्रयास, कोशिश-5
23. टोंटी, नलका-2
24. कामदेव, पुष्कर-2,3
25. डर, भय-4
28. शोर-शराबा-4
29. बेवफा, व्यभिचारी-4

**ऊपर से नीचे**
2. बिंदु, बिंदी, शून्य-2
3. गोलाकार-3
4. सम्मिलित होना-3,2
5. घाटा, नुकसान-2
6. मूर्ख, बेवकूफ-4
7. बिना कारण, बेवजह-4
11. राजा की पत्नी-2
12. वहम, संदेह-2
14. दुर्घटना-3
16. खाना बनाने की जगह, किचन-3
17. एकाएक, सहसा-4
18. अलमस्त-2
19. कमल ककड़ी, कमल डंडी-3,2
20. आरामदायी-5
21. सम्मान-2
22. भलमानसता-4
26. सद, अच्छा-2
27. मृत्यु, प्रारब्ध, न्याय निर्णय-2

**शब्द पहेली -5969 का हल**



## सूडोकू नवताल - 5980

★★★★★ कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 4 | | | | 3 | |
| | | 6 | | 2 | | 4 | | |
| | | 8 | | | 5 | | | |
| | 3 | | | | | | 7 | |
| 7 | | | | 4 | | | | 9 |
| | 9 | | | | | | 5 | |
| | | | 2 | | | 1 | | |
| | | 1 | | 7 | | 6 | | |
| | 5 | | | | 3 | | | |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

MANGAL SENACHA, BANGALORE

**सूडोकू नवताल - 5979 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | 5 | 4 | 2 | 9 | 6 | 3 | 1 |
| 3 | 6 | 4 | 1 | 5 | 7 | 8 | 9 | 2 |
| 9 | 2 | 1 | 6 | 3 | 8 | 7 | 4 | 5 |
| 6 | 5 | 3 | 2 | 8 | 4 | 9 | 1 | 7 |
| 1 | 7 | 2 | 3 | 9 | 6 | 4 | 5 | 8 |
| 4 | 9 | 8 | 7 | 1 | 5 | 2 | 6 | 3 |
| 2 | 4 | 7 | 5 | 6 | 1 | 3 | 8 | 9 |
| 5 | 3 | 9 | 8 | 4 | 2 | 1 | 7 | 6 |
| 8 | 1 | 6 | 9 | 7 | 3 | 5 | 2 | 4 |

### एलन टैलेंटेक्स रजिस्ट्रेशन की अंतिम तिथि 30 सितंबर

# कैश प्राइज और एलन फीस में 90% तक स्कॉलरशिप पाने का मौका

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोटा

देश की बड़ी प्रतिभा प्रोत्साहन परीक्षाओं में शामिल एलन टैलेंटेक्स में आवेदन को लेकर देशभर के स्टूडेंट्स में उत्साह है। एलन फीस में 90 प्रतिशत तक स्कॉलरशिप और कैश प्राइज जीतने के लिए इस परीक्षा में हर विद्यार्थी शामिल होना चाहता है।

एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट के वाइस प्रेसिडेंट एवं टैलेंटेक्स के नेशनल हेड पंकज अग्रवाल ने बताया कि परीक्षा में शुरुआत से अब तक 18.25 लाख विद्यार्थी शामिल हो चुके हैं। कक्षा 5 से 10 तक के स्टूडेंट्स के लिए ऑनलाइन और ऑफ लाइन दोनों मोड में यह परीक्षा इस वर्ष 5 व 12 अक्टूबर को होगी। परीक्षा में आवेदन की अंतिम तिथि 30 सितम्बर है। टैलेंटेक्स में रजिस्ट्रेशन के साथ ही प्रैक्टिस के लिए स्टूडेंट्स को टेस्ट पेपर्स वेबसाइट पर उपलब्ध करवाए जाएंगे, जिससे वो टेस्ट के स्तर को समझते हुए तैयारी कर सकता है। परीक्षा का सिलेबस एनसीईआरटी का होगा। एग्जाम पैटर्न और सिलेबस की जानकारी वेबसाइट पर भी उपलब्ध है।



#### 2.50 करोड़ के कैश प्राइज तथा 250 करोड़ की दी जाएगी स्कॉलरशिप

अग्रवाल ने बताया कि टैलेंटेक्स में स्टूडेंट्स को नेशनल व स्टेट रैंक के साथ ही 2.50 करोड़ रुपए के कैश प्राइज तथा 250 करोड़ रुपए की स्कॉलरशिप दी जाएगी। परीक्षा में प्रदर्शन के आधार पर स्टूडेंट्स एलन क्लासरूम एवं डिजिटल कोर्सेज में एडमिशन पर 90 प्रतिशत तक स्कॉलरशिप प्राप्त कर सकते हैं।

#### स्टूडेंट्स को दोहरे फायदे के रूप में कॉम्पिटेटिव सक्सेस इंडेक्स दिया जाएगा

*यह परीक्षा स्टूडेंट्स को स्टूडेंट्स को एकेडमिक एक्सीलेंस का विश्लेषण करने में मदद करती है। टैलेंटेक्स में शामिल होने वाले स्टूडेंट्स को दोहरे फायदे के रूप में कॉम्पिटेटिव सक्सेस इंडेक्स दिया जाएगा। इस इंडेक्स के माध्यम से स्टूडेंट्स यह पता कर सकता है कि यदि वह जेईई, नीट, सीए व सीएस जैसी परीक्षाओं में शामिल होता तो उसकी क्या नेशनल रैंकिंग रहती।*

## सुजुकी भारत में अगले 5-6 सालों में 70 हजार करोड़ करेगी निवेश

**नई दिल्ली।** सुजुकी भारत में अगले 5-6 सालों में 70,000 करोड़ करेगी निवेश, ई -विटारा के लांच से नए सफर की शुरुआतग्लोबल सुजुकी के प्रेसिडेंट तोशीहिरो सुजुकी ने मंगलवार को ई-विटारा के लांच इवेंट में बताया कि गुजरात का प्लांट आने वाले समय में दुनिया के सबसे बड़े ऑटोमोबाइल मैन्युफैक्चरिंग हब में शामिल होगा।

यहां हर साल 10 लाख यूनिट बनाने की क्षमता होगी। सुजुकी के टॉप मैनेजमेंट के मुताबिक इस बड़े निवेश का मुख्य उद्देश्य भारत में प्रोडक्शन क्षमता को बढ़ाना, नए मॉडल लांच करना और कंपनी के मार्केट शेयर को मजबूत बनाए रखना है। सुजुकी पहले ही भारत में 1 लाख करोड़ रुपए से ज्यादा का निवेश कर चुकी है. कंपनी का दावा है कि इस निवेश से अब तक करीब 11 लाख डायरेक्ट जॉब्स पैदा हुई हैं।

### करोड़पति हुआ चेंबर, बचत खाते में 1 करोड़, 1 लाख 25 हजार से अधिक राशि जमा

# भोपाल चेंबर के कार्यकारिणी की हुई मासिक बैठक, चुनाव 15 दिसंबर के पश्चात होंगे

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

राजधानी व्यापारिक संस्थानों के प्रतिनिधियों और व्यापारियों की शीर्ष संस्था भोपाल चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज (बीसीसीआई)के चुनाव 15 दिसंबर 2025 के पश्चात होंगे। भोपाल चेंबर की वार्षिक साधारण सभा 20 सितंबर 2025 को सुबह 11 बजे, दिगंबर जैन मंदिर कोहेफिजा, भोपाल में आयोजित होगी।

यह निर्णय कोहेफिजा स्थित भोपाल चेंबर ऑफ कामर्स कार्यालय में हुई कार्यकारिणी की मासिक बैठक में सर्वसम्मति से लिया गया। मासिक बैठक की अध्यक्षता बीसीसीआई के अध्यक्ष और अपने कुशल कार्यप्रणाली एवं कर्तव्य निष्ठा का पालन कर सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन का अमलीजामा पहनने वाले डॉ. तेजकुलपाल सिंह पाली ने की। बैठक में सबसे पहले वित्तीय वर्ष 2024-25 का ऑडिट रिपोर्ट कोषाध्यक्ष कृष्णकुमार बांगड़ ने सदन के समक्ष प्रस्तुत किया और इस संबंध में विस्तार से चर्चा हुई। इसके साथ ही कोषाध्यक्ष ने बताया कि वर्तमान कार्यकाल में अध्यक्ष डॉ. तेजकुलपाल सिंह पाली के नेतृत्व में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर भोपाल चेंबर आर्थिक रूप से बहुत मजबूत स्थिति में खड़ा है।



#### गतिविधि शुल्क एवं नवीन सदस्य बनाने के लिए अंतिम तारीख में भी संशोधन

*भोपाल चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज सभी के सहयोग से करोड़पति हो गया है। एफडीआर एवं बचत खाते को 10185307 (एक करोड़ एक लाख पच्चासी हजार तीन सौ सात रुपए ) कुल राशि जमा है। बैठक में सर्वसम्मति से आगामी चुनाव को ध्यान में रखते हुए गतिविधि शुल्क एवं नवीन सदस्य बनाने के लिए अंतिम तारीख पर भी संशोधन किया गया। गतिविधि शुल्क एवं नवीन सदस्य बनाने के लिए चुनाव के तारीख की घोषणा होने तक के लिए बढ़ाया गया है। बैठक में उपाध्यक्ष, सुनील जैन 501, हरीश ज्ञानचंदानी, संजीव जैन, रोहित जैन, सुनील सिंघई, प्रदीप अग्रवाल, अजय देवनानी सहित अन्य लोग मौजूद रहें।*

### खबर संक्षेप

#### सीआरआई पंप्स को 320 करोड़ रु.का ऑर्डर मिला

**मुंबई।** सीआरआई सोलर को राज्य विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड (एमएसईडीसीएल) महाराष्ट्र द्वारा मैगेल त्याला सौर कृषि पंप योजना के तहत 320 करोड़ रुपये मूल्य के 3 एचपी, 5 एचपी और 7.5 एचपी क्षमता के 10,714 ऑफ-ग्रिड डीसी सौर फोटोवोल्टिक जल पंपिंग सिस्टम (एसपीडब्ल्यूपीएस) के डिजाइन, आपूर्ति, स्थापना और कमीशनिंग के लिए लेटर ऑफ एम्पैनलमेंट प्रदान किया गया है।

#### सेल्विन ने निवेश पर सहमति जताई

**अहमदाबाद।** सेल्विन ट्रेडर्स लिमिटेड ने स्ट्रेटेजिक इक्विटी लिंक्ड पार्टनरशिप बनाने के लिए अमेरिकी निगमित कोर्पोरेशन शिवम कॉन्ट्रैक्टिंग इंक. (एससीआई) के साथ एक एमओयू पर हस्ताक्षर किए हैं। इस एमओयू के तहत, एसटीएल ने संयुक्त राज्य अमेरिका में एससीई की चल रही और भविष्य की परियोजनाओं में भाग लेने के लिए 6 मिलियन अमेरिकी डॉलर (लगभग 52 करोड़ रुपए) तक का निवेश करने पर सैद्धांतिक रूप से सहमति व्यक्त की है।

#### ग्लोब ने 67.70 करोड़ का राजस्व हासिल किया

**नई दिल्ली।** ग्लोब सिविल प्रोजेक्ट्स लिमिटेड ने वित्त वर्ष 2026 की पहली तिमाही के लिए अपने अनऑडिटेड परिणामों की घोषणा की है। कंपनी ने कुल आय 65.50 करोड़ रुपए, एबिटडा 11.88 करोड़, पीएटी मार्जिन 7.72 फीसदी, कुल आय 67.70 करोड़रुपए प्राप्त किया। कंपनी के चेयरमैन वेद प्रकाश खुराना ने एकीकृत ईपीसी क्षमताओं के माध्यम से जिसमें सिविल, एमईपी, एचवीएसी, स्ट्रक्चरल सॉल्यूशंस शामिल हैं।

#### रियलिटी शो का हाई स्टेक्स प्रोमो लांच

**मुंबई।** अब रोजमर्रा की बोरियत को भूल जाइए, क्योंकि 6 सितंबर से आपकी स्क्रीन पर होने जा रहा है नॉन-स्टॉप मनोरंजन, ड्रामा और सरप्राइज का धमाका! एमेजॅन एमएक्स प्लेयर ने अपने ब्लॉकबस्टर मसाला रियलिटी शो राइज एंड फॉल का हाई-स्टेक्स प्रोमो लांच किया। जो एक अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सराहे गए कॉन्सेप्ट से प्रेरित है और उसे एक अनोखे भारतीय अंदाज में पेश किया गया है।

#### एक्टिव क्लोदिंग में शुद्ध लाभ की वृद्धि दर्ज

**मोहाली।** एक्टिव क्लोदिंग कंपनी लिमिटेड ने अपने असमयित वित्त वर्ष की पहली तिमाही वित्तीय परिणामों की घोषणा की है। कंपनी की कुल आय 64.46 करोड़, वर्ष-दर-वर्ष वृद्धि 38.54 फीसदी ईबीआईटीडीए 6.96 करोड़, वर्ष-दर-वर्ष वृद्धि 22.86 फीसदी शुद्ध लाभ 2.13 करोड़, वर्ष-दर-वर्ष वृद्धि 75.97 फीसदी, डायल्यूटेड ईपीएस 1.37, वर्ष-दर-वर्ष वृद्धि 75.64 फीसदी रही। कंपनी के प्रबंध निदेशक राजेश मेहरा ने कहाकि यह प्रदर्शन हमारे एकीकृत 'डिजाइन-टू-शेल्फ' मॉडल की ताकत को दर्शाता है।

### 3500 करोड़ रु. तक कारोबार पहुंचने का अनुमान

# गणेशोत्सव पर सोने के आभूषणों की बढ़ी मांग

वाणिज्य डेस्क ▶▶ भोपाल

अब गणेशोत्सव पर भी सोने के आभूषणों की मांग में तेजी देखने को मिलने रही है। इस पर्व में गणपति पर चढ़ाने के लिए 1500 करोड़ रुपए तक के आभूषण, पादुका, मोदक, मूसक की बिक्री होने की उम्मीद है। व्यापारियों का मानना है कि विसर्जन तक और दो हजार करोड़ रुपए की बिक्री हो सकती है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के अनुसार गणेशोत्सव पर मान्यता के लिए आभूषणों की मांग अधिक है। इसमें अलग-अलग डिजाइन और वजनों के आभूषण मांग है। मांग को देखते हुए हमें लगता है कि इस साल 125 टन सोने की बिक्री होगी।

#### किन- किन आभूषणों की हो रही मांग

*व्यापारियों के अनुसार पिछले साल भी बिक्री अच्छी रही थी, लेकिन इस साल ग्राहक काफी अलग-अलग मांग कर रहे हैं। इसमें गणपति के लिए सोने के हार, पादुका, चेन, कान की बाली, गणपति की मूर्ती और हनुमान की गदा सहित मूसक की खरीदारी हो रही है। हल्के वजन के सोने के मोदक और मूसक की मांग अधिक है।*

#### एक से 15 तोले के हारों की मांग

कारोबारी कहते हैं कि इस साल मान्यता पूरा होने के लिए गणेशोत्सव पर आभूषणों की मांग देखने को मिल रही है। इसमें 1 तोले से लेकर 15 तोले के हार, पादुका, 15 ग्राम से लेकर 25 ग्राम के सोने के मोदक और मूसक के फूल की खरीदारी हो रही है। व्यापारियों का कहना है कि गणपति पर दिवाली जैसी खरीदारी देखी जा रही है। सोने की कीमत वर्तमान में जीएसटी जोड़कर देखे तो एक लाख रुपए प्रति दस ग्राम पर है, जबकि चांदी कीमतें पहले ही लाख रुपए प्रति किलो पर चल रही हैं। पिछले दो से तीन वर्षों में यह चलन तेजी से बढ़ा है, जिसमें मान्यता के लिए आभूषण और अन्य चीजों की खरीदारी करते हैं।

### मूर्तियों से सजे बाजार, पूजन सामग्री की मांग

# गणेश उत्सव की तैयारियों से बाजार गुलजार

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

कल श्री गणेश चतुर्थी का पर्व है और बाजारों में रौनक बढ़ गई है। भक्त गणेश की मूर्तियों, पूजन सामग्री और सजावटी सामानों की खरीदी करने में जुटे हुए हैं। खास तौर पर मिट्टी की मूर्तियों की मांग बढ़ी है और लोग पूजा सामग्री जैसे धूप, फूल, फल, मोदक, दूर्वा, सिंदूर, जनेऊ और अन्य पारंपरिक वस्तुएँ खरीद रहे हैं। बाजाारों में पूरी पूजन सामग्री के तैयार डिब्बे और आकर्षक सजावटी पाट भी उपलब्ध हैं, जिनकी ग्राहकों द्वारा काफी मांग की जा रही है।

गौरतलब है कि गणेश उत्सव की तैयारियां पूरे शहर में जोर-शोर चल रही है। इस पर्व के लिए बाजार गणपति बप्पा की रंग-बिरंगी और इको-फ्रेंडली मूर्तियों से सजे हुएहैं। मूर्तिकारों ने मिट्टी और गोबर जैसी प्राकृतिक सामग्रियों से बनी मूर्तियों को उपलब्ध कराया है। वहीं भक्तों में सजावट और पूजा सामग्री की खरीदारी को लेकर उत्साह चरम पर है। बाजारों में गणेश चतुर्थी के लिए मूर्तियों की बिक्री शुरू है। मिट्टी की मूर्तियों की मांग इस बार प्लास्टर ऑफ पेरिस की मूर्तियों से ज्यादा है, क्योंकि ये पर्यावरण के लिए अनुकूल हैं और पानी में आसानी से घुल जाती हैं। इस बार शहरों में इको-फ्रेंडली गणपति की मूर्तियां खास आकर्षण का केंद्र हैं। मिट्टी और गोबर से बनी ये मूर्तियां न केवल पर्यावरण के लिए सुरक्षित हैं, बल्कि इनकी कीमत भी बाजार में बिकने वाली पीओपी मूर्तियों से थोड़ी ज्यादा है।



#### पिछले 5 साल में हुआ कारोबार में इजाफा

पिछले पांच सालों में गणेश उत्सव से जुड़े कारोबार में उल्लेखनीय वृद्धि देखी गई है। 2020 से 2025 तक मूर्तियों, सजावट सामग्री, झूमरों, और पूजा सामग्री के कारोबार में हर साल औसतन 8-12 फीसदी की वृद्धि दर्ज की गई है। शहरों में बड़े पंडालों और घरेलू पूजा के लिए मूर्तियों की मांग ने इस कारोबार को और बढ़ावा दिया है।

## सांसद ने साझा किए भोपाल विकास के रोडमैपः क्वांटम कैपिटल, हाईकोर्ट बेंच और यूनिक फ्लाईओवर

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

राजधानी भोपाल के सांसद आलोक शर्मा मंगलवार को 'कमाल का भोपाल' अभियान चला रहे मनोज मीक के कार्यालय पहुंचे और अभियान की अब तक की उपलब्धियों पर बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह पहल राजधानी की पहचान और भविष्य दोनों को नया आयाम दे रही है। सांसद ने अभियान की रिपोर्ट में शामिल शेष बिंदुओं के क्रियान्वयन की प्रगति की जानकारी ली तथा केन्द्र सरकार के साथ चल रहे प्रयासों को साझा किया।

#### हाईकोर्ट बेंच और पर्यावरण संवेदी फ्लाईओवर

सांसद आलोक शर्मा ने बताया कि कानून मंत्री से भोपाल में हाईकोर्ट की बेंच स्थापित करने अथवा इंदौर बेंच से जोड़ने पर सार्थक प्रगति हुई है। उन्होंने यह भी कहा कि बड़े तालाब के संरक्षण और सुगम यातायात हेतु तालाब के ऊपर से पर्यावरण संवेदी फ्लाईओवर के निर्माण पर केंद्रीय पर्यावरण और परिवहन मंत्रालय से महत्वपूर्ण चर्चा हुई है।



#### सितंबर में आईटी मिनिस्टर से मुलाकात

सांसद ने बताया कि उन्हें अगले महीने दिल्ली में इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी मिनिस्टर अश्विनी वैष्णव से मिलने का समय मिला है। इस दौरान 'कमाल का भोपाल' अभियान का प्रतिनिधिमंडल भोपाल को क्वांटम कम्प्यूट कैपिटल बनाने के लिए तैयार प्रस्ताव और स्मरण-पत्र सौंपेगा। साथ ही भेल की रिक्त भूमि के उपयोग और राज्य सरकार द्वारा इस दिशा में किए जा रहे कार्यों की प्रगति से भी अवगत कराया जाएगा। आलोक शर्मा ने 30 अगस्त को आयोजित होने वाले 'वन नेशन वन इलेक्शन' विमर्श में क्रेडाई की कार्यकारिणी को आमंत्रित किया तथा राजधानी के बुद्धिजीवियों को शामिल करने के सुझाव मांगे। इस अवसर पर विशाल भोजपाल मेला के संयोजक विकास वीरानी, सुनील यादव समेत बड़ी संख्या में कार्यकर्ता तथा स्पेस इन्क्यूबेशन सेंटर के एंटरप्रेन्योर्स मौजूद रहे। मनोज मीक ने सांसद को राजा भोज की नवशिल्पित प्रतिमा और उनके ग्रंथ भेंट किए।

### बिजनेस न्यूज

#### मिलेनियम ग्रुप में आयोजित हुआ मेगा जॉब फेयर



**भोपाल।** मिलेनियम ग्रुप ऑफ इंस्टीटूशंस में जिला रोजगार कार्यालय के संयुक्त तत्वाधान में मेगा जॉब फेयर आयोजित हुआ। त दिवस मिलेनियम ग्रुप ऑफ इंस्टीटूशंस भोपाल के नीलबड़ कैंपस में रोजगार मेले का आयोजन किया गया । इस जॉब फेयर को जिला रोजगार कार्यालय के साथ मिलकर आयोजित किया गया। एक दिवसीय जॉब फेयर मंजिल का उद्देश्य प्रदेश के सभी युवाओं को जानी मानी कंपनीज के साथ इंटरव्यू के सुनहरे अवसर प्रदान करवाना था। शहर और प्रदेश का विभिन्न कॉलेजेस के करीब 600 स्टूडेंट्स ने इस फेयर में शिरकत की। जिला रोजगार कार्यालय के कोऑर्डिनेटर प्रवीण राय ने बताया कि प्रदेश के छात्रों को निरंतर रोजगार के अवसर उपलब्ध करवाना उनकी प्राथमिकता रही है। 150 से ज्यादा स्टूडेंट्स को विभिन्न कम्पनीज द्वारा सेलेक्ट और शॉर्टलिस्ट किया गया।

#### एलएनसीटी यूनिवर्सिटी में संविधान हत्या दिवस पर स्पीच कॉम्पीटिशन



**भोपाल।** एलएनसीटी यूनिवर्सिटी में स्कूल ऑफ लीगल स्ट्डीज द्वारा संविधान हत्या दिवस पर स्पीच कॉम्पिटीशन का आयोजन किया गया। जिसमें कार्यक्रम की मुख्य अतिथि डॉ. ताई चौरसिया(डीन, फैकल्टी ऑफ़ लॉ, मानसरोवर ग्लोबल यूनिवर्सिटी तथा अध्यक्षता प्रो. मुकेश कुमार साहू डीन एंड डायरेक्टर, स्कूल ऑफ लीगल स्ट्डीज, एलएनसीटी यूनिवर्सिटी, ने की। प्रोग्राम में विद्यार्थियों ने स्पीच कॉम्पिटीशन के माध्यम से संविधान हत्या दिवस पर अपने विचार प्रस्तुत किए। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे प्रो.मुकेश कुमार साहू ने कहा कि आपातकाल 25 जून 1975 की तिथि स्याही से नहीं अपितु खून से संविधान हत्या दिवस के रूप में लिखी गई। आपातकाल न केवल संविधान के मूलढांचे पर हमला था बल्कि यह भारतीय लोकतंत्र की आत्म पर गहरा घाव था क्योंकि नगरिकों के मूल अधिकार मृतप्राय हो गए थे और विधि के शासन के स्थान पर लाठी का शासन स्थापित हुआ था। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि डॉ. ताई चौरसिया ने छात्रों को उद्बोधित करते हुए कहा कि अच्छे इंसान बने तथा मानवता का भाव रखते हुए संविधान की आत्मा की रक्षा करें। कार्यक्रम का संचालन विधि छात्रा सानिया सेथिया ने किया। कार्यक्रम के प्रभारी डॉ. ऋचा सिंह एवं रोहित शर्मा थे।

#### राधारमण समूह में बीटेक प्रथम वर्ष के छात्रों के लिए इंटर्नशिप कार्यक्रम

**भोपाल।** राधारमण इंजीनियरिंग कॉलेज एवं राधारमण इन्स्टीट्यूट आफ साइंस एंड टेक्नालॉजी द्वारा बी.टेक प्रथम वर्ष के छात्रों के लिए अनिवार्य इंटर्नशिप कार्यक्रम आयोजित किया। इस आयोजन का उद्देश्य छात्रों को नवीनतम टेक्नालॉजी से अवगत कराना था। डिकोड डेटा अकादमी के सहयोग से आयोजित इस कार्यक्रम में छात्रों को डेटा एनालिटिक्स, जनरेटिव एआई, मशीन लर्निंग व आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस जैसे अत्याधुनिक विषयों की जानकारी दी गई। इसके साथ ही उन्हें सौलर इंजीनियरिंग और इंटरनेट ऑफ थिंग्स जैसे भविष्य उन्मुख क्षेत्रों से भी परिचित कराया गया।



#### मानसरोवर ग्रुप में मनोविनायक का आगाज



**भोपाल ।** मानसरोवर ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन्स में मनोविनायक 2025 के आगाज के साथ ही दस दिवसीय भक्ति, आस्था और उल्लास का पर्व प्रारंभ होगा। गणेश चतुर्थी के पावन पर्व पर मानसरोवर के राजा भव्य स्वागत और विधि विधान पूजन के बाद सभी प्रांगणों में तैयार अपनी गद्दी पर शान से विराजेंगे। इस दौरान पीला कुर्ता और लाल साफा पहने विद्यार्थी स्वर्ण जयंती पार्क से चल समारोह निकालते हुए गणपति बप्पा का स्वागत फूल और गुलाल से करेंगे।

#### केनरा बैंक ने किया महावीर इंस्टीट्यूट द्वार पर मौन प्रदर्शन



**भोपाल।** केनरा बैंक द्वारा महावीर इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस, गांधी नगर, भोपाल के मुख्य द्वार के बाहर शांतिपूर्ण मौन प्रदर्शन आयोजित किया गया। यह संस्थान जैन सर्वोदया विद्या ज्ञानपीठ समिति द्वारा संचालित है, जिस पर केनरा बैंक का 112 करोड़ से अधिक की बकाया सार्वजनिक राशि लंबित है, जो वर्ष 2018 से एनपीए के अंतर्गत है। बैंक द्वारा संस्था से इस सार्वजनिक धन की वसूली एवं शीघ्र पुनर्भुगतान की मांग की गई। इस मौन प्रदर्शन का नेतृत्व प्रविण डी काबरा, महाप्रबंधक, सुबोध कुमार, उप महाप्रबंधक केनरा बैंक अंचल कार्यालय भोपाल एवं अन्य बैंक अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

#### आईईएस पब्लिक स्कूल के छात्र देश के टॉप इंस्टीट्यूट में चयनित



**भोपाल।** आईईएस पब्लिक स्कूल विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए निरंतर प्रयास करता है जिसके फल स्वरूप छात्रों ने इंटरनेशनल एवं नेशनल लेवल पर ख्याति प्राप्त की. आईईएस पब्लिक स्कूल द्वारा छात्रो को लिए राष्ट्रीय स्तर की शिक्षा, स्पोर्ट्स एवं कल्चरल एक्टिविटी के माध्यम से छात्रों को 360 डिग्री डेव्लपमेंट मिलता है। आईईएस पब्लिक स्कूल के 2025 में पासआउट होने वाले कई छात्रों को देश के कई प्रतिष्ठित संस्थानों में अपनी जगह बने जीनमें मैथ्स स्ट्रीम के शौर्य झावर ने बिट्स पिलानी में कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग से बीटेक में प्रवेश प्राप्त किया। शौर्य झावर को बिट्स पिलानी के साथ आईआईटी मुंबई, आईआईटी चेन्नई और आईआईटी रुड़की जैसे प्रतिष्ठित संस्थानों से भी प्रस्ताव मिले वही श्रेयांस अक्षित ने प्रतिष्ठित आईआईटी मुंबई में बीटेक, केमिकल इंजीनियरिंग में प्रवेश प्राप्त किया ।

#### साल्हेबाट गांव में शुरू हुई 'एसबीआई ग्राम सेवा' योजना

**भोपाल।** एसबीआई फाउंडेशन ने साल्हेबाट गाँव में 'ग्राम सेवा' परियोजना की शुरुआत की। यह परियोजना समर्थन सेंटर फॉर डेवलपमेंट सपोर्ट (एनजीओ) के सहयोग से चलाई जाएगी और इसका उद्देश्य गांवों का सामाजिक और आर्थिक विकास करना है। इस कार्यक्रम को एसबीआईकैप सिक्योरिटीज लिमिटेड ने सीएसआर फंड से सहयोग दिया है। इस अवसर पर कई नई सुविधाओं की शुरुआत हुई। जिसमें खलेमुरवेंड के उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में स्मार्ट क्लास, कंप्यूटर लैब, विज्ञान प्रयोगशाला और ओपन जिम, गांव में ग्राम सेवा केंद, जहां ऑनलाइन सेवाएं और जानकारी मिलेगी, महिलाओं के लिए सिलाई केन्द्र, किसानों के लिए मार्केट शेड, युवाओं के लिए शहीद गुंडाधुर युवा प्रशिक्षण केंद्र, जहां शारीरिक और शैक्षिक प्रशिक्षण शामिल है।

#### गोदरेज ने शुरू किया 'स्मॉल बाइट, बिग फाइट' अभियान

**भोपाल।** मध्य प्रदेश स्वास्थ्य विभाग ने 'स्मॉल बाइट, बिग फाइट' नाम से कला और साहित्य प्रतियोगिता शुरू की है, जिसका उद्देश्य बच्चों को मच्छरजनित रोगों के खिलाफ लड़ाई में शामिल करना है। यह प्रतियोगिता भारत की अग्रणी एफएमसीजी कंपनी गोदरेज कंज्यूमर प्रोडक्ट्स लिमिटेड के सहयोग से आयोजित की जा रही है। 2015 में राज्य सरकार ने जीसीपीएल और फैमिली हेल्थ इंडिया (एफएचआई) के सहयोग से ईएमबीईडी की शुरुआत की थी। यह अब भारत के सबसे सफल सार्वजनिक स्वास्थ्य कार्यक्रमों में से एक बन चुका है। पिछले दस वर्षों में मध्य प्रदेश में मलेरिया के मामलों में 98फीसदी तक की कमी आई है।

#### गोपाल स्नैक्स ने तीन नए उत्पाद लांच

**राजकोट।** गोपाल स्नैक्स लिमिटेड ने अपने पोर्टफोलियो का विस्तार करने और उपभोक्ताओं की बदलती पसंद को पूरा करने की रणनीति के तहत तीन नए उत्पाद लॉन्च किए हैं। ये तीन नए उत्पाद जीरा पापड़, हॉट व्हील्स और कटक मटक हॉट बुल पूरे भारत में उपलब्ध होंगे। गोपाल स्नैक्स के निदेशक और सीईओ राज हदवानी ने कहा कि गोपाल स्नैक्स में हमारा लक्ष्य उपभोक्ताओं की जरूरतों को पूरा करना है। हमारे नए उत्पाद स्नैकिंग के अनुभव को मजेदार बनाते हैं।

**कार्या. : रजिस्ट्रीकरण अधिकारी सहयोग साख सहकारी संस्था मर्यादित, भोपाल**

(पंजीयन क्रमांक / डी.आर./बी.पी.एल./151660, दिनांक 08.07.2025)

क्रमांक/निर्वा./2025/03 दिनांक: 26.08.2025

सूचना

संस्था के समस्त सम्माननीय सदस्यों को सूचित किया जाता है कि संस्था के संचालक मण्डल के सदस्यों का निर्वाचन साधारण सभा में सम्पन्न होना है। अतः संस्था की सदस्यता सूची का प्रकाशन संस्था के नोटिस बोर्ड, कार्यालय निर्वाचन प्राधिकारी, सतपुड़ा भवन, भोपाल, उपायुक्त सहकारिता, जिला-भोपाल, विकास खण्ड फंदा, भोपाल अपेक्स बैंक शाखा गुलमोहर, भोपाल के सूचना पटल पर दिनांक 26/08/2025 को किया गया है। यदि किसी भी सदस्य को इस पर कोई दावा या आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो दिनांक 26/08/2025 से दिनांक 02/09/2025 तक मुझे सप्रमाण लिखित में प्रस्तुत कर सकते हैं। आपत्तियों का निराकरण कार्यालय उपायुक्त सहकारिता, डी-ब्लाक पुराना सचिवालय, जिला भोपाल (म.प्र.) में दिनांक 03/09/2025 को दोपहर 12 बजे से किया जायेगा। सूचना संस्था के समस्त सदस्यों को व्यक्तिशः / स्पीड पोस्ट /साधारण डाक द्वारा पृथक से प्रेषित की गई है।-

**(लगा गिल)**
रजिस्ट्रीकरण अधिकारी सहयोग साख सहकारी संस्था मर्यादित, भोपाल

**कार्यालय कार्यपालन यंत्री तवा परियोजना संभाग इटारसी**

ई-मेल: exentawawrditarsi@gmail.com फोन नं. 07572-266134

शुद्धि पत्र

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है तवा कालोनी तवानगर स्थित शासकीय आवास कुल 55 भवनों को भूमिदौज किया जाना है जिसमें भूमिदौज करते हुये मलवे एवं स्क्रैप की नीलामी हेतु बोली विज्ञप्ति क्रं. जी-17193/25 के द्वारा दिनांक 27.08.2025 को समय दोपहर 12:00 निर्धारित की गई थी।

दिनांक 27.08.2025 को गणेश चतुर्थी का स्थानीय अवकाश होने के कारण नीलामी आगामी दिनांक 03.09.2025 समय 12:00 बजे निर्धारित स्थान पर ही की जावेगी। शेष शर्ते यथावत रहेगें।

(अंकित सर्राफ)
कार्यपालन यंत्री
तवा परियोजना संभाग इटारसी

जी - 17812/25 स्वच्छता ही सेवा

**म.प्र. जन अभियान परिषद्**

(योजना आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग, म.प्र. शासन)
राजीव गाँधी भवन द्वितीय खण्ड, 35 श्यामला हिल्स, भोपाल,
ईमेल socjap@mp.gov.in, दूरभाष: 0755-3511442

क्र. 2354/जअप/निविदा/2025 भोपाल, दिनांक 18/08/2025

प्रिंटिंग सेवाओं हेतु ई-निविदा आमंत्रण

म.प्र. जन अभियान परिषद् के भोपाल स्थित राज्य कार्यालय हेतु निम्न प्रिंटिंग सेवाओं के लिये पृथक-पृथक ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती है-

1. पाठ्य पुस्तक प्रिंटिंग कार्य।
2. प्रचार-प्रसार सामग्री का प्रिंटिंग कार्य।

प्रिंटिंग निविदाओं की सम्पूर्ण जानकारी वेबसाईट www.mptenders.gov.in पर उपलब्ध है।

(निदेशक सेल)
म.प्र. जन अभियान परिषद्

जी - 17798/25 स्वच्छता ही सेवा

**कार्यालय कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग (भ/स) संभाग हरदा**

निविदा सूचना

निविदा सूचना क्रमांक 13/च.ले.लि./2025-26, हरदा, दिनांक 25/08/2025

निम्नलिखित कार्यों हेतु निविदायें आमंत्रित की जाती है। उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाइट https://mpetenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेण्डर आई.डी. | जिला | कार्य का प्रकार | कार्य का नाम | आमंत्रण क्र. | ठेके की अनु राशि (रू.लाख में) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | 2025_PWDRB_446795_1 | हरदा | मरम्मत का कार्य। | संभाग हरदा के खिरकिया सेक्सन अंतर्गत पुल पुलिया. सीमेंट, कांकीट मार्ग एवं सोल्डर मरम्मत का कार्य। | प्रथम आमंत्रण | रू 19.98 लाख |
| 2 | 2025_PWDRB_446796_1 | हरदा | मरम्मत का कार्य। | संभाग हरदा के टिमरनी सेक्सन अंतर्गत पुल पुलिया. सीमेंट, कांकीट मार्ग एवं सोल्डर मरम्मत का कार्य। | प्रथम आमंत्रण | रू 19.99 लाख |
| 3 | 2025_PWDRB_446797_1 | हरदा | मरम्मत का कार्य। | संभाग हरदा के हरदा सेक्सन अंतर्गत पुल पुलिया. सीमेंट, कांकीट मार्ग एवं सोल्डर मरम्मत का कार्य। | प्रथम आमंत्रण | रू 19.99 लाख |

उपरोक्त निविदा वेबसाइट पर ऑनलाइन भुगतान करने के उपरान्त निविदा प्रपत्र (टेण्डर डाक्यूमेंट) बेवसाइट के माध्यम से कय किये जा सकते हैं। निविदा प्रपत्र क्रय करने की अंतिम दिनांक 08.09.2025 सायं 17.30 बजे निर्धारित है। विस्तृप्त एन.आई.टी. एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाइट में देखा जा सकता है। निविदा में होने वाले समस्त संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त वेबसाईट पर किया जायेगा। पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जायेगा।

कार्यपालन यंत्री
लोक निर्माण विभाग
भ/स संभाग हरदा

जी - 17814/25 स्वच्छता ही सेवा

## चिंतन

# ट्रंप के टैरिफ की काट है, स्वदेशी अपनाओ

देश पर जब भी कोई विपदा या परेशानी आई है तो पूरे देश ने मिलकर न केवल मुकाबला किया है बल्कि उस परेशानी का खात्मा करके ही दम लिया है। ऐसा ही समय एक बार फिर आया है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने पहले की गई घोषणा के अनुसार भारतीय सामानों पर अतिरिक्त 25 प्रतिशत शुल्क लगाने का एक ड्राफ्ट नोटिस जारी कर दिया है। भारत के खिलाफ ये टैरिफ 27 अगस्त यानी आज से लागू होंगे। आदेश में कहा कि बढ़ा हुआ शुल्क उन भारतीय प्रोडक्ट्स पर लागू होगा जिन्हें 27 अगस्त 2025 की रात 12 बजकर एक मिनट या उसके बाद उपभोग के लिए लाया गया है या गोदाम से निकाला गया है। ट्रंप के इरादों से साफ है कि वो भारत के खिलाफ सनक पाले हुए हैं। इसका सीधा असर यह होगा कि टैरिफ से ज्वेलरी, टेक्सटाइल, ऑटो, सी फूड इंडस्ट्रीज का मुनाफा घट सकता है। इससे 48.2 अरब डॉलर के निर्यात पर सीधा असर पड़ेगा। हालांकि आईटी, फार्मास्यूटिकल्स और इलेक्ट्रॉनिक इंडस्ट्री पर नहीं होगा। अभी इलेक्ट्रॉनिक्स को सेक्शन 232 के तहत छूट मिली है। जब तक इसकी घोषणा नहीं होती, तब तक अमेरिका को निर्यात पर कोई असर नहीं पड़ेगा। वहीं, फार्मा पर मौजूदा टैरिफ जीरो फीसदी है, लेकिन ट्रम्प ने 18 महीने में 150 प्रतिशत और बाद में 250 फीसदी टैरिफ की धमकी दी है। जब तक ये लागू नहीं होता, तब तक छूट मिलती रहेगी। ऐसा लंबे समय तक होता नजर नहीं आ रहा। जिस तरह से ट्रंप प्रशासन फैसले ले रहा है, उससे तो साफ है कि वे किसी भी समय कोई बड़ा फैसला ले सकते हैं। इसलिए जरूरी है कि हम इसके लिए तैयार रहें। वैसे भी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अमेरिका की तरफ भारतीय वस्तुओं पर 50 प्रतिशत शुल्क लगाने संबंधी नोटिफिकेशन के दो दिन पहले ही अपना रुख साफ कर दिया था। उन्होंने कहा था कि केंद्र सरकार किसानों, पशुपालकों और लघु उद्योगों के हितों से समझौता नहीं कर सकती। हम पर दबाव बढ़ सकता है, लेकिन हम इसे सहन कर लेंगे। इशारा साफ है कि भारत अमेरिका के आगे झुकने वाला नहीं है। अब प्रश्न उठता है कि विकल्प क्या है। सबसे पहले तो सरकार को अमेरिका पर निर्भरता कम करने के लिए यूरोप, रूस या अन्य देशों में व्यापार बढ़ाना होगा। इसके तहत भारत अब चीन, मिडिल ईस्ट और अफ्रीका के बाजारों पर फोकस करेगा। आइसलैंड, लिकटेंस्टीन, नॉर्वे और स्विट्जरलैंड के साथ भारत ट्रेड डील कर चुका है। ये एक अक्टूबर से लागू होगी। ब्रिटेन के साथ डील अगले साल अप्रैल से लागू हो सकती है। ओमान, चिली, पेरू, ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड और यूरोपीय संघ से बातचीत जारी है। भारत सीफूड के लिए रूस, यूके, यूरोपीय यूनियन, नॉर्वे, स्विट्जरलैंड और दक्षिण कोरिया पर फोकस कर रहा है। वहीं, हीरे और आभूषण के लिए वियतनाम, थाईलैंड, मलेशिया और अफ्रीका जैसे बाजारों की ओर रुख कर रहा है। सरकार इसके लिए अपनी तरफ से प्रयास कर रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने संबोधन में एक खास बात और भी कही है जो आपदा में अवसर होगी। स्वदेशी अपनाओ, इसी मंत्र से हम ट्रंप के टैरिफ को काट सकते हैं। टैरिफ का सबसे ज्यादा असर नौकरियों पर होगा। अगर हम स्वदेशी अपनाते हैं तो जितनी नौकरियां प्रभावित होंगी, उससे कहीं ज्यादा हम अपनी खपत बढ़ाकर रोजगार सजृन कर सकते हैं। अगर त्योहारों के सीजन में ही संकल्प कर लें कि केवल स्वदेशी सामान की खरीद करेंगे तो ट्रंप के इस टैरिफ का हम पर कोई खास असर नहीं होने वाला। जरूरी यही है कि हम हमेशा के लिए देश के लिए खड़े हों और स्वदेशी को अपनाएं।

# मोहन भागवत की अगुवाई में महामंथन



संघ शताब्दी वर्ष
अवधेश कुमार

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का शताब्दी वर्ष इस बार विजयादशमी यानी 2 अक्टूबर 2025 से आरंभ हो रहा है। पूरे 1 वर्ष तक संघ ने अपने विस्तार और सामाजिक आंदोलन की दृष्टि से अत्यंत सघन कार्यक्रम निर्धारित किए हैं। यह मानने में किसी को हिचक नहीं होगी कि सरसंघचालक मोहन भागवत का राजधानी दिल्ली में शताब्दी वर्ष का यह पहला कार्यक्रम अब तक के किसी भी संगठन के कार्यक्रमों से अलग ऐसे विषय, सोच और दिशा लिए हुए होगा जो लंबे समय तक चर्चा में तो रहेगा ही, भविष्य में संघ पर बात करने की दृष्टि से उद्धरण की भी भूमिका निभाएगा। साथ ही यह पूरे शताब्दी वर्ष के कार्यक्रमों की वैचारिक और क्रियात्मक आधारभूमि का पूर्वावलोकन भी होगा।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का शताब्दी वर्ष इस बार विजयादशमी यानी 2 अक्टूबर 2025 से आरंभ हो रहा है। पूरे 1 वर्ष तक संघ ने अपने विस्तार और सामाजिक आंदोलन की दृष्टि से अत्यंत सघन कार्यक्रम निर्धारित किए हैं। इन्हीं में से एक कार्यक्रम सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत का देश के चार प्रमुख शहरों राजधानी दिल्ली, कोलकाता, मुंबई और बेंगलुरु में सक्रिय नागरिकों के साथ संवाद है। यह कार्यक्रम दिल्ली के प्रगति भवन में 26, 27 और 28 अगस्त को होगा। कोई संगठन अपने शीर्ष नेता का कुछ घंटे का एक दिन का संबोधन या प्रश्नोत्तर या फिर पत्रकार वार्ता का कार्यक्रम रख रहा है। आम सोच यही होगी कि डॉ. भागवत संघ पर लगने वाले आरोपों पर विस्तार से बात रखेंगे तथा अपनी उपलब्धियों का बखान करेंगे। अभी तक संघ के कारण प्रणाली में ऐसा कभी नजर नहीं आया कि संघ का चरित्र अन्य संगठनों की तरह लगने वाले आरोपों का त्वरित या किसी स्तर पर पत्रकार वार्ता आदि बुलाकर खंडन करना और आत्म प्रचार का हो। जब यह अभी तक संघ की कार्यप्रणाली में रहा ही नहीं तो शताब्दी वर्ष पर सरसंघचालक का राजधानी दिल्ली के इतने महत्वपूर्ण कार्यक्रम का उपयोग वे इसमें करेंगे, ऐसी कल्पना निरर्थक है। तो फिर? स्वाभाविक ही तीन दिनों तक लगातार लोगों के सामने संघ की 100 वर्ष की यात्रा, वर्तमान भारत एवं विश्व की स्थिति , उत्पन्न प्रश्न एवं चुनौतियां, उन पर संघ का मत एवं उपस्थित समूह के द्वारा पूछे गए प्रश्नों के उत्तर आदि शामिल होंगे। हां उपस्थित श्रोताओं द्वारा पूछे गए प्रश्नों के उत्तर में शेष बातें आएंगी।

राजधानी दिल्ली के इस कार्यक्रम की ओर निश्चित रूप से संघ के स्वयंसेवकों व समर्थकों के अलावा देश भर के विरोधियों की भी दृष्टि होगी। शताब्दी वर्ष की दृष्टि से संघ का संगठन के बाहर देश के समक्ष शीर्षतम नेतृत्व द्वारा अपनी बात रखने का यह पहला कार्यक्रम होगा। निश्चित रूप से इसकी तैयारी भी उसी अनुसार दिखाई दी है। संघ के विरोधी भी यह मानते हैं कि उनका कार्यक्रम सुव्यवस्थित, सुलक्षित होता है। निष्पक्ष दृष्टि रखने वाले मानेंगे कि डॉ. भागवत का यह कार्यक्रम ऐसा होगा कि दूसरे संगठन भी इससे अपने महत्वपूर्ण अवसरों का उपयोग करने का तौर-तरीका सीखकर आगे अपनाते हुए दिख सकते हैं। सच कहा जाए तो यह देश के समक्ष केवल संघ को अपनी बात रखने का एक महत्वपूर्ण और बड़ा अवसर नहीं है, देश के लिए भी संघ को जानने समझने का अब तक का सबसे प्रामाणिक आयोजन है। हालांकि 2018 में भी मोहन भागवत ने इसी भवन में संवाद किया था और उसका भी असर हुआ। शताब्दी वर्ष की तैयारी को देखते हुए यह अभी तक का संघ की दृष्टि से सबसे अलग होगा। पिछले 23 मार्च को बेंगलुरु में आयोजित प्रतिनिधि सभा के समापन पर पत्रकारों से बातचीत करते हुए संघ के सरकार्यवाह दत्तात्रेय दत्तात्रेय होसबोले ने कहा था कि संघ शताब्दी वर्ष का उत्सव नहीं मनाएगा बल्कि इसकी जगह हमने इस वर्ष के लिए तीन बिंदु सुनिश्चित किए हैं। एक, आत्मचिंतन करना, दो, संघ कार्य के लिए समाज द्वारा दिए समर्थन के लिए आभार प्रकट करना तथा तीन, राष्ट्र के लिए तथा समाज को संगठित करने के लिए स्वयं को पुनः समर्पित करना है। उन्होंने कहा कि शताब्दी वर्ष में हम अधिक सावधानी,



गुणवत्ता तथा व्यापकता से कार्य करने का संकल्प लेते हैं। स्वाभाविक ही जीवंत सक्रिय संगठन 100 वर्ष की अपनी यात्रा पर आत्मचिंतन करेगा। आत्मचिंतन व्यापक आयाम वाला विषय है। आत्मचिंतन यानि हम जिन उद्देश्यों के लिए जिन परिस्थितियों में जिस तरह उत्पन्न हुए अभी तक अपने लक्ष्यों की दृष्टि से जो कुछ किया क्या वह संतोषजनक है, कुछ कमियां है तो उन्हें कैसे दूर करेंगे, वर्तमान काल और परिस्थिति में हमें और क्या करना है आदि आदि। पिछले दिनों एक साक्षात्कार में मोहन भागवत ने कहा था कि 'डॉक्टर साहब, श्री गुरूजी या बाळासाहब के विचार सनातन परम्परा या संस्कृति से अलग नहीं हैं। प्रगाढ़ चिंतन व कार्यकर्ताओं के प्रत्यक्ष प्रयोगों के अनुभव से संघ की पद्धति पक्की हुई और चल रही है। पहले से ही उसमें पोथी निष्ठा, व्यक्ति निष्ठा व अंधानुकरण की कोई जगह नहीं है। हम तत्वप्रधान हैं। महापुरुषों के गुणों का, उनकी बताई दिशा का अनुसरण करना है, परन्तु हर देश-काल-परिस्थिति में अपना मार्ग स्वयं बनाकर चलना है। इसलिए नित्यानित्य विवेक होना चाहिए। सरसंघचालक का वक्तव्य संघ के लिए दिशाबोधक है। अगर वे पूर्व सरसंघचालक को उद्धत करते हुए कहते हैं कि मूल विचार को छोड़कर सब कुछ बदला जा सकता है तो इसे ही स्वीकार किया जाना चाहिए। पिछले 21 मार्च को अरुण कुमार ने पत्रकार वार्ता में कहा कि संघ एक संगठन नहीं बल्कि समाज परिवर्तन का बड़ा आंदोलन है। शताब्दी वर्ष में इसी को केंद्र में रखकर कार्यक्रम तय किए गए होंगे। जैसा पिछले काफी समय से पत्रकार वार्ताओं में संघ की ओर से बताया जा रहा है कि आगामी समय में सामाजिक परिवर्तन के पांच आयामों पर अपने कार्य को अधिक केन्द्रित करेगा । इन पांच आयामों में सामाजिक समरसता, परिवार प्रबोधन, पर्यावरण संरक्षण, स्वदेशी आचरण, नागरिक कर्तव्य सम्मिलित हैं। इस विषय में श्री होसबाले ने कहा था कि समाज में विभेद के विरुद्ध विमर्श खड़ा करना तथा समरसता के लिए निरंतर प्रयास करना इस कार्ययोजना का लक्ष्य है। अस्पृश्यता समाज के लिए पाप और कलंक है तथा संघ इसे मिटाने के लिए प्रतिबद्ध है। सात जुलाई को नई दिल्ली में आयोजित प्रांत प्रचारक बैठक में अखिल भारतीय प्रचार प्रमुख सुनील आंबेडकर के वक्तव्य की कुछ पंक्तियां इन्हें ज्यादा स्पष्ट करतीं हैं ' शताब्दी वर्ष के सारे कार्यक्रमों का उद्देश्य व्यापक आउटरीच है, भौगोलिक, सामाजिक दृष्टि से समाज के सभी लोगों तक जाना और सभी कार्यों में उनकी सहभागिता हो। यह अभियान एक तरह से सर्वसमावेशी, सर्वस्पर्शी होगा। देश आगे बढ़ रहा है, आर्थिक व तकनीकी प्रगति कर रहा है। केवल आर्थिक या तकनीकी दृष्टि से आगे बढ़ना पर्याप्त नहीं है। हमारे समाज की विशेषताएं, राष्ट्र के अपने विशेष गुणों के साथ ही समाज के सभी लोगों की चिंता करना, पर्यावरण की चिंता करना, परिवार में जीवन मूल्यों की रक्षा करना, सामाजिक जीवन में आपसी सद्भाव बना रहे, पंच परिवर्तन के इन विषयों शताब्दी वर्ष के सारे कार्यक्रमों के माध्यम से समाज में ले जाएंगे। शताब्दी वर्ष के सारे कार्यक्रम इन्हीं उद्देश्यों पर केंद्रित हैं इसलिए मोहन भागवत भी निश्चित रूप से इन बातों पर प्रबुद्ध समूह के बीच विस्तार से अपना मत रखेंगे। यह मानने में किसी को हिचक नहीं होगी कि सरसंघचालक मोहन भागवत का राजधानी में शताब्दी वर्ष का यह पहला कार्यक्रम अब तक के किसी भी संगठन के कार्यक्रमों से अलग ऐसे विषय, सोच और दिशा लिए हुए होगा जो लंबे समय तक चर्चा में तो रहेगा ही भविष्य में संघ पर बात करने की दृष्टि से उद्धरण की भी भूमिका निभाएगा। साथ ही यह पूरे शताब्दी वर्ष के कार्यक्रमों की वैचारिक और क्रियात्मक आधारभूमि का पूर्वावलोकन भी होगा।

( लेखक वरिष्ठ स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।
लेख पर अपनी प्रतिक्रिया edit@haribhoomi.com पर दे सकते हैं।

## गणेश चतुर्थी

बाल मुकुन्द ओझा



# पंच देवताओं में अग्रगण्य हैं भगवान गणेशजी

भारत त्योहारों का देश है। त्योहार देश की सामाजिक, सांस्कृतिक और धार्मिक बुनियाद को मजबूत बनाने और समाज को जोड़ने का काम करते हैं। त्योहार जीवन में खुशियां लेकर आते हैं। गणेश चतुर्थी का त्योहार हमारे देश में बड़े ही धूमधाम और पूजा पाठ से मनाया जाता है। प्रत्येक घर और व्यापारिक संस्थान में तब तक कोई शुभ काम पूरा नहीं माना जाता, जब तक वहां भगवान गणेश की पूजा न हो। इसके पीछे मान्यता है कि किसी भी शुभ कार्य की शुरुआत इस दिन करने से फल अच्छा मिलता है। इस दिन गणेश जी की पूजा करने से घर में सुख, समृद्धि और संपन्नता आती है। कई लोग व्रत रखते हैं। व्रत रखने से भगवान गणेश खुश होते हैं और श्रद्धालुओं की मनोकामनाएं पूरी होती हैं।

यह दिन भगवान गणेश की पूजा, आदर और सम्मान करने के लिए मनाया जाता है। भगवान गणेश के जन्मोत्सव को गणेश चतुर्थी के रूप में जाना जाता है। देश के सर्वाधिक लोकप्रिय त्योहारों में गणेश चतुर्थी एक है। गणेश चतुर्थी का त्योहार हर साल भाद्रपद माह के शुक्ल पक्ष की चतुर्थी तिथि से शुरू होकर 10 दिन बाद अनंत चतुर्दशी के दिन बप्पा के मूर्ति विसर्जन के बाद समाप्त होता है। अंग्रेजी तिथि के हिसाब से गणेश उत्सव इस साल 27 अगस्त, बुधवार से शुरू होकर विसर्जन 6 सितंबर को होगा। पंचांग के अनुसार इस साल भगवान श्री गणेश की मध्यान्ह पूजा का शुभ मुहूर्त 27 अगस्त 2027, बुधवार के दिन रहेगा। इस दिन गणेश भक्त सुबह 11 बजकर 5 मिनट से लेकर दोपहर एक बजकर 40 मिनट के बीच श्री गणेश जी की पूजा कर सकेंगे। इस प्रकार गणपति के भक्तों को उनकी पूजा करने के लिए लगभग ढाई घंटे मिलेंगे। भारतीय जनजीवन में गणेशजी का अद्वितीय स्थान है। पंच देवताओं में वे अग्रगण्य हैं। प्रत्येक उत्सव, समारोह अथवा अनुष्ठान का आरंभ उन्हीं की पूजा-अर्चना से होता है। वे विद्या और बुद्धि के देवता हैं। इसके साथ ही वे विघ्न-विनाशक भी हैं। भगवान गणेश का अवतार ज्ञान, समृद्धि और सौभाग्य के रूप में हुआ है। इस कारण हमारे देश में किसी भी अच्छे काम की शुरुआत से पहले भगवान गणेश का आह्वान एक आम बात है। साथ ही इस त्योहार से हम अपने जीवन में शांति, समृद्धि और सद्भाव ला सकते है। पंचदेवों में से एक भगवान गणेश सर्वदा ही अग्रपूजा के अधिकारी हैं और उनके पूजन से सभी प्रकार के कष्टों से मुक्ति मिलती है। श्रीगणेश के स्वतंत्र मंदिर कम ही जगहों पर देखने को मिलते हैं परंतु सभी मंदिरों, घरों, दुकानों आदि में भगवान गणेश विराजमान रहते हैं।



इन जगहों पर भगवान गणेश की प्रतिमा, चित्रपट या अन्य कोई प्रतीक अवश्य रखा मिलेगा, लेकिन कई स्थानों पर भगवान गणेश की स्वतंत्र मंदिर भी स्थापित है और उसकी महता भी अधिक बतायी जाती है। भारत ही नहीं, भारत के बाहर भी भगवान गणेश हैं। पौराणिक मान्यताओं के मुताबिक एक बार मां पार्वती ने स्नान करने से पूर्व अपनी मैल से एक सुंदर बालक को उत्पन्न किया और उसका नाम गणेश रखा। फिर उसे अपना द्वारपाल बनाकर दरवाजे पर पहरा देने का आदेश देकर स्नान करने चली गई। थोड़ी देर बाद भगवान शिव आए और द्वार के अन्दर प्रवेश करना चाहा तो गणेश ने उन्हें अन्दर जाने से रोक दिया। इस पर भगवान शिव क्रोधित हो गए और अपने त्रिशूल से गणेश के सिर को काट दिया और द्वार के अन्दर चले गए। जब मां पार्वती ने पुत्र गणेश जी का कटा हुआ सिर देखा तो अत्यंत क्रोधित हो गई। तब ब्रह्मा, विष्णु सहित सभी देवताओं ने उनकी स्तुति कर उनको शांत किया और भोलेनाथ से बालक गणेश को जिंदा करने का अनुरोध किया। उनके अनुरोध को स्वीकारते हुए एक गज के कटे हुए मस्तक को श्री गणेश के धड़ से जोड़ कर उन्हें पुनर्जीवित कर दिया। पार्वती जी हर्षातिरेक होकर पुत्र गणेश को हृदय से लगा लेती हैं तथा उन्हें सभी देवताओं में अग्रणी होने का आशीर्वाद देती हैं। ब्रह्मा, विष्णु, महेश उस बालक को सर्वाध्यक्ष घोषित करके अग्रपूज्य होने का वरदान देते हैं।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)


# कथनी और करनी में न हो कोई अंतर



संकलित
**दर्शन**

सभी के हित का ध्यान रखते हुए मनसा, वाचा, कर्मणा अपने दायित्वों का सम्यक रूप से निर्वाह करना कर्त्तव्य है। कर्त्तव्य का पालन यदि समुचित रूप से किया जाता है तो जीवन पूर्णतः गौरवान्वित बनता है। जो कर्त्तव्यनिष्ठ है। वह अपने करणीय कर्म के प्रति पूरी तरह से समर्पित होता है। वह परमार्थ पोषक एवं प्रामाणिक होता है। वह जैसा रहता है, वैसा ही करता भी है। ऐसी कथनी-करनी की एकरूपता से वह समाज में श्रेष्ठ उदाहरण प्रस्तुत करता है और प्रत्येक उससे प्रेरणाएं ग्रहण करता है। कर्त्तव्य परिपालन की बात करना और कर्त्तव्य परिपालन के नाम पर शोर-शराबा मचाना अलग बात है और कर्त्तव्यों के क्षेत्र में बिना किसी शोर-शराबे के समर्पित हो जाना अलग बात है। आज हम देखते हैं कि कर्त्तव्यों के परिपालन के लिए अक्सर लम्बे-चौड़े उपदेश दिये जाते हैं, पर जब कर्तव्य निर्वाह का अवसर आता है तो व्यक्ति दायें-बायें देखने लगता है। कटु सत्य तो यह है कि आज कर्त्तव्यों की चर्चा करने वाले लाखों हैं, पर कर्त्तव्यों के पावन पथ पर गतिशील होने वाले विरले ही हैं। कई बार मुझे चिंतन के क्षणों में लगता है कि आज व्यक्ति कर्त्तव्यों से विमुख हो गया है। इस विमुखता के कारण प्रत्येक क्षेत्र में अराजकता और अशांति का विस्तार हुआ है। कर्त्तव्यों के पावन क्षेत्र से भटककर कोई व्यक्ति कभी भी शांति का अहसास नहीं कर सकता। जीवन का गौरव और उसकी सार्थकता कर्त्तव्य पालन में ही है। कर्त्तव्यनिष्ठ व्यक्ति गुलाब का फूल है, वह कांटों में मुस्कराता है। *-कांतिलाल मांडोत*

# मैं समुद्र के जल को समाप्त कर दूंगी



संकलित
**प्रेरणा**

अगस्त्य नाम के ऋषि थे वे समुद्र के किनारे कठोर व्रत कर रहे थे, वहां से कुछ दूरी पर एक पक्षी अपने अंडों को से रहा था। उसी समय समुद्र में तूफान सी लहरे उठने लगी पानी चढ़ने लगा और पानी अपने साथ अंडो को बहा ले गया, पक्षी बहुत दुःखी हुआ और उसने प्रतिज्ञा की कि मैं समुद्र के जल को समाप्त कर दूंगी और अपने चोंच में सागर के जल को भर भर कर फेंकने लगी ऐसा करते करते उसे काफी समय बित गया समुद्र का जल घटा ही नही। वह दुःखी मन से अगस्त्य मुनि के पास गई और अपनी व्यथा सुना समुद्र को सुखाने की प्रार्थना की। अगस्त्य मुनि ने ध्यान से पक्षी की व्यथा सुनी और चिंता व्यक्त की। ऋषि विचार करने लगे की मैं कैसे इस पक्षी की सहायता कर सकता हूं। उन्हें चिंता होने लगी की मैं कैसे समुद्र के जल को पी कर सुखा सकूंगा। विचार करते हुए अगस्त्य मुनि ने गणेश जी का स्मरण किया और संकट चतुर्थी व्रत को पूरा किया। तीन मास व्रत करने से गणेश जी प्रसन्न हो गए। गणेशजी ने मुनि का मार्ग प्रशस्त किया चौथ व्रत की कृपा से अगस्त्य मुनि ने प्रेम से समुद्र को पी कर सुखा दिया और पक्षी की प्रतिज्ञा को पूरा किया। प्रतिज्ञा पूरी होने से पक्षी भी खुश हुआ।

## सटाका




## आज की पाती

### भारत, रूस और चीन भाई-भाई

वर्तमान में एशिया के लिए इसी प्रकार का एक और भ्रातृत्व अनिवार्य है यथा पश्चिमी देश अमेरिका की रहनुमाई में रह कर पूरी दुनिया के स्रोतों का दोहन कर रहे हैं और एक-एक करके सर्वत्र फूट डाल कर विवाद खड़े करते हैं और अपना उल्लू सीधा करते हैं। अमेरिका अब तक संसार में कई युद्ध करवा चुका है और भारत-चीन और रूस का कभी हित नहीं किया। अब अचानक फिर तराजू बंदर के हाथ आ गया है और अब वह भारी भरकम टैरिफ का डंडा भारत, रूस और चीन पर बरसा रहा है। वह चाहता है कि भारत रूस से क्रूड ऑयल न खरीदे। भारत अपने हित-अहित जानता है और उक्त तीनों देश ट्रंप की हेकड़ी जरूर समाप्त करेंगे, आने वाले समय की यही पुकार है।

*- सुरेश यादव, धमतरी*

## ट्रेंड

### वंदे भारत एक्सप्रेस



मराठवाड़ा के विकास को गति देने के लिए, हम गतिशील परिवहन समाधानों पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। आज, 'वंदे भारत एक्सप्रेस' ने नांदेड़ को मुंबई के और करीब ला दिया है, जिससे इस क्षेत्र के लिए अवसरों और समृद्धि के नए द्वार खुल गए हैं।
**-देवेंद्र फडणवीस, सीएम, महाराष्ट्र**

### नक्सलवाद



नक्सलवाद ही कांग्रेस का 'संविधान' है। वामपंथी सुदर्शन रेड्डी को उपराष्ट्रपति पद का उम्मीदवार बनाकर उसने इस पर मुहर लगा दी है। लेकिन यह समझ लें कि अमित शाह ने 31 मार्च, 2026 तक नक्सलियों को साफ करने का बीड़ा उठा लिया है।
**-केशव प्रसाद मौर्य, डिप्टी सीएम, उप्र**

### एजेंसीज का दुरुपयोग



सौरभ भारद्वाज के घर ईडी की रेड मोदी सरकार द्वारा एजेंसीज के दुरुपयोग का एक और मामला है। जिस तरह "आप" को टारगेट किया जा रहा है, ऐसे इतिहास में किसी पार्टी को नहीं किया गया। मोदी सरकार हमारी आवाज़ दबाना चाहती है।
**-अरविंद केजरीवाल, पूर्व सीएम, दिल्ली**

### वैकल्पिक संभावनाएं




उद्योग जगत के नेता/सीईओ एआई के कारण 'नौकरियों के नुकसान' का शोर मचा रहे हैं। उन्हें यह एहसास नहीं है कि उनकी 'नौकरियाँ' या पद ज़्यादा खतरे में हैं। क्योंकि अब कर्मचारियों को वैकल्पिक संभावनाएं तलाशने का मौका मिल गया है।
**-शेखर कपूर, फिल्मकार**

**अपने विचार**
**हरिभूमि कार्यालय**
पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016
aapkepatra.haribhoomi@gmail.com
पर भेज सकते हैं।

## करंट अफेयर


# द. अफ्रीका में सिखों के शांति पहल में धार्मिक नेता



सिख समुदाय द्वारा अंतर-धार्मिक सद्भाव को बढ़ावा देने और पूरे अफ्रीकी महाद्वीप में शांति स्थापना के लिए आयोजित एक कार्यक्रम में 300 से अधिक धार्मिक और सामुदायिक नेता एकत्र हुए। यह भव्य कार्यक्रम रविवार शाम सैंडटन में आयोजित किया गया जिसका विषय था 'विश्वासों को जोड़ना: अफ्रीका में अंतरधार्मिक सद्भाव के माध्यम से शांति को बढ़ावा देना'। आयोजकों ने कहा कि अपनी तरह का यह पहला आयोजन पूरे महाद्वीप में शांति और सहयोगात्मक आध्यात्मिकता को बढ़ावा देने की दिशा में आधारशिला बनने की महत्वकांक्षा रखता है। गुरुद्वारा साहिब जोहानिसबर्ग, सिख काउंसिल ऑफ अफ्रीका, हेवनली कल्चर वर्ल्ड पीस रेस्टोरेशन ऑफ लाइट (एचडब्ल्यूपीएल) और गुरु नानक निष्काम सेवक जत्था द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित इस कार्यक्रम में ईसाई, मुस्लिम, हिंदू, सिख और अफ्रीकी पारंपरिक धर्म के नेता एक साथ आए। दक्षिण अफ्रीका के सहकारी शासन एवं पारंपरिक मामलों के उप मंत्री डॉ. नामाने डिक्सन मासेमोला ने कहा कि 1996 में अपनाया गया दक्षिण अफ्रीका का संविधान सभी धर्मों और आस्थाओं को मान्यता देता है। मासेमोला ने कहा- धार्मिक नेता शांति स्थापना में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

## ऑफ बीट

# आत्महत्या के सटीक जवाब देने में कारगर नहीं एआई चैटबॉट



एक अध्ययन तीन लोकप्रिय कृत्रिम मेधा चैटबॉट्स पर यह जानने के लिए किया गया कि वे आत्महत्या से जुड़े सवालों पर कैसे प्रतिक्रिया देते हैं। इसमें पाया गया कि वे आमतौर पर ऐसे सवालों का जवाब देने से बचते हैं जो उपयोगकर्ता के लिए सबसे ज़्यादा जोखिम वाले होते हैं, जैसे कि आत्महत्या करने के तरीकों से जुड़ी विशिष्ट जानकारी। हालांकि कम गंभीर लेकिन नकुसान पहुंचाने वाले सवालों पर ये जवाब देने में उतने कारगर नहीं है। ओपनएआई के चैटजीपीटी, गूगल के जेमिनी और एंथ्रोपिक के क्लाउड में 'और अधिक सुधार' की जरूरत बताई गई है। आरएएनडी कॉर्पोरेशन ने यह अध्ययन किया है और इसका (अध्ययन का) वित्तपोषण अमेरिका के राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य संस्थान ने किया है। अनुसंधान में चिंता व्यक्त की गई है कि बच्चों सहित बड़ी संख्या में लोग मानसिक स्वास्थ्य सहायता के लिए एआई चैटबॉट पर निर्भर हैं। अध्ययन में इस बात के लिए मानक स्थापित करने का प्रयास किया गया है कि कंपनियां इन प्रश्नों का उत्तर कैसे दें। अनुसंधान पत्र के प्रमुख लेखक तथा आरएएनडी के वरिष्ठ नीति अनुसंधानकर्ता रयान मैकबेन ने कहा, हमें कुछ सुरक्षा उपायों की आवश्यकता है।

एग्रीमेंट के हिसाब से 9 लाख रुपए ठगे जनसुनवाई में आए 128 आवेदन

# इंटीरियर डिजाइनर ने की लाखों की ठगी, फ्लैट का नहीं किया रेनोवेशन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

सिग्नेचर रेजीडेंसी में फ्लैट के इंटीरियर डिजाइन और रेनोवेशन के लिए 22.58 लाख रुपए में एग्रीमेंट होने के बाद 9 लाख रुपए से ज्यादा की ठगी हुई है। संचालक पर पुलिस कार्रवाई की मांग की गई है। दस साल पहले अरेरा कॉलोनी के पास स्थित कृष्णा कॉलोनी बस्ती की सभी झुग्गियों को नगर निगम के अतिक्रमण अमले ने तोड़ दिया था। इन लोगों को 12 नंबर बस स्टॉप के पास पीएम आवास योजना के तहत बनाई जा रही मल्टी में ईडब्ल्यूएस मकान दिए जाने थे, लेकिन यह अब तक मकान का इंतजार कर रहे हैं। मंगलवार को कलेक्टोरेट में अपर कलेक्टर अंकुर मेश्राम ने 128 लोगों की शिकायत सुनीं।

डिजाइन स्टूडियो की स्तुति श्रीवास्तव और रूपक खरे को दिया था रेनोवेशन का काम

पीड़ित सनी ने बताया कि इंटीरियर डिजाइन और रेनोवेशन का काम डिजाइन स्टूडियो की स्तुति श्रीवास्तव और रूपक खरे को दिया था, जिसमें 22.58 लाख रुपए की राशि पर सहमति बनी। एडवांस में 51 हजार रुपए 18 नवंबर-24 को ही दे दिए, तो बाकी राशि मैंने अलग-अलग चरण में दी, लेकिन समय पर काम नहीं किया गया। नौ लाख रुपए से अधिक की धोखाधड़ी की गई है।



### समग्र आईडी में दूसरे का आधार कर दिया लिंक

समग्र आईडी में हो रहे फर्जीवाड़े की शिकायत लेकर टीला जमालपुरा निवासी सिद्धी कनौजिया ने बताया कि उनकी समग्र आईडी में किसी अन्य व्यक्ति का आधार लिंक है। इधर, बैरसिया इलाके के ग्राम बबचिया में लालूराम कुशवाहा और उनका बेटा देवांश कुशवाहा अवैध तरीके से क्लीनिक संचालित कर रहे हैं, जिससे लोगों की जान को खतरा है।

8 लाख 50 हजार है जब्त मोबाइल की कीमत

# पुलिस ने गुम हुए 45 मोबाइल खोजकर लोगों को लौटाए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

कमलानगर थाना पुलिस ने सीईआईआर पोर्टल के माध्यम से गुम हुए 45 मोबाइल को ट्रेक कर बरामद कर लिया। जिनकी कीमत 8 लाख 50 हजार है। पुलिस ने मंगलवार को जब यह मोबाइल लोगों को लौटाए तो उनके चेहरे पर रौकन आ गई।

दरअसल थाना क्षेत्र में विभिन्न स्थानों पर गुम हुए मोबाइलों के आवेदकों द्वारा थाने पर मोबाइल गुमने के संबंध में आवेदन पेश किया उक्त घटना को गंभीरता से लेते हुए पुलिस साइबर पोर्टल सीईआरआर सर्चिंग के लिए डाला गया। इसी सर्चिंग के दौरान थाना कमला नगर की साइबर टीम के द्वारा उक्त गुम हुए मोबाइलों के अपडेट जानकारी प्राप्त कर विभिन्न नंबरों को ट्रैक कर 45 मोबाइल फोन बरामद कर लिए। इसके बाद पुलिस टीम ने मोबाइल धारकों को बुलाकर उनके मोबाइल सुपुर्द किए।





## खबर संक्षेप



### पुलिस ने वीआईपी कैफे पर मारा छापा, जब्त की 125 लीटर शराब

**भोपाल।** बैरागढ़ पुलिस ने अवैध शराब के खिलाफ अभियान शुरू कर दिया है। इसी क्रम में वीआईपी कैफे पर छापा मारकर 125 लीटर शराब जब्त की है, जिसकी कीमत 1 लाख 21 हजार आंकी गई है। पुलिस ने इस मामले में एक शराब तस्कर को भी पकड़ा है। पुलिस के मुताबिक मुखबिर की जानकारी के आधार पर वीआईपी केफे पर छापा मार तो शराब का स्टाक मिला। केफे का मैनेजर पुलिस को देखकर भागने लगा तो उसे घेराबंदी कर पकड़ लिया। आरोपी मैनेजर कमल केशवानी ने पूछताछ में बताया कि वह संचालक जीतू गंगवानी के साथ मिलकर अवैध शराब का विक्रय कर रहा था। पुलिस ने कैफे संचालक को भी आरोपी बनाया है।

### पीएनबी के जीएम और चीफ मैनेजर की जमानत खारिज

**भोपाल।** ग्राहक की बैंक में गिरवी रखी संपत्ति को नियम विरुद्ध कम मूल्य में नीलाम करने वाले पंजाब नेशनल बैंक के सर्किल महाप्रबंधक अनिल कुमार वार्ष्णेय (60) निवासी राहुल ग्रीन फेस-2 दयाल बाग आगरा उत्तर प्रदेश और चीफ मैनेजर विनोद गुप्ता (59) निवासी अरेरा हिल्स भोपाल के अग्रिम जमानत आवेदन को अपर सत्र न्यायाधीश राम प्रताप मिश्र ने सुनवाई के बाद मामले की गंभीर प्रकृति को देखते हुए मंगलवार को निरस्त कर दिया है। सहायक जिला लोक अभियोजन अधिकारी महेंद्र सिंह दांगी ने आरोपियों के द्वारा किए गए अपराध की गंभीर प्रकृति को देखते हुए अग्रिम जमानत आवेदन को निरस्त किए जाने का अनुरोध किया था। फरियादी जितेंद्र सिंह गौतम ने ईओडब्ल्यू में शिकायत की थी कि पंजाब नेशनल बैंक में गिरवी रखी संपत्ति को खरीदने के लिए 38.10 लाख रुपए का ओटीएस दिया था।

शुभांक

| | | | |
|---|---|---|---|
| कल्याण: | 1736 | | |
| दिन: | 340 | 73 | 779 |
| रात: | 349 | 65 | 168 |
| तारा: | | | |
| दिन: | 350 | 86 | 178 |
| रात: | 468 | 83 | 256 |

ईंटखेड़ी इलाके का मामला, आरोपी को भेजा जेल

# टीवी दिखाने के बहाने घर ले जाकर नौ साल की बच्ची से की दरिंदगी

घर ले जाकर उसके प्राइवेट पार्ट के साथ की छेड़छाड़

बच्ची अपने घर के ही पास खेल रही थी तभी बुलाकर घर ले गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

नाबालिग बच्चियों के साथ दरिंदगी के मामले में बढ़ते जा रहे है। ऐसा ही एक मामला ईंटखेड़ी इलाके में 9 साल की बच्ची के साथ हुआ। दरिंदगी करने वाला आरोपी पीड़िता का पड़ोसी है। पुलिस ने आरोपी दीपश सेन के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है।



पुलिस के मुताबिक वारदात तीन दिन पूर्व की है। बच्ची अपने घर के ही पास खेल रही थी। इस दौरान आरोपी ने उसे टीवी दिखाने के बहाने अपने घर ले गया और उसके प्राइवेट पार्ट के साथ छेड़छाड़ की। दर्द होने के कारण बच्ची रोते विलखते हुए पहुंची तो मां ने उसका कारण पूछा। बच्ची ने अपने साथ हुआ घटनाक्रम बताया। इसके बाद उसको लेकर परिजन थाने पहुंचे। पुलिस ने परिजनों की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ पास्को अधिनियम की धाराओं में एफआईआर दर्ज कर ली है। पुलिस ने घटना के बाद आरोपी के ठिकाने पर दबिश देकर उसे गिरफ्तार कर लिया। आरोपी दीपश सेन को मंगलवार को कोर्ट में पेश किया। कोर्ट के आदेश पर उसे जेल भेज दिया गया।

### रिश्तेदार ने महिला से की छेड़छाड़, विरोध करने पर पीटा

बच्चों को जान से मारने की धमकी देकर हुआ फरार

हबीबगंज इलाके में एक विवाहिता के साथ छेड़छाड़ और मारपीट का मामला सामने आया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक 28 वर्षीय महिला पिछले दिनों एक शादी समारोह में गई थी। यहां उसकी मुलाकात उसके एक रिश्तेदार पवन से हुई। उसने महिला का मोबाइल नंबर ले लिया। दो दिन पूर्व आरोपी महिला के घर पर पहुंचा और हंगामा मचाने लगा। इसके बाद छेड़छाड़ कर मारपीट भी की। महिला ने उसका विरोध करते हुए उसे गेट के बाहर कर दिया और अंदर से गेट को लॉक कर लिया। तभी आरोपी ने उसके बच्चों को जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गया। पीड़िता ने अपनी शिकायत में बताया कि आरोपी ने इंस्ट्राग्राम पर मैसेज कर उसे परेशान कर रहा है। मैसेज के माध्यम से वह बात करने का दबाब बना रहा था, लेकिन महिला ने किसी भी प्रकार का संपर्क रखने से इंकार कर दिया तो आरोपी उसे नाराज हो गया।

### इंस्टाग्राम पर दोस्ती, शादी का झांसा देकर होटल में किया युवती से दुष्कर्म, गिरफ्तार

शादी की बात से मुकरा तो पीड़िता ने पुलिस से की शिकायत

युवती को इंस्टाग्राम पर एक युवक से दोस्ती करना महंगा पड़ गया। इस तरह का एक मामला अयोध्या नगर इलाके का है। युवक ने युवती को शादी का झांसा दिया और एक होटल में ले जाकर कई बार ज्यादती की। इसके बाद वह शादी की बात से मुकर गया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के मुताबिक युवती के प्राइवेट जॉब करती है। वर्ष 2023 में उसकी इंस्टाग्राम पर तुसांक मेहरा से पहचान हुई थी। इसके बाद तुसांक ने युवती से शादी करने की बात कही। फिर एक होटल में उसे घुमाने के बहाने ले गया और जबर्दस्ती शारीरिक संबंध बनाए। इसके बाद वह आए दिन उसके साथ दुष्कर्म करने लगा। युवती जब शादी की बात कहती तो किसी न किसी बहाने से टाल देता। अंततः उसने शादी से इंकार कर दिया। इसके बाद युवती अयोध्या नगर थाने पहुंची और शिकायती आवेदन दिया। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर एफआईआर दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस का कहना है कि आरोपी ड्राइवर है और कोलुआ गांव का रहने वाला है।

### खेत में तार जोड़ते समय लगा करंट युवक की मौत

**भोपाल।** खजुरी इलाके में खेत में बिजली का तार जोड़ते समय करंट लगने से एक युवक की मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक 28 वर्षीय जीतेन्द्र मेवाड़ा सीहोर का रहने वाला था। फंदा के पास ढाबे के पीछे उसका खेत था। वह मंगलवार को पानी की मोटर चालू करने के लिए बिजली का तार जोड़ रहा था। इस दौरान करंट लगने से मौत हो गई। सूचना के आधार पर पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस कर रही मामले की जांच

## झाड़ियों में मिली अधेड़ की लाश गर्दन में बंधा था गमछा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

बैरसिया इलाके में मंगलवार को सुंदरपुरा गांव के पास झाड़ियों में एक अधेड़ व्यक्ति का शव मिला है। सूचना के आधार पर पुलिस पहुंची तो देखा उसकी गर्दन में गमछा बंधा हुआ था और सिर पर गंभीर चोट के निशान मिले है। मामला हत्या का प्रतीत हो रहा है।

सूचना के आधार पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक मृतक के जेब से मिले आधार कार्ड के अनुसार उसकी पहचान 55 वर्षीय मोहकम सिंह यादव उम्र 54 वर्ष निवासी शमशाबाद ग्राम पीपलधर के रूप में हुई है। मृतक के सिर में गंभीर चोट के निशान है, जिससे प्रतीत हो रहा है कि उसकी हत्या कर झाड़ियों में फेंका गया है। पुलिस का कहना है कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया गया है। परिजनों से भी संपर्क हो गया है। जांच के बाद मामले का खुलासा होगा।

पुलिस ने एक तस्कर को पकड़ा, कल्ला बंजारा की तलाश

## शराब तस्कर के मकान में मिली साढ़े चार लाख की देसी शराब

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

छोला इलाके की नवजीवन कॉलोनी में शराब तस्कर कल्ला बंजारा के मकान से आबकारी अमले ने साढ़े चार लाख रुपए की देसी शराब जब्त की है। मौके पर टीम ने एक तस्कर को भी दबोच लिया है, जबकि पूर्व शराब तस्कर की तलाश की जा रही है। यहां से रोजाना तीन से चार पेटी शराब की तस्करी की जाती थी, जिसके लिए एक कर्मचारी को तैनात किया गया था।

आबकारी कंट्रोलर आरजी भदौरिया ने बताया कि मंगलवार को टीम ने नवजीवन कॉलोनी स्थित शराब तस्कर कल्ला बंजारा के मकान पर छापामार कार्रवाई की थी, इस दौरान यहां पर अमृत लालपंथी के कब्जे से 95 पेटी अवैध शराब बरामद की है। आरोपी ने बताया कि नितिन कुशवाहा नामक व्यक्ति रोजाना दो से चार पेटी शराब दुपहिया वाहन पर ले जाता था। आबकारी ने आरोपी को पकड़कर जेल भेज दिया है।



## गोवंशों को सड़क से हटाकर अस्थाई गो-शाला में छोड़ रहे निगम कर्मी

### पटवा ने गो-माता की रक्षा का लिया है संकल्प

**औबेदुल्लागंज।** विधायक सुरेंद्र पटवा के संकल्प गो-माता की रक्षा करना और भूखे-प्यासे प्राणियों को भोजन और पानी की व्यवस्था करने को देखते हुए एसडीएम चंद्रशेखर श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में औबेदुल्लागंज निकाय क्षेत्र में नगर परिषद अध्यक्ष लक्ष्मी चौकसे एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी किरण रहांगडाले द्वारा प्रतिदिन गोवंशों को मुख्य सड़क से हटाकर दशहरा मैदान में बनाई गई अस्थाई गो-शाला में छोड़ा जा रहा है। जहां निकाय द्वारा मूलभूत व्यवस्थाएं भी की गई है। इसके अतिरिक्त गोवंशों को सड़क दुर्घटना से बचाव के लिए रेडियम की पट्टी भी बांध रहे हैं।





### पटवा का किया स्वागत

औबेदुल्लागंज के वार्ड 2 सनोटी मे भाजपा के वरिष्ठ नेता बने सिंह परमार के नेतृत्व में विधायक सुरेंद्र पटवा का भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष डॉ. भूपेंद्र नागर, मीडिया प्रभारी पंकज कोठारी, जीतू नंदवंशी, लोकेश परमार आदि शामिल हुए।



## हरतालिका तीज पर सुहागिनों ने पति की लंबी उम्र के लिए भगवान महादेव की पूजा कर किया रतजगा

**औबेदुल्लागंज।** हरतालिका तीज पर सुहागिनों ने पति की लंबी उम्र के लिए रतजगा किया। फुलेरा बनाकर महादेव की आराधना की। भोजपुरी नारी शक्ति की आरती यादव ने बताया कि शाम 7 बजे मंडप बनाकर रात भर भजन-कीर्तन किया और अखंड सौभाग्य, दांपत्य सुख और मंगल कामनाओं की प्राप्ति के लिए कामना की। इस दौरान रेखा मांझी, रोशनी यादव, भगवती साहू, अरुण पटेल, पुजा छम्मा ठाकुर, संध्या नाथ, पूजा लोधी, रेखा कपूर, रानी बाई आदि शामिल थीं।



औबेदुल्लागंज में गणेशोत्सव की धूम बाजारों में उमड़ी भीड

## आज विराजेंगे भगवान गणेश, घर में स्थापित करने बड़ी संख्या में लोगों ने खरीदी प्रतिमाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज

10 दिन गणेशोत्सव बुधवार से शुरू हो रहा है। इसके लिए नगर में हर तरफ धूम मची हुई है। मंगलवार को बाजारों में काफी चहल-पहल रही। दो दर्जन से ज्यादा गणेशजी की प्रतिमा बेचने वालों ने दुकानें लगाई हैं। इसके साथ ही बड़ी संख्या में श्रद्धालु भी गणेश जी की प्रतिमा खरीद कर अपने घर ले गए। पंडालों में प्रतिमा स्थापित करने कई समिति के सदस्य सुबह से ढोल-बाजों के साथ गणेश जी की प्रतिमा ले जाते हुए दिखे। वहीं हर तरफ गणपति बप्पा मोरिया के जयकारों की गूंज सुनाई दी। युवाओं और छोटे-छोटे बच्चे झांकियां सजाने में जुटे हुए हैं।



कार्यशाला में 200 से अधिक छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया



## छात्राओं ने मिट्टी के गणेश बनाकर दिया पर्यावरण संतुलन का संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ संतनगर

संत हिरदाराम इंस्टिट्यूट ऑफ मैनेजमेंट फॉर वीमेन (एसएचआईएम) के सस्टेनेबल डेवलपमेंट क्लब द्वारा गणेश मूर्ति निर्माण कार्यशाला का आयोजन किया। गणेश चतुर्थी को रचनात्मक एवं पर्यावरण अनुकूल तरीके से मनाने के लिए दो चरणों में विशेष गतिविधियां आयोजित की गईं, जिनमें 200 से अधिक छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। छात्राओं ने मिट्टी एवं प्राकृतिक सामग्री से गणेश प्रतिमाएं बनाईं और यह संदेश दिया कि हमें प्रकृति के साथ संतुलन बनाकर त्योहार मनाना चाहिए। इसके बाद गणेशजी की मूर्ति सजावट एवं प्रस्तुतीकरण प्रतियोगिता आयोजित की गई। कार्यक्रम का समापन पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र वितरण समारोह के साथ हुआ। इस अवसर पर हीरो ज्ञानचंदानी, डॉ. आशीष ठाकुर एवं जेएसएस पीएस राठौर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

देश-विदेश के कई आध्यात्मिक गुरु होंगे शामिल

केन्द्रीय मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत करेंगे शुभारंभ

# आज उज्जैन में 'ग्लोबल स्पिरिचुअल कॉन्क्लेव' संस्कृति-आध्यात्मिक परंपराओं का बनेगा मंच

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि बुधवार 27 अगस्त को उज्जैन में होने वाला ग्लोबल स्पिरिचुअल कॉन्क्लेव एक ऐसा मंच होगा, जहां हम अपनी समृद्ध संस्कृति और आध्यात्मिक परंपराओं को दुनिया के सामने प्रस्तुत कर सकेंगे। साथ ही उज्जैन में होने वाले सिंहस्थ-2028 की तैयारियों, कॉर्पोरेट समूहों और मंदिर ट्रस्ट समूहों तक सीधी पहुंच बनेगी।

इस कॉन्क्लेव का केन्द्रीय पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत शुभारंभ करेंगे। इसमें देश-विदेश के कई आध्यात्मिक गुरु, विचारक सहित 300 से अधिक महानुभाव शामिल होंगे। साथ ही मुख्य वक्ता के रूप में आध्यात्मिक गुरु गौरांग दास मौजूद रहेंगे। आध्यात्मिक और पर्यटन क्षेत्र को एक नई दिशा देने के लिए केंद्रीय पर्यटन मंत्रालय के सहयोग से मध्यप्रदेश पर्यटन और पीएचडी चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के द्वारा होटल अंजुश्री उज्जैन में होने वाला यह सम्मेलन आध्यात्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने, सांस्कृतिक विरासत का संवर्धन करने और जिम्मेदार आतिथ्य पर गहन चर्चा का एक महत्वपूर्ण मंच बनेगा।

### आध्यात्मिक पर्यटन पर तैयार विशेष रिपोर्ट जारी होगी

कॉन्क्लेव में मध्यप्रदेश पर्यटन और पीएचडी चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री द्वारा आध्यात्मिक पर्यटन पर तैयार की गई एक विशेष रिपोर्ट भी जारी की जाएगी, जो इस क्षेत्र के भविष्य के लिए एक रोडमैप प्रस्तुत करेगी। यह कॉन्क्लेव कई महत्वपूर्ण सत्रों में विभाजित है, जिनमें आध्यात्मिक पर्यटन के विभिन्न आयामों पर विचार-विमर्श किया जाएगा। 'ज्योतिर्लिंग सर्किट' पर एक विशेष सत्र होगा, जिसमें भारत के 12 ज्योतिर्लिंगों के महत्व और उनके संरक्षण पर चर्चा होगी। 'मंदिर अर्थव्यवस्थाएं' नामक सत्र में यह जाना जाएगा कि कैसे भारत के प्रमुख मंदिर जैसे तिरुपति, वैष्णो देवी और काशी विश्वनाथ मंदिर स्थानीय अर्थव्यवस्था को गति देते हैं।

### उज्जैन की आध्यात्मिक शक्ति पर विशेष फोकस

उज्जैन की आध्यात्मिक शक्ति और शहरी भविष्य' उज्जैन शहर पर केंद्रित होगा। इस सत्र में महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग के महत्व, सिंहस्थ कुंभ के प्रभाव और शहरी नवाचारों पर विस्तार से चर्चा की जाएगी। कॉन्क्लेव 'मन, शरीर और आत्मा: नई आध्यात्मिक सीमा के रूप में कल्याण', 'डिजिटल में दिव्य - आध्यात्मिकता 2.0' जैसे विषयों पर भी चर्चा करेगा। 'नई आध्यात्मिक सीमा के रूप में कल्याण' सत्र में आयुर्वेद, योग और ध्यान जैसी भारतीय परंपराओं को पर्यटन के साथ कैसे जोड़ा जाए, इस पर विचार होगा। 'डिजिटल में दिव्य' सत्र में वर्चुअल दर्शन, एआई और वीआर जैसी तकनीकों के माध्यम से आध्यात्मिकता को कैसे सुलभ बनाया जा सकता है, इस पर चर्चा होगी।

पूज्य सिंधी पंचायत ने श्रद्धांजलि अर्पित कर किया रोष प्रकट

## मासूम नयन संताणी के हत्यारों पर फास्ट ट्रैक कोर्ट में केस चलाने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ संतनगर

अहमदाबाद में मासूम नयन संताणी की हत्या पर पूज्य सिंधी पंचायत संत हिरदाराम नगर ने रोष प्रकट किया है। हत्यारों को कड़ी से कड़ी सजा दी जाए और स्कूल की मान्यता भी रद्द करने की मांग की। मंगलवार को पूज्य सिंधी पंचायत के सभागृह में स्व.मासूम नयन संताणी को श्रद्धांजलि देते हुए पंचायत अध्यक्ष माधु चांदवानी ने सरकार से मांग की है कि इन हत्यारों पर केस फास्ट ट्रेक कोर्ट में चलाया जाए और दोषियों को जल्दी फांसी और उनके घर पर बुल्डोजर चलाया जाए। साथ ही स्कूल की मान्यता भी रद्द की जाए।

श्रद्धांजलि सभा में ईश्वर से प्रार्थना की कि मासूम नयन संताणी को अपने चरणों में स्थान दें और परिवार को दुःख सहन करने की शक्ति दे। इस मौके पर पूज्य सिंधी पंचायत अध्यक्ष माधु चांदवानी, नंद दादलानी, जगदीश आसवानी, गुलाब जेठानी, हरीश मेहरचंदानी, घनश्याम लालवानी, शेटटी चंदनानी, परसराम आसनानी, मनोहर सतानी, राजकुमार थावानी, रवि सतानी, ओम आसनानी, बबलू टेकचंदानी, मोहनलाल आसवानी, दिलीप टहलरामानी, बूलचंद वासवानी, जानकीलाल भारानी, मुरली गुरबानी, जगदीश खेराजानी शामिल रहे।



**2018-19 में 5590 करोड़ की लागत की 24 अस्पताल परियोजनाएं (11 ग्रीनफील्ड और 13 ब्राउनफील्ड) स्वीकृत की गईं थीं**

# साढ़े 5 हजार करोड़ से अधिक के घोटाले में फंसे आप नेता सौरभ भारद्वाज, ईडी ने 13 ठिकानों पर खंगाले 'दस्तावेज'

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने मंगलवार सुबह आप नेता और पूर्व मंत्री सौरभ भारद्वाज के घर समेत 13 ठिकानों पर छापेमारी की। उन पर हॉस्पिटल कंस्ट्रक्शन में करप्शन का आरोप है। दिल्ली की एंटी-करप्शन ब्रांच (एसीबी) ने एक साल पहले आप सरकार के दौरान स्वास्थ्य ढांचे से जुड़ी परियोजनाओं में बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार के आरोपों की जांच शुरू की थी। जांच एजेंसी ने पूर्व स्वास्थ्य मंत्रियों सौरभ भारद्वाज और सत्येंद्र जैन के खिलाफ जून में केस दर्ज किया था। एसीबी ने बाद में मामला ईडी को ट्रांसफर कर दिया गया था। केंद्रीय एजेंसी ने जुलाई में केस दर्ज किया था। इस कार्रवाई पर पूर्व सीएम अरविंद केजरीवाल ने एक्स पर लिखा, सौरभ भारद्वाज के घर रेड हुई। ये दिखाता है की मोदी सरकार आप के पीछे पड़ गई है। सरकार हमारी आवाज दबाना चाहती है। हम भाजपा से नहीं डरते। हम देश हितों के साथ खड़े हैं। वहीं आप की वरिष्ठ नेता और दिल्ली की पूर्व मुख्यमंत्री आतिशी ने कहा कि ये रेड 100 फीसदी फर्जी है सौरभ भारद्वाज के यहां ईडी की रेड क्यों पड़ी। दरअसल कल से पीएम मोदी की डिग्री को लेकर चर्चा हो रही है। ये कैसी यूनिवर्सिटी है जिसे गर्व ही नहीं है कि देश के पीएम उनके यहां से पढ़े हैं। ये रेड 100 परसेंट फर्जी है, क्योंकि जिस समय का ये मामला है, तब सौरभ मंत्री ही नहीं थे। वे उसके दो साल बाद मंत्री बने। ये हास्यास्पद है। आपके मंत्री बनने से दो-तीन साल पहले के मामलों पर आपके यहां रेड हो रही है। ये ऐसी बात हो गई, मानो कोलगेट स्कैम और 2जी स्कैम पर मोदी जी के घर रेड पड़ जाए।

**आप नेताओं ने कहा पीएम की डिग्री मामले से ध्यान हटाने के लिए पड़ा छापा**

**केजरीवाल ने एक्स पर लिखा-इससे साफ कि मोदी सरकार आप के पीछे पड़ गई है**

### भाजपा नेता की शिकायत पर जांच हुई





भाजपा नेता विजेंद्र गुप्ता ने 22 अगस्त 2024 को शिकायत के बाद उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने इस साल 25 जून को अस्पताल घोटाले की जांच को मंजूरी दे दी। गुप्ता ने शिकायत में तत्कालीन मंत्री सौरभ भारद्वाज और सत्येंद्र जैन पर मिलीभगत कर स्वास्थ्य विभाग में भ्रष्टाचार का आरोप लगाया था। हालांकि आप ने इन आरोपों से इनकार किया था। दोनों मंत्रियों पर 5,590 करोड़ की 24 अस्पताल परियोजनाओं में देरी का आरोप लगा। कहा गया कि इससे इन परियोजनाओं का खर्च बढ़ गया। इसके बाद दिल्ली विजिलेंस विभाग ने शिकायत की जांच की। इसके बाद एलजी के आदेश पर एंट्री करप्शन ब्यूरो (एसीबी) ने एफआईआर दर्ज की। एसीबी ने जुलाई में यह मामला ईडी को ट्रांसफर कर दिया।

### स्वास्थ्य मंत्रियों पर लगे गड़बड़ी और लापरवाही के आरोप

आरोप है कि आप सरकार ने साल 2018-19 में 5590 करोड़ रुपए की लागत की 24 अस्पताल परियोजनाएं (11 ग्रीनफील्ड और 13 ब्राउनफील्ड) स्वीकृत की गई थी। इसमें बड़े पैमाने पर हेराफेरी की गई। 6800 के कुल बिस्तर क्षमता वाले 7 आईसीयू अस्पतालों को सितंबर 2021 से 6 महीने के भीतर पूर्व-इंजीनियर संरचनाओं का उपयोग कर निर्माण के लिए 1125 करोड़ रुपए की लागत से मंजूरी दी गई थी। 3 साल से अधिक समय बीत जाने के बाद भी 800 करोड़ रुपए की लागत के साथ केवल 50% काम पूरा हुआ। लोकनायक अस्पताल न्यू ब्लॉक परियोजना के लिए 465.52 करोड़ रुपए की लागत से मंजूरी दी गई थी। 4 साल में 1125 करोड़ रुपए की राशि खर्च हुई, जो लागत से करीब 3 गुनी है। पॉलीक्लिनिक्स परियोजना के लिए 168.52 करोड़ रुपए की लागत स्वीकृत हुई। इसमें 94 पॉलीक्लिनिक्स तैयार करना था, लेकिन 52 का निर्माण करने पर 220 करोड़ रुपए खर्च हुए।

## खबर संक्षेप

### मेरी कुर्सी का सम्मान करें, जितना मैं करती हूं



**कोलकाता।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर ताजा हमला बोलते हुए पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बेनर्जी ने कहा कि उन्हें उनसे (मोदी से) कभी यह उम्मीद नहीं थी कि वे उनकी कुर्सी का अनादर करने के साथ पूरे प्रांत का अपमान करेंगे। बर्धमान शहर में एक कार्यक्रम में उन्होंने आरोप लगाया कि इससे राज्य के खजाने पर 'भारी बोझ' पड़ा है। मुख्यमंत्री ने कहा, पीएम को मेरी कुर्सी का उतना ही सम्मान करना चाहिए जितना मैं उनकी कुर्सी का करती हूं।

### झांकी में मराठी भाषा को प्रदर्शित करने की मांग



**मुंबई।** मुंबई में गणेश मंडलों की समन्वय समिति ने अपील की है कि वे गणपति उत्सव को गैर-राजनीतिक रखें तथा उत्सव के दौरान मराठी भाषा और संस्कृति को बढ़ावा दें। महाराष्ट्र सरकार ने आज से शुरू हो रहे 10 दिवसीय गणेशोत्सव को राज्य उत्सव का दर्जा दिया है। समिति ने कहा, गणेशोत्सव एक भक्तिपूर्ण और सांस्कृतिक उत्सव है और इसकी पवित्रता बनाए रखने के लिए इसे राजनीति से दूर रखा जाना चाहिए।

## यूरोप और जापान समेत 100 देशों में होगी एसयूवी निर्यात

# पीएम ने पहली ईवी मारुति को दिखाई झंडी कहा- दुनिया में मेड इन इंडिया ईवी चलेगी

एजेंसी ▶▶ अहमदाबाद

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को मारुति सुजुकी की ईवी यूनिट का उद्घाटन किया और इसे भारत की मेक इन इंडिया यात्रा में एक नए अध्याय की शुरुआत बताया। उन्होंने कहा कि अब भारत मेक इन इंडिया से आगे बढ़कर 'मेक फॉर द वर्ल्ड' की ओर कदम बढ़ा रहा है। पीएम मोदी ने यह भी बताया कि हम यहीं रुकने वाले नहीं हैं और ये कि भारत सेमी कंडक्टर क्षेत्र में आगे बढ़ रहा है, जिसे और आगे बढ़ाना है. उन्होंने अगले सप्ताह अपनी जापान यात्रा का भी ऐलान किया। पीएम मोदी ने इस मौके पर कहा कि गणेश उत्सव के उल्लास में आज भारत-जापान दोस्ती को नया आयाम मिला है।

उन्होंने मारुति के सफर को टीन एज से जोड़ा और कहा कि जिस तरह युवाओं के टीन एज में सपनों की उड़ान होती है, वैसे ही अब मारुति सुजुकी ईवी स्पेस में नए पंख फैलाने जा रही है। गुजरात में कंपनी का यह नया चरण उत्साह और उमंग से भरा हुआ है। पीएम मोदी ने याद दिलाया कि वर्ष 2012 में जब वे गुजरात के मुख्यमंत्री थे, तब इस प्रोजेक्ट के लिए जमीन आवंटित की गई थी। उनका विजन आत्मनिर्भर भारत और मेक इन इंडिया को मज़बूत करना था, जो आज साकार होता दिख रहा है। उन्होंने कहा कि भारत के पास लोकतंत्र की शक्ति है और प्रतिभा (टैलेंट) का बड़ा पुल है।

**कार फुल चार्ज करने पर 500 किमी से ज्यादा चलेगी**

**मारुति सुजुकी मेक इन इंडिया का ब्रांड एंबेसडर**

### पहले से ही जापान में बिक रहीं हैं गाड़ियां



पीएम मोदी ने यह भी बताया कि सुजुकी द्वारा निर्मित गाड़ियां पहले से ही जापान में निर्यात हो रही हैं और अब ईवी एक्सपोर्ट की भी शुरुआत हो चुकी है। उन्होंने कहा कि मारुति सुजुकी लगातार चार वर्षों से भारत की सबसे बड़ी एक्सपोर्टर रही है और अब दर्जनों नई ईवी कारें विदेशों में चलेंगी, जिन पर लिखा होगा मेक इन इंडिया। पीएम मोदी ने मारुति सुजुकी को मेक इन इंडिया का ब्रांड एम्बेसडर करार देते हुए कहा कि कंपनी ने न सिर्फ घरेलू स्तर पर, बल्कि वैश्विक स्तर पर भी भारत की पहचान को मजबूती दी है। उन्होंने इस अवसर को भारत-जापान दोस्ती और साझा प्रगति का प्रतीक बताया।

### हम यहीं रुकने वाले नहीं

पीएम मोदी ने कहा, हम यहीं रुकने वाले नहीं हैं, सेमी कंडक्टर क्षेत्र में आगे बढ़ रहे हैं जिसे और आगे बढ़ाना है। ऑटो इंडस्ट्री के लिए उनकी दिक्कतों से सजग है। इसके लिए देश में अलग-अलग जगह पर क्रिटिकल मिनरल के लिए खोजी अभियान चलाया जाएगा। अगले सप्ताह मैं जापान जा रहा हूं। हमारा संस्कृतिक रिश्ता है। मारुति से शुरू हुई जर्नी अब बुलेट ट्रेन तक पहुंची है। गुजरात-जापान के रिश्तों की शुरुआत 20 साल पहले यहीं से शुरुआत हुई थी।

### आम आदमी को भी फायदा

इससे आम आदमी को भी फायदा होगा. जैसे-जैसे इलेक्ट्रिक गाड़ियां सस्ती होंगी, लोग इन्हें खरीद सकेंगे। कंपनी डोर-टू-डोर सर्विसिंग भी दे रही है, जो ग्राहकों के लिए आसान होगा। साथ ही, सरकार टैक्स में राहत और लोन की सुविधा दे रही है, जिससे ये गाड़ियां हर घर तक पहुंचें। इससे शहरों की हवा साफ होगी और ट्रैफिक में भी सुधार होगा। लेकिन ये सब तभी संभव है जब हम इस बदलाव को अपनाएं। पीएम मोदी ने कहा कि ये ग्रीन मोबिलिटी का एक नया युग शुरू करेगा। हंसलपुर प्लांट अब सिर्फ एक फैक्ट्री नहीं, बल्कि भारत की तरक्की का प्रतीक बन गया है। इससे नौजवानों को मौका मिलेगा।

**हंसलपुर प्लांट में 7,50,000 गाड़ियां बनाने की क्षमता**

मारुति ने शुरुआत में वित्त वर्ष 2026 में ई-विटारा की करीब 67,000 यूनिट्स बनाने की योजना बनाई थी। लेकिन अप्रैल में चीन द्वारा लगाए गए निर्यात प्रतिबंधों की वजह से रेयर अर्थ मैग्नेट की कमी के चलते ये लक्ष्य प्रभावित हो गया। मारुति ने अपने हंसलपुर प्लांट में 21,000 करोड़ रुपए का निवेश किया है, जिसकी सालाना उत्पादन क्षमता 7,50,000 यूनिट्स है।

## डीके ने संघ की प्रार्थना पर मांगी माफी

# गांधी परिवार मेरा भगवान, मैं भक्त आखिरी सांस तक रहूंगा 'कांग्रेसी'



एजेंसी ▶▶ बेंगलुरु

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की प्रार्थना गाने को लेकर विवाद के बीच कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने मंगलवार को फिर से सफाई दी। उन्होंने कहा- मैं गांधी परिवार और कांग्रेस पार्टी के प्रति अपनी निष्ठा दोहराना चाहता हूं। मैं कांग्रेस में पैदा हुआ और कांग्रेस में ही मरूंगा। पूरे देश में यह संदेश देना चाहता हूं कि मैं कांग्रेस के साथ पूरी तरह समर्पित हूं। गांधी परिवार मेरे लिए भगवान है और मैं उनका भक्त हूं। मेरा इरादा कभी भी संघ की तारीफ करने का नहीं था। भाजपा ने मुझे तिहाड़ जेल में डालकर परेशान किया था। अगर किसी को ठेस पहुंची है, तो मैं माफी मांगता हूं।

दरअसल, डीके शिवकुमार ने 21 अगस्त को विधानसभा में आरएसएस की प्रार्थना गीत 'नमस्ते सदा वत्सले मातृभूमे' की कुछ लाइनें गाई थीं। इसके बाद कांग्रेस से उनकी तनातनी की अटकलें तेज हो गई थीं। कहा जा रहा था कि वे कभी भी भाजपा में शामिल हो सकते हैं। शिवकुमार ने 22 अगस्त को मामले पर अपनी सफाई दी थी। उनसे विधानसभा के बाहर जब पूछा गया कि क्या विधानसभा में आरएसएस वंदना पढ़ना किसी तरह का संकेत था, तो उन्होंने कहा कि मैं जन्मजात कांग्रेसी हूं। मेरा खून, मेरा जीवन, सब कुछ कांग्रेस में है। मैं पूरी ताकत से कांग्रेस का नेतृत्व करूंगा।

### शिवकुमार ने बहस के दौरान संघ प्रार्थना गाई थी

कर्नाटक विधानसभा में 21 अगस्त को चिन्नास्वामी स्टेडियम भगदड़ (4 जून) पर चर्चा हो रही थी। इस दौरान विधानसभा में भाजपा विधायक आर. अशोक ने शिवकुमार की ओर इशारा करते हुए कहा कि कर्नाटक सरकार को आरसीबी भगदड़ की जिम्मेदारी लेनी चाहिए। इस पर डिप्टी सीएम शिवकुमार ने कहा कि उन्हें भाजपा की चालों के बारे में सब पता है। फिर उन्होंने भाजपा विधायक के साथ बहस के दौरान संघ की प्रार्थना 'नमस्ते सदा वत्सले मातृभूमे' की 2 लाइनें गा दीं। इस दौरान कांग्रेस खेमे के साथ-साथ विपक्ष भी चौंक गया।

**मंदिर के पवित्र तालाब में ब्लॉगर ने पैर धोए**

# मंदिर प्रशासन ने शुद्धिकरण कराया, शिकायत दर्ज कराई

एजेंसी ▶▶ त्रिशूर



केरल के त्रिशूर में स्थित प्रसिद्ध गुरुवायुर श्रीकृष्ण मंदिर के तालाब में शुद्धिकरण अनुष्ठान किया गया है। मंदिर प्रशासन ने तालाब में गैर-हिंदू व्लॉगर जैस्मीन जाफर के पैर धोने वाला वीडियो आने के बाद फैसला लिया है। देवस्वोम के प्रशासक ओबी अरुण कुमार ने बताया कि मंदिर के तालाब में वीडियो बनाना प्रतिबंधित है।

फैशन इन्फ्लुएंसर जैस्मीन ने नियमों का उल्लंघन किया है। उनके खिलाफ पुलिस में शिकायत भी दर्ज कराई है। दरअसल, फैशन इन्फ्लुएंसर जैस्मीन ने 20 अगस्त को मंदिर के तालाब में पैर धोते हुए एक रील शूट की थी और उसे सोशल मीडिया पर शेयर किया था। इसके बाद मंदिर प्रशासन की ओर से भी उनके वीडियो बनाने का विरोध किया गया।

गैर-हिंदुओं को तालाब में जाने की परमिशन नहीं मंदिर के तालाब में गैर-हिंदुओं को जाने की परमिशन नहीं है। मंदिर के आस-पास के इलाकों में शादी-ब्याह से जुड़े समारोहों को छोड़कर वीडियो बनाने पर प्रतिबंध है। हाई कोर्ट ने मंदिर परिसर के आस-पास फोटोग्राफी और वीडियोग्राफी पर रोक लगाई है। गुरुवायुर देवस्वोम ने जैस्मीन के इस कृत्य को मंदिर की परंपराओं का उल्लंघन बताया है।

इस पूरे मामले को लेकर व्यवस्थापक ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराकर व्लॉगर के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। मंदिर में सुबह 5 से 12 बजे तक भक्तों की एंट्री बैन रही कुमार ने बताया कि आज शुद्धिकरण के सभी अनुष्ठान किए जाएंगे। देवस्वोम ने मंदिर के तंत्री की सलाह पर यह फैसला लिया। इसलिए मंदिर के दर्शन सुबह 5 बजे से दोपहर 12 बजे तक प्रतिबंधित कर दिए गए हैं। भक्तों को पुण्यकर्म (शुद्धिकरण अनुष्ठान) पूरा होने के बाद ही नालम्बलम में प्रवेश दिया जाएगा।

## रामभद्राचार्य पर भड़के शंकराचार्य

# कहा- दिखाई नहीं देता तो क्या सुनाई भी नहीं दे रहा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



तुलसी पीठाधीश्वर जगद्गुरु रामभद्राचार्य द्वारा स्वामी प्रेमानंद को लेकर दिए गए बयान पर स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद ने नाराजगी जताई है। उन्होंने एक मंच से नाम लिए बिना रामभद्राचार्य पर कटाक्ष किया है। साथ ही संत प्रेमानंद का समर्थन किया है। उन्होंने कहा कि आपको दिखाई नहीं देता तो क्या सुनाई भी नहीं दे रहा है। प्रेमानंद दिनभर संस्कृत ही बोलते रहते हैं। ज्योतिर्मठ नाम के इंस्टाग्राम आईडी ने जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद का वीडियो शेयर किया। जिसमें वह कह रहे हैं, वो एक पीले कपड़े वाले महात्माजी है वृंदावन में प्रेमानंद जी, कह रहे हैं कि उनको एक अक्षर संस्कृत नहीं आती। उनको संस्कृत आने की जरूरत क्या है? वो तो भगवान के नाम का प्रचार कर रहे हैं और भगवान का नाम संस्कृत में ही हैं। भगवान का नाम किस भाषा में है बताएं आप? जो दिन भर राधे-राधे, कृष्ण-कृष्ण, हे गोविंद, हे गोपाल बोल रहे हैं और लोगों को प्रेरित कर रहे हैं कि नाम का स्मरण करो, हमें बताएं कि भगवान का नाम ये किस भाषा के शब्द हैं?

**जस्टिस विपुल पंचोली की नियुक्ति का मामला**

# सुप्रीम कोर्ट में नियुक्ति के प्रस्ताव से सहमत नहीं थीं जस्टिस नागरत्ना

एजेंसी ▶▶ पटना



सुप्रीम कोर्ट के कॉलेजियम ने पटना हाई कोर्ट के चीफ जस्टि विपुन मनुभाई पंचोली को सुप्रीम कोर्ट में नियुक्ति की सिफारिश की है। इसको लेकर अब सामने आया है कि पंचोली की नियुक्ति का फैसला सर्वसम्मति से नहीं हुआ था। कॉलेजियम में शामिल जस्टिस बी.वी. नागरत्ना ने इस फैसले पर असहमति जताई थी।

बता दें कि कॉलेजियम के पांच जजों में से एक न्यायमूर्ति बी.वी. नागरत्ना ने न्यायमूर्ति पंचोली भी थीं। उन्होंने समग्र वरिष्ठता और क्षेत्रीय प्रतिनिधित्व का हवाला देते हुए उनकी सिफारिश पर असहमति दर्ज की है। न्यायमूर्ति पंचोली वर्तमान में उच्च न्यायालय के न्यायाधीशों की अखिल भारतीय वरिष्ठता सूची में 57वें स्थान पर हैं। कमेटी में सीजेआई जस्टिस बीआर गवई के अलावा, कॉलेजियम में जस्टिस सूर्यकांत, विक्रम नाथ, जेके माहेश्वरी और नागरत्ना शामिल हैं। सर्वोच्च न्यायालय ने अपने चयन मानदंड के रूप में नियमित रूप से तीन कारकों को रेखांकित किया है, जिनमें उच्च न्यायालयों के मुख्य न्यायाधीशों और न्यायाधीशों की अखिल भारतीय स्तर पर संयुक्त वरिष्ठता, प्रतिनिधित्व का सिद्धांत, तथा 'योग्यता और शामिल हैं। इससे पहले किसी उच्च न्यायालय के न्यायाधीश की नियुक्ति की सिफारिश करने के लिए इन कारकों को संतुलित किया जाता रहा है। खासकर मुख्य न्यायाधीश बनने की संभावना वाले उम्मीदवारों की नियुक्ति में उत्तराधिकार की व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए वरिष्ठता को दरकिनार कर दिया जाता है।

इस मामले में सूत्रों ने बताया कि जस्टिस नागरत्ना की चिंता गुजरात उच्च न्यायालय से एक और जज की सिफारिश को लेकर थी, जबकि उसी उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति एनवी अंजारिया को सर्वोच्च न्यायालय में नियुक्त किए जाने के तीन महीने से भी कम समय बाद, यह सिफारिश की गई थी।

## वाइब्रेंट विलेजेज प्रोग्राम (वीवीपी) कार्यशाला का उद्घाटन गृह मंत्री ने किया

# शाह ने किया ऐलानः सीमावर्ती गांवों को बनाएंगे मजबूत

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने नई दिल्ली में आयोजित दो दिवसीय 'वाइब्रेंट विलेजेज प्रोग्राम' (वीवीपी) कार्यशाला के उद्घाटन सत्र को संबोधित किया। इस अवसर पर उन्होंने कार्यक्रम का लोगो भी लॉन्च किया। इस वर्कशॉप का आयोजन गृह मंत्रालय के बॉर्डर मैनेजमेंट डिवीजन की ओर से किया गया। कार्यक्रम में केंद्रीय गृह राज्य मंत्री बंडी संजय कुमार, गृह सचिव, आईबी निदेशक, बॉर्डर प्रबंधन सचिव, सीमा राज्यों के मुख्य सचिव, सीमा सुरक्षा बलों के महानिदेशक और संबंधित जिलों के कलेक्टर शामिल हुए। अमित शाह ने कहा कि वाइब्रेंट विलेजेज प्रोग्राम तीन मुख्य बिंदुओं पर आधारित है- सीमावर्ती गांवों से प्रवास रोकना और हर नागरिक तक केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं का 100% लाभ पहुंचाना तथा इन गांवों को राष्ट्रीय और सीमा सुरक्षा का मजबूत साधन बनाना। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जब देश के अंतिम गांव को पहला गांव घोषित किया, तो दृष्टिकोण बदल गया। अब लक्ष्य यह है कि हर सीमावर्ती गांव में बुनियादी सुविधाएं और रोजगार उपलब्ध हों ताकि लोग गांव छोड़कर न जाएं। अमित शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने लालकिले से कहा था कि जनसांख्यिकी बदलाव चिंता का विषय है। सीमावर्ती जिलों के कलेक्टरों को इसे गंभीरता से लेना होगा।

### रोजगार और पर्यटन से गांव होंगे आत्मनिर्भर




गृहमंत्री शाह ने कहा कि वीवीपी के तहत इन्फ्रास्ट्रक्चर, संस्कृति और पर्यटन को बढ़ावा देकर रोजगार सृजित किया जा रहा है। जिला कलेक्टरों को गांवों में डेयरी सहकारी समितियां बनाने के निर्देश दिए गए, ताकि कैम्प्स और सेना को दूध की आपूर्ति सीधे गांवों से हो। उन्होंने कहा कि अरुणाचल प्रदेश में आईटीबीपी द्वारा दूध, अंडा, सब्जियां और अनाज की स्थानीय खरीद का सफल प्रयोग किया गया है। इसे अब हर सीमावर्ती गांव में लागू किया जाएगा। बोले- होमस्टे जैसी योजनाओं को बढ़ाकर पर्यटन को रोजगार का साधन बनाया जाए। यदि सरकार उचित बुकिंग सिस्टम विकसित करे, तो सीमावर्ती गांवों का कोई भी घर खाली नहीं रहेगा।

**गांवों में पूरी सुविधाएं होंगी**

गृहमंत्री ने कहा कि टेलीकॉम, सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य और शुद्ध पेयजल जैसी बुनियादी सुविधाएं हर सीमावर्ती गांव में उपलब्ध कराई जाएंगी। उन्होंने कहा कि वीवीपी सिर्फ सरकारी कार्यक्रम नहीं बल्कि प्रशासनिक संस्कृति का हिस्सा बने। उन्होंने मनरेगा के तहत तालाब निर्माण, गहन वनीकरण और स्थायी ढांचों के विकास जैसे कार्यों पर जोर दिया।

### अरुणाचल का अनुभव और भविष्य की दिशा

अमित शाह ने कहा कि वीवीपी लागू होने के बाद अरुणाचल प्रदेश के कई गांवों की जनसंख्या बढ़ी है, जो सकारात्मक संदेश है। उन्होंने कहा कि यह प्रवृत्ति अन्य सीमावर्ती गांवों में भी दिखाई देनी चाहिए। उन्होंने कलेक्टरों से कहा कि युवा प्रशासनिक अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि कठिन भौगोलिक परिस्थितियों के बावजूद लोग अपने गांव न छोड़ें और वहां की आबादी लगातार बढ़े।

## कोर्ट से मराठा कार्यकर्ता को झटका

# मनोज जरांगे पूर्व अनुमति के बिना प्रदर्शन नहीं कर सकते


एजेंसी ▶▶ मुंबई

सामाजिक कार्यकर्ता मनोज जारंगे अधिकारियों से पूर्व अनुमति लिए बिना मराठा आरक्षण की मांग के लिए विरोध प्रदर्शन नहीं कर सकते। बॉम्बे हाईकोर्ट ने यह टिप्पणी मराठा कार्यकर्ता के मुंबई कूच के कार्यक्रम के एक दिन पहले की।



इससे पहले महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के ओएसडी ने मंगलवार को जालना में मराठा आरक्षण कार्यकर्ता मनोज जरांगे से मुलाकात की थी और उनसे गणपति उत्सव के मद्देनजर शुक्रवार से मुंबई में प्रस्तावित अपने आंदोलन को स्थगित करने का आग्रह किया था। जरांगे ने महाराष्ट्र सरकार को मंगलवार तक अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के तहत मराठा समुदाय को 10 प्रतिशत आरक्षण देने या प्रदर्शनकारियों के गुस्से का सामना करने की चेतावनी दी है।

बॉम्बे हाईकोर्ट ने मंगलवार को कहा कि मराठा आरक्षण कार्यकर्ता मनोज जारंगे अधिकारियों की पूर्व अनुमति के बिना विरोध प्रदर्शन नहीं कर सकते। इसके लिए उन्होंने गणेश उत्सव के दौरान मुंबई में कानून-व्यवस्था की स्थिति का हवाला दिया।



राजनाथ सिंह ने कहा कि इन युद्धपोतों में कई उन्नत क्षमताएं हैं। इनमें लंबी दूरी की सतह से सतह पर मार करने वाली मिसाइलें, सुपरसोनिक ब्रह्मोस मिसाइलें, स्वदेशी रॉकेट लॉन्चर, टारपीडो लॉन्चर, युद्ध प्रबंधन प्रणाली और अग्नि नियंत्रण प्रणाली लगाई जा सकती हैं। ये दोनों युद्धपोत समुद्र में खतरनाक अभियानों में गेम-चेंजर साबित होंगे

## समंदर के नए शूरवीर, आईएनएस उदयगिरि और हिमगिरि नौसेना में शामिल

# रक्षा मंत्री बोले- आत्मनिर्भर भारत का सपना हुआ साकार

एजेंसी ▶▶ विशाखापत्तनम

भारतीय नौसेना की ताकत लगातार बढ़ रही है। विशाखापत्तनम में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने समंदर के नए शूरवीर आईएनएस उदयगिरि और आईएनएस हिमगिरि को नौसेना में शामिल किया। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि दोनों युद्धपोतों के नौसेना में शामिल होने से स्पष्ट है कि आत्मनिर्भर भारत का सपना साकार हुआ है। भारतीय नौसेना की ताकत बढ़ी है। भारतीय नौसेना न केवल तटीय क्षेत्रों की रक्षा करती है, बल्कि हिंद महासागर क्षेत्र में शांति और समृद्धि भी बनाए रखती है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि आईएनएस उदयगिरि और आईएनएस हिमगिरि का जलावतरण हमारी दूरदर्शिता और प्रतिबद्धता का भी प्रमाण है। मैं इस अवसर पर भारतीय नौसेना को बधाई देता हूं। गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स (जीआरएसई) द्वारा निर्मित आईएनएस हिमगिरि और मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स लिमिटेड द्वारा निर्मित आईएनएस उदयगिरि दोनों आधुनिक युद्धपोत हैं जिनका निर्माण लगभग 75 प्रतिशत स्वदेशी सामग्री के साथ रक्षा निर्माण में सरकार के आत्मनिर्भर भारत के दृष्टिकोण के अनुरूप हैं।

### युद्धपोतों का निर्माण 75 प्रतिशत स्वदेशी सामग्री के साथ किया गया

### हिंद महासागर में समुद्री हितों की रक्षा में और मजबूत हुआ भारत



### आईएनएस तमाल अंतिम विदेशी ऑर्डर

*रक्षा मंत्री ने कहा कि आईएनएस तमाल भारतीय नौसेना के लिए अंतिम विदेशी ऑर्डर था। हमने निर्णय लिया है कि भारतीय नौसेना के लिए भविष्य में कोई भी जहाज विदेश में नहीं बनाया जाएगा। हम अपने जहाज भारत में ही बनाएंगे। यह रक्षा निर्माण में आत्मनिर्भरता की दिशा में एक बहुत ही निर्णायक कदम है। इन युद्धपोतों के जलावतरण के साथ भारतीय नौसेना ने एक शताब्दी पूरी कर ली है।*

### दोनों युद्धपोत में कई उन्नत क्षमताएं

दोनों पोज का वजन लगभग 6,700 टन, सी किंग हेलिकॉप्टर ले जाने में सक्षम, सुपरसोनिक ब्रह्मोस मिसाइल से लैस, जो समुद्र और जमीन दोनों लक्ष्यों पर 290+ किमी की दूरी से हमला करने में सक्षम हैं। अंतिम चरण में आने वाली मिसाइलों और ड्रोन को मार गिराने की क्षमता के लिए 76 मिमी एमआर गन और 30 मिमी और 12.7 मिमी क्लोज-इन सिस्टम, टारपीडो लॉन्चर, सोनार सिस्टम से लैस है, गहरे पानी में पनडुब्बी का पता लगाने में भी सक्षम है। डीजल इंजन और गैस टर्बाइनों से संचालित हैं। युद्ध प्रबंधन प्रणाली और अग्नि नियंत्रण प्रणाली लगाई जा सकती हैं। ये दोनों युद्धपोत समुद्र में खतरनाक अभियानों में गेम-चेंजर साबित होंगे।

### नीलगिरि क्लास में 7 युद्धपोत तैयार होंगे

*भारत में नीलगिरि-क्लास की स्टेल्थ फ्रिगेट्स को कोड के तौर पर प्रोजेक्ट 17-एल्फा (प्रोजेक्ट-17ए) का नाम भी दिया गया है। यह नौसेना के प्रोजेक्ट-17 फ्रिगेट यानी शिवालिक क्लास के अगले चरण के तौर पर देखा जाता है। शिवालिक क्लास के युद्धपोत अभी भी नौसेना में सक्रिया भूमिका में हैं। प्रोजेक्ट 17ए के तहत कुल सात युद्धपोत का निर्माण होना है और आईएनएस उदयगिरि और आईएनएस हिमगिरि उसका ही हिस्सा हैं। इस साल जनवरी में आईएनएस नीलगिरि नाम के युद्धपोत को नौसेना में शामिल किया गया। नीलगिरि श्रेणी के युद्धपोत प्रोजेक्ट के तहत सात में से चार पोत- नीलगिरि, उदयगिरि, तारागिरी और महेंद्रगिरी का निर्माण मझगांव डॉक लिमिटेड की ओर से किया जाना तय हुआ।*

---


## खबर संक्षेप

### पाक में बाढ़ से डूबे कई गांव, नहीं मिली मदद



**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के गिलगित-बाल्टिस्तान में ग्लेशियर और फ्लैश फ्लड ने भारी तबाही मचाई है। हजारों लोग अब भी पानी, बिजली और दवाइयों जैसी मूलभूत सुविधाओं से वंचित हैं। ग्लेशियर टूटने और मलबा बहने से सड़कें, खेत और घर बुरी तरह प्रभावित हुए हैं। करीब 300 घर बाढ़ की चपेट में आकर झील में समा गए हैं।

### 4 किलो हाइब्रिड गांजा बरामद, एक गिरफ्तार



**कोच्चि।** कोच्चि अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर मंगलवार को त्रिशूर के एक व्यक्ति के पास से 4 किलो से अधिक हाइब्रिड गांजा बरामद होने के बाद उसे गिरफ्तार कर लिया गया। यह व्यक्ति (27) बैंकॉक से यहां पहुंचा था। उसके बैग से हाइब्रिड गांजे के चार पैकेट मिले। इन्हें सीलबंद पैकेटों में भरा गया था ताकि गंध बाहर तक न आए। उन्होंने कहा कि आरोपी को हिरासत में ले लिया गया है।

### पूर्व राष्ट्रपति विक्रमसिंघे को मिली जमानत



**कोलंबो।** श्रीलंका की एक अदालत ने सरकारी धन के दुरुपयोग के मामले में पूर्व राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे को मंगलवार को जमानत दे दी। वह इस मामले में हिरासत में थे। विक्रमसिंघे ने कोलंबो के राष्ट्रीय अस्पताल की आईसीयू से डिजिटल माध्यम से सुनवाई में भाग लिया। यह सुनवाई 'कोलंबो फोर्ट मजिस्ट्रेट' निलुपुली लंकापुरा की अध्यक्षता में हुई।

---

## जम्मू-कश्मीर से लेकर हिमाचल तक भारी बारिश से मची तबाही

### भूस्खलन से सड़कें बंद

# डोडा में बादल फटा, 3 की मौत कई घर तबाह, बचाव कार्य जारी

*जम्मू-कश्मीर के डोडा जिले में मंगलवार को बादल फटने से अचानक तेज बारिश शुरू हो गई, जिसमें करीब 15 मकान बह गए और तीन लोगों की मौत हो गई। ये बादल डोडा जिले के थाथरी उप-मंडल में फटा है। प्रभावित इलाकों में राहत और बचाव का काम तेजी से किया जा रहा है, स्थानीय लोगों में दहशत का माहौल है*

एजेंसी ▶▶ श्रीनगर/ शिमला

जम्मू-कश्मीर और हिमाचल प्रदेश और में बादल फटने से भारी तबाही मची है। जम्मू-कश्मीर के डोडा जिले में मंगलवार को बादल फटने से अचानक तेज बारिश शुरू हो गई, जिसमें करीब 15 मकान बह गए और तीन लोगों की मौत हो गई। ये बादल डोडा जिले के थाथरी उप-मंडल में फटा है। प्रभावित इलाकों में राहत और बचाव का काम तेजी से किया जा रहा है, स्थानीय लोगों में दहशत का माहौल है।

जम्मू कश्मीर में भारी बारिश की वजह से फिलहाल मोबाइल और फाइबर नेटवर्क ठप हो गया है। जम्मू संभाग के सभी स्कूल आज बंद रहेंगे। डिप्टी कमिश्नर हरविंदर सिंह ने कहा कि तीन दिनों से लगातार बारिश हो रही है। खासकर चिनाब नदी के इलाकों में दो जगहों से बादल फटने की खबरें आई हैं। बादल फटने से एनएच-244 भी बह गया। हमारी टीम उसे बहाल करने में जुटी है।

- बादल फटने से एनएच-244 भी बह गया
- मोबाइल और फाइबर नेटवर्क पूरी तरह ठप



### 18 ट्रेनें रद्द

*नॉर्थ रेलवे ने मंगलवार को कटरा, उधमपुर और जम्मू रेलवे स्टेशनों से आने-जाने वाली 18 ट्रेनों को रद्द कर दिया है। रेलवे अधिकारियों के अनुसार, चक्की नदी पर भारी मिट्टी के कटाव और अचानक आई बाढ़ के कारण पठानकोट से हिमाचल प्रदेश के कंदरोरी तक ट्रेन सेवाएं भी निलंबित कर दी गई हैं। उन्होंने कहा कि फिरोजपुर, मांडा और चक रखवाल में चार ट्रेनों को शॉर्ट टर्मिनेट किया गया। उन्होंने कहा कि कटरा-श्रीनगर रूट पर ट्रेनों की आवाजाही जारी है।*



### तवी नदी खतरे के निशान से ऊपर बह रही

*उधमपुर में तवी नदी फिलहाल खतरे के निशान से ऊपर बह रही है। भगवती नगर में तवी नदी पर पुल का एक हिस्सा बह गया। इसका पानी जम्मू शहर तक पहुंच सकता है। एहतियात के तौर पर बिक्रम चौक, जम्मू से मुख्य तवी पुल को वाहनों की आवाजाही के लिए बंद कर दिया गया है। सीएम उमर अब्दुल्ला ने प्रशासन को प्रभावित परिवारों को भोजन, स्वच्छ पेयजल, दवाइयां और अन्य आवश्यक वस्तुओं की समय पर आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।*

### यातायात निलंबित

भूस्खलन और अचानक बाढ़ आने से कई इमारतें ढह गई और नेशनल हाईवे से संपर्क टूट गया। जम्मू-श्रीनगर और किश्तवाड़-डोडा नेशनल हाईवे पर यातायात निलंबित कर दिया गया है।

### पंजाब के पठानकोट में बांध टूटा

पहाड़ों और पंजाब में हो रही मूसलाधार बारिश के कारण भाखड़ा, पौंग, रणजीत सागर डैम से हजारों क्यूसेक पानी रोजाना सतलुज, ब्यास और रावी में छोड़ा जा रहा है। जिससे आठ जिलों पठानकोट, कपूरथला, मोगा, तरनतारन, फाजिल्का, फिरोजपुर, अमृतसर और होशियारपुर में हालात खराब होते जा रहे हैं। मंगलवार सुबह छह बजे पठानकोट बॉर्डर क्षेत्र के गांव पम्मा में रावी दरिया का जलस्तर बढ़ जाने से धुस्सी बांध टूट गया है। जिसके चलते करीब 10 गांव डूब गए है। चार हजार के करीब आबादी प्रभावित हुई है।

### लद्दाख: वाहन नदी में गिरा, केंद्रीय मंत्री रिजिजू ने 2 को बचाया

*केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने ट्वीट कर बताया कि लद्दाख में द्रास पहुंचने से पहले हमारे काफिले के ठीक आगे एक वाहन नदी में गिर गया। गनीमत रही कि हम समय पर पहुंच गए और दोनों व्यक्ति बच गए।*

### पिकअप वैन नदी में गिरी



*मंगलवार तड़के कुल्लू जिले के मनाली में ब्यास नदी की तेज धाराओं ने एक बहुमंजिला होटल और चार दुकानों को बहा दिया। उनके अनुसार, नदी के उफान पर होने से पानी मनाली के आलू मैदान में घुस गया और मनाली-लेह राजमार्ग कई जगहों पर अवरुद्ध हो गया। एक पिकवेन नदी में जा गिरी।*



### 30 अगस्त तक बंद रहेंगे पंजाब के सभी स्कूल

*पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने बताया कि भारी बारिश के पूर्वानुमान के कारण राज्य के सभी स्कूल 27-30 अगस्त तक बंद रहेंगे।*

### मनाली-लेह नेशनल हाईवे धंसा

*मनाली में ब्यास नदी जलस्तर इतना बढ़ गया कि पानी मनाली के मैदानी इलाकों में घुस गया, जिससे मनाली-लेह नेशनल हाईवे धंस गया।*

---

## ट्रंप की धमकियों का जवाब देगी तिकड़ी

# पुतिन और मोदी संग एकजुट होंगे चीनी राष्ट्रपति जिनपिंग



एजेंसी ▶▶ बीजिंग

ट्रंप की टैरिफ धमकियों के बीच चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने भारत के पीएम नरेंद्र मोदी और रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन सहित कई देशों के नेताओं को शंघाई सहयोग संगठन शिखर सम्मेलन में आमंत्रित कर बड़ा संदेश दिया है। यह सम्मेलन 31 अगस्त से एक सितंबर तक तियानजिन, चीन में आयोजित होगा। यह आयोजन अमेरिका को उभरते नए विश्व व्यवस्था का आईना दिखाने की रणनीति का हिस्सा है। यह शिखर सम्मेलन ऐसे समय में हो रहा है जब अमेरिका और ब्रिक्स देशों के बीच तनाव बढ़ रहा है। चीन इस आयोजन को यह दिखाने के लिए उपयोग करेगा कि अमेरिका, रूस, ईरान और अब भारत को अलग-थलग करने के उसके प्रयास विफल रहे हैं।

### अमेरिकी नेतृत्व कमजोर हो रहा

यह सम्मेलन दुनिया को यह संदेश देगा कि अमेरिकी नेतृत्व वाली व्यवस्था अब कमजोर हो रही है और बहुध्रुवीय दुनिया तेजी से आकार ले रही है। यह शिखर सम्मेलन भारत और चीन के लिए भी अहम माना जा रहा है। दोनों देशों के बीच लंबे समय से सीमा विवाद और तनाव रहा है। विशेषज्ञों का कहना है कि भारत इस सम्मेलन के जरिए चीन के साथ रिश्तों में सुधार की दिशा में कदम बढ़ा सकता है। उम्मीद है कि इस बैठक में दोनों देश सैनिकों की वापसी और व्यापार व वीजा पाबंदियों में ढील जैसे ऐलान कर सकते हैं। यह कदम द्विपक्षीय रिश्तों को नया आयाम देने में मदद करेगा।

### एससीओ में 10 स्थायी और 16 पर्यवेक्षक देश

शंघाई सहयोग संगठन आज 10 स्थायी और 16 पर्यवेक्षक देशों तक पहुंच चुका है। यह संगठन अमेरिका की नीतियों के खिलाफ सामूहिक हितों को सामने लाने का अहम मंच बन चुका है। इस साल का शिखर सम्मेलन 2001 में एससीओ की स्थापना के बाद अब तक का सबसे बड़ा आयोजन माना जा रहा है। चीन के विदेश मंत्रालय के एक अधिकारी ने इसे नए प्रकार के अंतरराष्ट्रीय संबंधों के निर्माण में एक महत्वपूर्ण ताकत बताया। यह न केवल क्षेत्रीय सहयोग को मजबूती देगा बल्कि जलवायु परिवर्तन जैसे वैश्विक मुद्दों पर भी संयुक्त प्रयासों का मार्ग प्रशस्त करेगा।

---

## पीएम मोदी की शुभकामनाओं पर जेलेंस्की ने दिया धन्यवाद

# रूस के साथ युद्ध खत्म कराने ट्रंप को छोड़ भारत पर जताया विश्वास

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

रूस के साथ जारी युद्ध के बीच पीएम नरेंद्र मोदी ने बीते 16 अगस्त को यूक्रेन के राष्ट्रपति को उनके देश के स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दीं थीं। जिसे लेकर मंगलवार को वोल्डोमीर जेलेंस्की ने अपनी एक्स पोस्ट के जरिए पीएम का धन्यवाद देते हुए कहा कि रूस के साथ जारी युद्ध को खत्म कराने में भारत के योगदान पर यूक्रेन भरोसा करता है। जेलेंस्की ने एक्स पोस्ट में कहा कि यूक्रेन भारत के शांति और संवाद को लेकर बने हुए समर्पण की सराहना करता है। अब पूरी दुनिया इस भयानक युद्ध को सम्मान और स्थायी शांति के साथ खत्म कराने के पक्ष में है। हम भारत के योगदान को महत्व देते हैं।

जेलेंस्की ने भी पीएम मोदी को 15 अगस्त को भारत के स्वतंत्रता दिवस के लिए अपनी शुभकामनाएं भी दी और उम्मीद जताते हुए कहा कि नई दिल्ली रूस के साथ युद्ध समाप्ति के प्रयासों में भागीदारी करेगी। पीएम मोदी ने यूक्रेनी राष्ट्रपति की बधाई के प्रति उन्हें धन्यवाद दिया था। जेलेंस्की ने बीते 24 अगस्त को पीएम मोदी द्वारा उन्हें भेजा गया एक पत्र भी अपनी पोस्ट में साझा किया।

---

## आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की लड़ाई अब कोर्ट पहुंची

# एलन मस्क की एक्सएआई ने एपल और ओपनएआई पर ठोका मुकदमा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अरबपति उद्यमी एलन मस्क की आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस स्टार्टअप कंपनी एक्सएआई ने अमेरिका की टेक्सास फेडरल कोर्ट में एपल और चैटजीपीटी बनाने वाली कंपनी ओपनएआई पर मुकदमा दायर किया है।

आरोप है कि दोनों कंपनियां मिलकर एआई बाजार में अपना वर्चस्व बनाए रखने और नए खिलाड़ियों को रोकने की कोशिश कर रही हैं। मुकदमे में कहा गया है कि एपल और




ओपनएआई ने बाजार को लॉक कर दिया है ताकि एक्स और एक्सएआई जैसी कंपनियां प्रतिस्पर्धा न कर सकें।

दरअसल, एपल ने ओपनएआई के साथ साझेदारी कर अपने आईफोन, आईपैड और मैक डिवाइस में चैटजीपीटी को इंटीग्रेट कर दिया है।

### मस्क ने अरबों डॉलर का मुआवजा मांगा

*एक्सएआई का दावा है कि अगर यह विशेष समझौता न होता तो एपल को एक्स और उसके ग्रोक एप को एपस्टोर पर ज्यादा प्रमुखता से दिखाने से रोकने का कोई कारण नहीं था। कंपनी ने अरबों डॉलर का मुआवजा मांगा है। इस पर प्रतिक्रिया देते हुए ओपनएआई के प्रवक्ता ने कहा कि यह मामला एलन मस्क की लगातार उत्पीड़न की रणनीति का हिस्सा है।*

### चैटजीपीटी सबसे तेजी से बढ़ने वाला एआई चैटबॉट

*बता दें, चैटजीपीटी ने लॉन्च के कुछ महीनों में ही इतिहास का सबसे तेजी से बढ़ने वाला कंज्यूमर एप बनने का रिकॉर्ड बनाया था। मस्क की एक्सएआई ने इसी साल मार्च में एक्स को 33 अरब डॉलर में खरीदा था ताकि अपने चैटबॉट ट्रेनिंग को बेहतर बना सके। उन्होंने अपने इलेक्ट्रिक वाहन ब्रांड टेसला में भी ग्रोक चैटबॉट को इंटीग्रेट किया है। मस्क की कंपनी एक्सएआई की शुरुआत दो साल से भी कम समय पहले हुई थी और यह माइक्रोसॉफ्ट समर्थित ओपनएआई और चीनी स्टार्टअप डीपसीक जैसी कंपनियों से मुकाबला कर रही है।*

---

## ईरान और ई3 देशों के बीच अंतिम दौर की परमाणु वार्ता शुरू

एजेंसी ▶▶ वियना

ई3 देश कहलाने वाले ब्रिटेन, फ्रांस और जर्मनी के प्रतिनिधि मंडल ने जिनेवा में ईरानी अधिकारियों के साथ अंतिम समय में परमाणु वार्ता की। यह बैठक उस समय हुई जब यूरोपीय देशों द्वारा ईरान पर प्रतिबंध फिर से लागू करने की समयसीमा तेज़ी से नजदीक आ रही है। इससे पहले 25 जुलाई को इस्तांबुल में यूरोपीय और ईरानी प्रतिनिधियों के बीच एक दौर की बातचीत हो चुकी है। ईरान द्वारा अपने परमाणु कार्यक्रम को लेकर अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आईएईए) के साथ सहयोग समाप्त करने के बाद यूरोपीय देशों की चिंताएं और बढ़ गई हैं।

---

## एससीओ घोषणापत्र में आतंकवाद की निंदा पर सहमति बनाने की कोशिश

# पीएम मोदी एससीओ में लेंगे भाग, कई देशों के साथ करेंगे द्विपक्षीय बैठकें

### 29, 30 अगस्त को भारत-जापान वार्षिक शिखर बैठक में भाग लेंगे

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पीएम नरेंद्र मोदी चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग के निमंत्रण पर शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए चीन के तियानजिन का दौरा करेंगे। इस शिखर सम्मेलन से इतर पीएम के कुछ द्विपक्षीय बैठकें करने की भी उम्मीद है। विदेश मंत्रालय में सचिव (पश्चिम) तन्मय लाल ने मंगलवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में यह जानकारी दी। पीएम मोदी की जापान और चीन यात्रा से पहले एक विशेष प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए, विदेश मंत्रालय के अधिकारी ने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग के निमंत्रण पर 31 अगस्त और 1 सितंबर को शंघाई सहयोग परिषद (एससीओ) प्रमुखों की परिषद की 25वीं बैठक के लिए चीन के तियानजिन का दौरा करेंगे।

**31 अगस्त और 1 सितंबर को चीन के तियानजिन का दौरा करेंगे**

**4 दिनों में जापान और चीन का दौरा करेंगे पीएम मोदी**

### आतंकवाद पर करेंगे चर्चा



तन्मय लाल ने तियानजिन में एससीओ शिखर सम्मेलन के लिए कार्यक्रम शेड्यूल जारी करते हुए कहा कि इसमें 31 अगस्त की शाम को एक स्वागत डिनर शामिल है। 1 सितंबर को मुख्य शिखर सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। पीएम द्वारा द्विपक्षीय बैठकें करने की भी उम्मीद है। उन्होंने बताया कि एससीओ के प्राथमिक लक्ष्यों में आतंकवाद, अलगाववाद और उग्रवाद की बुराइयों का मुकाबला करने पर चर्चा होगी।

### 28 अगस्त की शाम जापान रवाना होंगे

*विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने पीएम मोदी की जापान यात्रा के बारे में बताया कि पीएम मोदी 28 अगस्त की शाम को जापान की आधिकारिक यात्रा पर जा रहे हैं। वह जापान के पीएम शिगेरू इशिबा के साथ 15वीं भारत-जापान वार्षिक शिखर बैठक आयोजित करने के लिए 29 और 30 अगस्त को जापान में होंगे।*

### घोषणा पत्र को अंतिम रूप दे रहे

तन्मय लाल ने कहा कि 25वें एससीओ शिखर सम्मेलन के लिए घोषणापत्र को अंतिम रूप दिया जा रहा है। भारत सदस्य देशों और साझीदारों के साथ मिलकर इस दिशा में काम कर रहा है कि इसमें सीमा पार आतंकवाद की कड़ी निंदा की जाये। उन्होंने कहा कि अभी घोषणा पत्र तैयार नहीं किया जा सका है।



# हनी सिंह के गाने माफिया का टीजर हुआ रिलीज...

**मुंबई।** मंगलवार को रैपर हनी सिंह की एल्बम '51 ग्लोरियस डेज' के टाइटल ट्रैक माफिया का टीजर रिलीज हुआ। टी-सीरीज के बैनर तले बने इस गाने के टीजर में हनी पाजी का खतरनाक अंदाज देखने को मिल रहा है। इस गाने को अगले महीने 26 सितंबर को रिलीज किया जाएगा। कहा जा रहा है कि ये रैपर का मच अवेटेड गाना है, जिसके लिए फैंस बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। गाने के टीजर की शुरुआत होती है हनी सिंह के किश्ती वाले सीन से, जहां वो बोट में बैठकर कहीं पर जा रहे हैं। बोट पर अमेरिका का झंडा लगा हुआ है। इसके बाद वो बहुत सारे लोगों के साथ एक दम डॉन स्टाइल में वॉक करते नजर आते हैं।

लाइफ Style


# कृतिका

## सैयारा ने दिखाई रोमांटिक फिल्मों की ताकत

एजेंसी ▸▸ मुंबई

अभिनेत्री कृतिका कामरा हाल ही में सीरीज सारे जहां से अच्छा में फातिमा के रोल में नजर आई हैं। उनके इस किरदार और शो को ऑडियंस से अच्छी प्रतिक्रिया मिली है। साथ ही कृतिका के काम की भी तारीफ की गई है।

कृतिका टीवी से लेकर फिल्मों और अब ओटीटी तक, हर प्लेटफॉर्म पर काम कर रही हैं। एक्टिंग के साथ-साथ उन्होंने चंदेरी में सिनाबार नाम से फैशन इनिशिएटिव भी शुरू किया है, जो कारीगारों को मदद और पहचान दिलाने की कोशिश है। एक बातचीत में उन्होंने कहा, मेरा कॅरियर प्रेम कहानियों से शुरू हुआ और ऑडियंस का इतना प्यार मिला कि आज भी लोग मुझे उन्हीं रोल्स के लिए याद करते हैं। लेकिन, हाल के वर्षों में रोमांस को जोखिम माना जाने लगा था। अब सैयारा की सफलता ने यह साबित कर दिया है कि अच्छी रोमांटिक कहानियां हमेशा लोगों के दिल में उतरती हैं। मैं चाहती हूं कि मुझे एक ऐसी प्रेम कहानी मिले, जो दिल को छूने वाली हो, जो ऑडियंस को हंसा भी सके और रुला भी सके। सच कहूं तो रोमांस मेरे दिल के सबसे करीब है और मैं चाहती हूं कि फिर से एक ऐसी मोहब्बत की दास्तान करूं जिसे ऑडियंस बरसों तक याद रखें। मैं जल्दबाजी नहीं करती और सही मौके का इंतजार करती हूं। मुझे खुशी है कि मैं इंतजार कर सकती हूं। बस अफसोस इतना है कि महिलाओं के लिए गहरे और मजबूत किरदार कम मिलते हैं। किसी कहानी में आकर्षण तो स्वाभाविक होता है।



## हॉलीवुड मसाला




# तुम ये पूछने वाली होती कौन हो?

**लॉस एंजिल्स।** परिणीति चोपड़ा के मां बनने की खबर से प्रियंका चोपड़ा बेहद खुश हैं और उन्होंने सोशल मीडिया पर अपनी बहन और राघव चड्ढा को बधाई दी। प्रियंका के इस पोस्ट पर कुछ लोगों ने सवाल उठाए, वहीं कई प्रशंसकों ने उनका समर्थन किया। कुछ ने तो सवाल उठाने वालों से भी पूछा है कि तुम ये पूछने वाली हो कौन? परिणीति चोपड़ा मां बनने वाली हैं और अपनी चचेरी बहन की इस खुशखबरी पर प्रियंका चोपड़ा फूले नहीं समा रहीं। प्रियंका चोपड़ा ने सोशल मीडिया पर बहन के लिए ये प्यार जताते हुए कपल को बधाई दी है।



# जेरी एडलर ने द गुड वाइफ में दर्शकों का दिल जीता

**लॉस एंजिल्स।** अमेरिकी स्टार 'जेरी एडलर' का 96 साल की आयु में निधन हो गया। जेरी ने 62 साल की उम्र में अपना अभिनय कॅरियर शुरू किया। उन्होंने 'द सोप्रानोस' और 'द गुड वाइफ' में अपनी भूमिकाओं से दर्शकों का दिल जीता। जेरी एडलर ने अपने कॅरियर की शुरुआत ब्रॉडवे के पर्दे के पीछे स्टेज मैनेजर के रूप में की। उन्होंने माई फेयर लेडी, ऑफ द आई सिंग और द एप्पल ट्री जैसे प्रसिद्ध नाटकों में काम किया। वे कैथरीन हेपबर्न और जीरो मोस्टेल जैसे दिग्गजों के साथ भी जुड़े। 62 साल की उम्र में जेरी ने अभिनय शुरू किया। 1991 में ब्रुकलिन ब्रिज से डेब्यू करने के बाद, वे 1993 में वुडी एलेन की फिल्म 'मैनहट्टन मर्डर' मिस्ट्री में नजर आए। उनकी सबसे यादगार भूमिका द सोप्रानोस में हरमन हेश रबकिन की थी, जो 1999 से 2007 तक चली। इसके अलावा, द गुड वाइफ और द गुड फाइट में हॉवर्ड लाइमैन के किरदार में भी वे लोकप्रिय हुए।



# रागिनी एमएमएस की तीसरी किस्त में एंट्री

**मुंबई।** निर्माता और निर्देशक एकता कपूर एक बार फिर से अपनी आगामी फिल्म 'रागिनी एमएमएस 3' को लेकर चर्चा में बनी हुई हैं। हर बार की तरह इस बार फिल्म में नई स्टार कास्ट नजर आएगी, जिसमें अभी तक तमन्ना भाटिया की एंट्री हो चुकी है। वहीं, अब एक और एक्ट्रेस के होने की जानकारी सामने आई है। रागिनी एमएमएस 3 में तमन्ना भाटिया के बाद अब एकता कपूर की इस फिल्म में नोरा फतेही भी शामिल हो चुकी हैं। तमन्ना भाटिया जल्द ही हॉरर और थ्रिलर से भरी फिल्म 'रागिनी एमएमएस 3' में मुख्य भूमिका निभाएंगी। उन्हें इस फिल्म की कहानी और उसमें मौजूद हॉरर का तड़का बहुत पसंद आया, जिसके चलते उन्होंने इस प्रोजेक्ट के लिए हां कर दी है। तमन्ना के साथ अब खूबसूरत अभिनेत्री नोरा फतेही भी इस फिल्म का हिस्सा बन गई हैं।




# नई सीरीज डू यू वाना पार्टनर की घोषणा

**मुंबई।** निर्माता-निर्देशक करण जौहर ने नई सीरीज 'डू यू वाना पार्टनर' की घोषणा की है। करण ने अपने इंस्टाग्राम पर मंगलवार को सीरीज का पहला पोस्टर शेयर किया है। इस पोस्टर में सीरीज की लीड एक्ट्रेस तमन्ना भाटिया और डायना पेंटी नजर आ रही हैं। करण ने इसकी रिलीज डेट की भी घोषणा कर दी है, जिसके मुताबिक यह नई सीरीज 12 सितंबर से प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम करेगी। हालांकि, अभी तक सीरीज के बारे में और जानकारी तो सामने नहीं आई है और न ही इसकी कास्ट का पता चला है। लेकिन करण जौहर ने अपनी पोस्ट में तमन्ना और डायना के अलावा नकुल मेहता, श्वेता तिवारी, जावेद जाफरी, नीरज काबी और रणविजय जैसे सितारों को भी मेंशन किया है। जिससे ये उम्मीद जताई जा रही है कि ये सितारे भी सीरीज का प्रमुख हिस्सा हो सकते हैं।

## टीवी मसाला



# इन 7 सदस्यों पर लटकी घर से बेघर होने की तलवार

**नई दिल्ली।** सलमान खान का विवादित रियलिटी शो 'बिग बॉस 19' की धमाकेदार शुरुआत हो चुकी है। शो में इस बार 15 हस्तियों ने एंट्री की है, और आते ही बवाल काटना शुरू कर दिया है। जहां प्रीमियर के बाद दूसरे दिन घरवालों में आते ही झगड़ा देखने को मिला। वहीं, अब नॉमिनेशन्स भी शुरू हो गए हैं। इस हफ्ते बेघर होने के लिए कौन-कौन नॉमिनेट हुए हैं, उनके नाम आ चुके हैं। 'बिग बॉस 19' के 25 अगस्त वाले एपिसोड में सभी कंटेस्टेंट्स को असेम्बली रूम में बुलाया गया था। वहां पूछा गया कि अभी घरवालों को कौन-सा सदस्य कम एक्टिव है। ज्यादा वोट फरहाना भट्ट को मिले, जिसके बाद उन्हें घरवालों की नजरों में तो बेघर कर दिया गया लेकिन जनता के लिए वह सीक्रेट रूम में हैं, जहां से पूरे घर को मॉनीटर कर रही हैं। घरवालों को जहां ये लगा कि पहले हफ्ते का पहला एविक्शन हो गया है तो वह सेफ हैं। लेकिन ऐसा नहीं है। 26 अगस्त को आने वाले नॉमिनेशन स्पेशल में टास्क हुआ, और उसमें कुल सात कंटेस्टेंट्स बेघर होने के लिए नॉमिनेट किए गए। इसमें अभिषेक बजाज, गौरव खन्ना, जीशान कादरी, नीलम गिरी, तान्या मित्तल, नतालिया जानोसजेक और प्रणति मोरे का नाम शामिल है। वैसे हर सीजन की एक रीत रही है कि पहले हफ्ते मेकर्स किसी को बेघर नहीं करते। लेकिन इस बार अगर कुछ नया करना हुआ तो कोई एक सदस्य बाहर जा सकता है।

## बप्पा को घर लाए गुरमीत और देबिना

**नई दिल्ली।** गणेश चतुर्थी का त्योहार आ गया है। लोगों के घरों में बप्पा का आगमन होना शुरू हो गया है। बॉलीवुड में भी कई सेलेब्स हैं, जो हर साल बप्पा को अपने घर लाते हैं। अब इस साल भी ये सिलसिला शुरू हो गया है। टीवी से लेकर फिल्मों तक का सफर करने वाले अभिनेता गुरमीत चौधरी और उनकी पत्नी देबिना बनर्जी ने अपनी परंपरा को कायम रखा है। दोनों हर वर्ष की भांति इस साल भी अपने घर बप्पा को लाए हैं। अब इसका वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल है। गणपति के परम भक्त माने जाने वाले गुरमीत और देबिना के जोड़े ने अपनी बेटियों लियाना और दिविशा के साथ बप्पा का अपने घर में स्वागत किया है। वायरल वीडियो में दोनों अपनी गणपति की मूर्ति घर लाने से पहले एक मूर्ति की दुकान पर जाते हुए दिखाई दिए। इस वीडियो में परिवार बड़े प्यार से मूर्ति को ले जाते हुए दिखाई दे रहा है।



# अपनी मिमिक्री देख भड़के सुनील

## बोले- इतना घटिया मैंने कभी नहीं देखा

**मुंबई।** सुनील शेट्टी हाल ही में एक इवेंट में पहुंचे और इस दौरान जब एक आर्टिस्ट ने उनकी मिमिक्री की तो वह काफी भड़क गए। इतना ही नहीं, उन्होंने आर्टिस्ट को दोबारा उनकी मिमिक्री करने से मना कर दिया। सुनील शेट्टी जो आम तौर पर काफी कूल दिखते हैं, उनका नया वीडियो वायरल हो रहा है जिसमें वह गुस्से में नजर आ रहे हैं।



वीडियो में आप देखेंगे कि सुनील एक आर्टिस्ट को उनकी मिमिक्री करने के लिए डांट रहे हैं और सभी काफी हैरानी से एक्टर को देख रहे हैं। वीडियो भोपाल का बताया जा रहा है, हालांकि कब का है यह इवेंट पता नहीं चल पाया है। सुनील बोलते हैं, 'तब से यह भाईसहाब अलग-अलग डायलॉग बोल रहे हैं जो मेरी आवाज में है ही नहीं। इतना घटिया मिमिक्री मैंने कभी देखा बी नहीं है। जब सुनील शेट्टी बोलता है तो एक मर्द की तरह बोलता है, ये बच्चे की तरह बोल रहा था। बेटा जब मिमिक्री करते हो तो अच्छे से करनी चाहिए। खराब नकल नहीं करनी चाहिए।' सुनील की इस बात को सुनकर मिमिक्री आर्टिस्ट माफी भी मांगते हैं। वह बोलते हैं, 'सॉरी सर, मैं बिल्कुल आपकी मिमिक्री करने की कोशिश नहीं कर रहा था।' इस पर सुनील बोलते हैं कि कोशिश करना भी मत बेटा। अभी बहुत टाइम है सुनील शेट्टी बनने में, पीछे बाल बांधने से कुछ नहीं होता है। अभी बच्चा है, लगता है सुनील शेट्टी की एक्शन फिल्म नहीं देखी है इसने। इस वीडियो को देखकर सब काफी हैरान हैं और सुनील के रिएक्शन से निराश भी हैं। किसी ने कमेंट किया कि ये काफी रूड है।

# अनीत यशराज की फिल्म में मनीष संग करेंगी काम उधर विक्की कौशल की 'महावतार' को झटका

**मुंबई।** अनीत पड्डा के फैंस के लिए बड़ी खुशखरी है। खबर है कि यशराज फिल्म्स ने उन्हें एक और नई रोमांटिक फिल्म ऑफर की है, जिसे 'बैंड बाजा बारात' फेम मनीष शर्मा डायरेक्ट करेंगी। दूसरी ओर, चर्चा है कि विक्की कौशल की 'महावतार' पोस्टपोन हो गई है। अनीत पड्डा और अहान पांडे इन दोनों ही युवा कलाकारों के करियर पर आदित्य चोपड़ा की बारीक नजर है। 'सैयारा' की सफलता के बाद, दोनों ही जेन-जी के लिए रोमांस का चेहरा बनकर उभरे हैं। ऐसे में आदित्य का मानना है कि एक और रोमांटिक फिल्म के लिए यह एकदम सही समय है। उन्होंने इसके लिए अपने पुराने भरोसेमंद मनीष शर्मा पर दांव लगाया है। नई रोमांटिक फिल्म का प्री-प्रोडक्शन शुरू हो गया है। बैंड बाजा बारात और शुद्ध देसी रोमांस जैसी फिल्मों से मशहूर हुए मनीष शर्मा की यह फिल्म पंजाब पर आधारित होगी। इसकी शूटिंग 2026 की पहली छमाही में शुरू हो जाएगी। इससे पहले फिल्म की कास्टिंग पर काम होगा। अब यह देखना दिलचस्प होगा कि मेकर्स अनीत के अपोजिट लीड रोल में किसे कास्ट करते हैं। वैसे, मनीष शर्मा की पिछली फिल्म सलमान खान संग 'टाइगर 3' थी, जो बॉक्स ऑफिस पर दम नहीं दिखा पाई थी। दूसरी ओर, विक्की कौशल की फिल्म 'महावतार' इसी साल आखिरी तिमाही में फ्लोर पर आने वाली थी। लेकिन, अब इसके निर्माण में देरी होगी। विक्की इन दिनों संजय लीला भंसाली की 'लव एंड वॉर' में बिजी हैं। इसलिए वह 'महावतार' की शूटिंग अगले साल अप्रैल से पहले शुरू नहीं कर पाएंगे। ऐसे में इसे दिसंबर 2026 में रिलीज करना संभव नहीं होगा।



## देवा हो देवा गणपति देवा, तुमसे बढ़कर कौन ...

# बॉलीवुड के ये गाने गणेश चतुर्थी पर ले आते हैं भक्ति की शक्ति

**नई दिल्ली।** आज से देशभर में गणेश उत्सव शुरू हो रहा है। पंडाल सज चुके हैं और लोग गणपति बप्पा का स्वागत करने को बेताब हैं। ऐसे में बॉलीवुड के भक्ति से भरे ये गणेश चतुर्थी स्पेशल गाने उत्सव का रंग और खास बना देते हैं।

**देवा श्री गणेश (अग्निपथ)** : ऋतिक रोशन और प्रियंका चोपड़ा पर फिल्माए गए इस गाने का संगीत अजय अतुल ने दिया है। जबकि गाने को अजय गोगवाले ने आवाज़ दी है।

**मोरिया रे (डॉन (2013)** : शाहरुख़ खान पर यह गाना फिल्माया गया है, जिसे शंकर महादेवन ने आवाज़ दी है। जावेद अख्तर के लिखे इस गाने का संगीत शंकर-एहसान-लॉय ने दिया है, जो खासकर विसर्जन के वक्त बजाया जाता है।

**बप्पा (बैंजो)** : रितेश देशमुख और नर्गिस फखरी पर यह गाना फिल्माया गया है। गाने के बोल अमिताभ भट्टाचार्य ने लिखे हैं और विशाल-शेखर इसके कंपोजर हैं। विशाल ददलानी ने यह सॉन्ग गाया है।

**शंभू सुतया (एनी बडी कैन डांस)** : गणेश आचार्य, प्रभु देवा आदि पर फिल्माया गया यह गाना सचिन जिगर ने कंपोज किया है। गाने के बोल मयूर पुरी ने लिखे हैं और शंकर मदेवन और विशाल ददलानी ने इसे आवाज़ दी है।

**सड्डा दिल भी तू (एनी बडी कैन डांस)** : इस गाने को आवाज़ हार्ड कौर ने दी है। सचिन जिगर इसके कंपोजर हैं और मयूर पुरी ने इस गाने के बोल लिखे हैं।

**गजानना (बाजीराव मस्तानी)** : रणवीर सिंह, प्रियंका चोपड़ा, दीपिका पादुकोण जैसे कलाकारों से सजी फिल्म का यह गाना सुखविंदर सिंह ने गाया है।प्रशांत इंगोले ने इसके बोल लिखे हैं। श्रेयस पुराणिक ने गाने को कंपोज किया है।

**विघ्नहर्ता (अंतिम : द फाइनल ट्रुथ)** : सलमान खान और आयुष शर्मा स्टारर फिल्म का यह गाना वरुण धवन पर फिल्माया गया है। गाने के बोल वैभव जोशी ने लिखे हैं और संगीत हितेश मोदक ने दिया है। अजय गोगवाले इस इस गाने के सिंगर हैं।

**गणपति आरती (सरकार 3)** : अमिताभ बच्चन पर फिल्माया गया यह गाना उन्होंने ही गाया है। रोहन विनायक ने इस गाने का संगीत दिया है।

**गणपति बप्पा (दिन दहाड़े)** : सुरेश वाडकर और कुमार सानू ने इस गाने को आवाज़ दी है। गाने के कंपोजर जीतू-तपन हैं और नक्श ल्यालपुरी ने इस गाने के बोल लिखे हैं।

**देवा हो देवा (हमसे बढ़कर कौन)** : आशा भोसले, शैलेन्द्र सिंह, भूपिंदर, सपन चक्रवर्ती, और मोहम्मद रफ़ी ने यह गाना गाया है। राम लक्ष्मण इसके कंपोजर हैं और रविंदर रावल ने इसके बोल लिखे हैं।

**शेंदूर लाल चढ़ायो (वास्तव)** : गणेश चतुर्थी के लिए एक गान माना जाता है, इसे अक्सर गणेश के आगमन और विसर्जन के दौरान बजाया जाता है। संजय दत्त का भावनात्मक प्रदर्शन इसके प्रभाव को बढ़ाता है।

**'सुनो गणपति बप्पा मोरया (जुड़वा 2)** : वरुण धवन की फिल्म 'जुड़वा 2(2017)' में 'सुनो गणपति बप्पा मोरया.' बहुत ही शानदार ढंग से फिल्माया गया है। वरुण धवन ने इस गाने पर कमाल का डांस किया है। गणेश उत्सव में भी यह गीत आम जनमानस बजाते हैं।

**मेरा ही जलवा (वॉन्टेड)** : साल 2009 में रिलीज हुई सलमान खान की फिल्म वॉन्टेड में 'मेरा ही जलवा' नाम एक गाना था, जिसमें सलमान खान का किरदार गणेश उत्सव में जमकर डांस करता है। बप्पा की पूजा करता है। इस गाने में अनिल कपूर की झलक भी देखने को मिलती है।

**सुख कर्ता दुख हर्ता (अतिथि तुम कब जाओगे)** : अजय देवगन की फिल्म 'अतिथि तुम कब जाओगे(2010)' में मराठी भाषा की चर्चित गणेश आरती शामिल थी। यह फिल्म के क्लाइमैक्स में आती है। यह आरती फिल्म में दिए गए संदेश को और भी खास बना देती है।



## खबर संक्षेप



### ग्रैंडस्लैम एकल मैच जीतने वाले हांगकांग के पहले खिलाड़ी बने वोंग

**न्यूयॉर्क।** इक्कीस वर्ष के कोलमैन वोंग 1968 के बाद से ओपन युग में किसी ग्रैंडस्लैम में एकल मैच जीतने वाले हांगकांग के पहले खिलाड़ी बन गए। वोंग ने अमेरिका के अलेक्जेंडर कोवासेविच को सीधे सेटों में 6-4, 7-5, 7-6 से हराया। जीत के बाद उन्होंने कहा मेरे लिये यह बड़ा पल है। मेरे परिवार और हांगकांग के लोगों के लिये भी।'' वोंग के आदर्श रफेल नडाल हैं और उनका परिवार स्पेन जा बसा था ताकि वह राफा नडाल अकादमी में प्रशिक्षण ले सकें। वोंग ने कहा ,''यह टूर्नामेंट हर टेनिस खिलाड़ी का सपना है। हर खिलाड़ी यहां अच्छा प्रदर्शन करना चाहता है। मैं इस लय को कायम रखना चाहता हूं।

### आस्ट्रेलियाई ओपन के पहले दौर में हारी कीस



**न्यूयॉर्क।** आस्ट्रेलियाई ओपन चैम्पियन मेडिसन कीस को अमेरिकी ओपन के पहले दौर में मैक्सिको की 82वीं रैंकिंग वाली रेनेटा जाराजुआ ने हराकर उलटफेर कर दिया। छठी वरीयता प्राप्त कीस ने 89 सहज गलतियां और 14 डबल फाल्ट किये जिसकी वजह से उन्हें 7-6, 6-7, 5-6 से पराजय का सामना करना पड़ा। अन्य मुकाबलों में ब्राजील के 19 वर्ष के जोओ फोंसेका ने अमेरिकी ओपन में पदार्पण के साथ जीत दर्ज करते हुए मियोमीर केसमानोविच को 7-6, 7-6, 6-3 से हराया। वहीं कनाडा की 18 वर्ष की विकी एमबोको ने दो बार के ग्रैंडस्लैम चैम्पियन बारबोरा क्रेसिकोवा को 6-3, 6-2 से मात दी। दो बार की विम्बलडन चैम्पियन पेत्रा क्वितोवा को डायने पैरी ने 6-1, 6-0 से हराया। 2022 में सेमीफाइनल तक पहुंची कैरोलिन गार्सिया अपने कैरियर के आखिरी टूर्नामेंट में कामिला रखिमोवा से 6-4, 4-6, 6-3 से हारकर बाहर हो गई।

### हॉकी एशिया कप में दर्शकों को निशुल्क प्रवेश

**राजगीर।** इंडिया ने घोषणा की कि 29 अगस्त से शुरू हो रहे एशिया कप में दर्शकों को मुफ्त प्रवेश मिलेगा। हॉकी इंडिया ने एक बयान में कहा ,'' प्रशंसक डब्ल्यूडब्ल्यूडब्ल्यू टिकट जिनी डॉट इन या हॉकी इंडिया ऐप के जरिये मुफ्त टिकट पा सकते हैं। उन्हें प्रक्रिया पूरी करने पर वर्चुअल टिकट मिलेगा। हीरो पुरूष एशिया कप में आठ टीमें भारत, जापान, चीन, कजाखस्तान, मलेशिया, कोरिया, बांग्लादेश और चीनी ताइपै भाग लेंगी। यह 2026 में नीदरलैंड और बेल्जियम में होने वाले विश्व कप का क्वालीफायर टूर्नामेंट भी है। भारत को पूल ए में जापान, चीन और कजाखस्तान के साथ रखा गया है।

### बंगाल वारियर्स के कप्तान बने देवांक दलाल



**कोलकाता।** बंगाल वारियर्स ने मंगलवार को प्रो कबड्डी लीग के 12वें सत्र के लिए स्टार रेडर देवांक दलाल को अपना कप्तान बनाने की घोषणा की। अनुभवी डिफेंडर नितेश कुमार डिफेंस कप्तान होंगे। दो करोड़ 20 लाख 50 हजार रुपये के साथ सबसे महंगे भारतीय खिलाड़ी बने देवांक ने सिर की गंभीर चोट से उबरने के दो साल बाद 11वें सत्र में रिकॉर्ड 301 रेड अंक बनाए थे। पीकेएल के सत्र में 100 टैकल अंक के आंकड़े को पार करने वाले एकमात्र खिलाड़ी नितेश ने अपने करियर में 400 से अधिक टैकल अंक जुटाए हैं और बंगाल की टीम के डिफेंस में अपनी उपयोगिता साबित करते रहे हैं।

# 16 साल के रियो ने अंतिम पल में न्यूकैसल का सपना किया चकनाचूर

एजेंसी ▶▶| लंदन

सेंट जेम्स पार्क में खेले गए इस मुकाबले को प्रीमियर लीग के सबसे रोमांचक मैचों में गिना जाएगा। पांच गोल, एक रेड कार्ड, 10 खिलाड़ियों वाली न्यूकैसल यूनाइटेड ने जबरदस्त वापसी की लेकिन अंतिम समय यानी 100वें मिनट में लिवरपूल के 16 साल के खिलाड़ी रियो के निर्णायक गोल ने पूरा मुकाबला ही बदल दिया और विपक्षी टीम का सपना चकनाचूर कर दिया। लिवरपूल के युवा खिलाड़ी रियो न्गुमोहा ने सबसे कम उम्र में प्रीमियर लीग में गोल करके इतिहास रच दिया और अपनी टीम को जीत दिला दी।

### मैच से पहले तनावपूर्ण माहौल

इस मैच का बैकग्राउंड पहले से ही गर्म था। न्यूकैसल के स्टार स्ट्राइकर अलेक्जेंडर इसाक के संभावित लिवरपूल ट्रांसफर की अफवाहों ने माहौल को और अधिक उबाल दिया था। इसाक ने खुलेआम क्लब छोड़ने की इच्छा जताई थी, लेकिन न्यूकैसल ने 150 मिलियन की मांग पूरी हुए बिना उन्हें बेचने से इनकार कर दिया।

### एकिटिके भी रहे खबरों में

उधर, लिवरपूल के लिए नया स्ट्राइकर ह्यूगो एकिटिके भी खबरों में थे। न्यूकैसल उन्हें साइन करना चाहता था, लेकिन वह लिवरपूल में शामिल हो गए। इससे न्यूकैसल के फैंस नाराज़ हो गए और मैच से पहले ही उन्होंने एकिटिके पर तंज कसा।

### लिवरपूल को दिलाई 3-2 से दमदार जीत



### एंथनी को रेड कार्ड, लिवरपूल का दबदबा

मैच की शुरुआत में न्यूकैसल यूनाइटेड ने आक्रामक रुख अपनाया और कई मौके बनाए, लेकिन अलेक्जेंडर इसाक की गैरमौजूदगी साफ़ झलक रही थी। लिवरपूल ने रयान ग्रेवेनबेर्च के ज़रिए बढ़त बनाई और फिर एकिटिके ने स्कोर 2-0 कर दिया। हालात तब और बिगड़ गए जब न्यूकैसल के एंथनी गॉर्डन को पहले हाफ के अंतिम क्षणों में वर्जिल वान डाइक पर फाउल करने के लिए रेड कार्ड दिखाया गया।

### न्यूकैसल के ब्रूनो व ओसुला ने स्कोर किया बराबर

दूसरे हाफ की शुरुआत में न्यूकैसल ने हिम्मत नहीं हारी। उन्होंने अपने सेट पीस का बखूबी इस्तेमाल किया। ब्रूनो गुइमारेस ने लिवरामेंटो के थ्रो-इन को गोल में बदला और फिर विलियम ओसुला ने गोल कर स्कोर 2-2 कर दिया। न्यूकैसल ने 10 खिलाड़ियों के साथ शानदार वापसी की और ऐसा लग रहा था कि मैच ड्रॉ पर खत्म होगा।

### रियो बने सबसे कम उम्र के गोल स्कोरर

मैच का सबसे खास और ऐतिहासिक पल 100वें मिनट में आया, जब 16 साल और 361 दिन के रियो न्गुमोहा ने गोल कर लिवरपूल को 3-2 से जीत दिला दी। इस गोल के साथ वह क्लब के सबसे कम उम्र के गोल स्कोरर बन गए और प्रीमियर लीग इतिहास में वेन रूनी के बाद चौथे सबसे युवा गोल करने वाले खिलाड़ी भी बने।

### लिवरपूल चमकता सितारा

रियो न्गुमोहा का यह डेब्यू किसी सपने से कम नहीं था। अगर यह परफॉर्मेंस उनकी प्रतिभा की झलक है, तो लिवरपूल को भविष्य का एक चमकता सितारा मिल चुका है। मर्सीसाइड और टाइनसाइड आज रियो न्गुमोहा के नाम को लंबे समय तक याद रखेंगे।

दलीप ट्रॉफी 2025 का आगाज 28 से, रोमांचक मैचों की श्रृंखला होगी शुरू

# किशन ईस्ट, शार्दुल वेस्ट, तिलक साउथ और शुभमन बने नॉर्थ जोन के कप्तान

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

दलीप ट्रॉफी 2025 की शुरुआत 28 अगस्त से हो जाएगी। इस घरेलू टूर्नामेंट में कई अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी हिस्सा लेते हुए नजर आएंगे। हाल ही में इंग्लैंड दौरे पर भारत की कप्तानी करने वाले शुभमन गिल नॉर्थ जोन का नेतृत्व करते हुए नजर आएंगे।

बता दें कि उनके नेतृत्व में खेलते हुए एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी 2025 आखिर में 2-2 से बराबर रही थी। दलीप ट्रॉफी टूर्नामेंट की टीमें, शेड्यूल घोषित हो गया है। सभी मैच भारतीय समयानुसार सुबह 9:30 बजे से शुरू होंगे।

### 28 अगस्त से शुरू होगा टूर्नामेंट

28 अगस्त को दोनों क्वार्टर फाइनल मुकाबले खेले जाएंगे। पहले क्वार्टर फाइनल मैच में नॉर्थ जोन का सामना साउथ जोन से होगा। इसके बाद दूसरे क्वार्टर फाइनल में सेंट्रल जोन और साउथ जोन की टीमें आमने-सामने होंगी। इसके बाद 4 सितंबर से दोनों सेमीफाइनल मुकाबले खेले जाएंगे। आखिर में 11 सितंबर से फाइनल मुकाबला खेला जाएगा। यह सभी मैच बीसीसीआई के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस ग्राउंड-ए और बी, बेंगलुरु में खेले जाने तय हैं।



**साउथ जोन**

टीम : तिलक वर्मा (कप्तान), मोहम्मद अजहरुद्दीन (उपकप्तान), तन्मय अग्रवाल, देवदत्त पडिक्कल, मोहित काले, सलमान निजार, नारायण जगदीसन, त्रिपुराना विजय, आर साई किशोर, तनय त्यागराजन, विजयकुमार वैश्यक, निधिश एमडी, रिकी भुई, बासिल एनपी, गुरजापनीत सिंह, और स्नेहल कौथंकर।



**ईस्ट जोन**

टीमः ईशान किशन (कप्तान), अभिमन्यु ईश्वरन (उपकप्तान), संदीप पटनायक, विराट सिंह, डेनिश दास, श्रीदाम पॉल, शरणदीप सिंह, कुमार कुशाग्र, रियान पराग, उत्कर्ष सिंह, मनीषी, सूरज सिंधु जायसवाल, मुकेश कुमार, आकाश दीप और मोहम्मद शमी।

**वेस्ट जोन**



टीमः शार्दुल ठाकुर (कप्तान), यशस्वी जायसवाल, आर्या देसाई, हार्विक देसाई (विकेटकीपर), श्रेयस अय्यर, सरफराज खान, रुतुराज गायकवाड़, जयमीत पटेल, मनन हिंगराजिया, सौरभ नवाले (विकेटकीपर), शम्स मुलानी, तनुश कोटियन, धर्मेंद्रसिंह जडेजा, तुषार देशपांडे और अर्जन नागवासवाला।

**सेंट्रल जोन की कप्तानी करेंगे ध्रुव जुरेल**



टीमः ध्रुव जुरेल (कप्तान/ विकेटकीपर), रजत पाटीदार, आर्यन जुयाल, दानिश मालेवार, संजीत देसाई, कुलदीप यादव, आदित्य ठाकरे, दीपक चाहर, सारांश जैन, आयुष पांडे, शुभम शर्मा, यश राठौड़, हर्ष दुबे, मानव सुथार और खलील अहमद।

**नॉर्थ जोन**



टीमः शुभमन गिल (कप्तान), शुभम खजूरिया, अंकित कुमार (उपकप्तान), आयुष बडोनी, यश दुल, अंकित कलसी, निशांत संधू, साहिल लोत्रा, मयंक डागर, युद्धवीर सिंह चरक, अर्शदीप सिंह, हर्षित राणा, अंशुल कंबोज, औकिब नबी और कन्हैया वधावन।

एशियाई चैम्पियनशिप

# राइफल निशानेबाज सिफत को एशियाई चैम्पियनशिप में दो स्वर्ण



एजेंसी ▶▶| शिमकेंट (कजाखस्तान)

ओलंपियन सिफत कौर सामरा ने एशियाई निशानेबाजी चैम्पियनशिप में मंगलवार को यहां महिलाओं की 50 मीटर राइफल थ्री पोजिशंस में व्यक्तिगत वर्ग का स्वर्ण जीतने के साथ भारत को टीम स्पर्धा में भी पीला तमगा दिलाया। विश्व रिकॉर्डधारी सामरा ने फाइनल में 459 . 2 स्कोर करके चीन की यांग यूजी (458 . 8) को हराया। वहीं सामरा, अंजुम मुद्गिल और आशी चौकसे की तिकड़ी ने टीम वर्ग में स्वर्ण पदक जीता। एशियाई चैम्पियनशिप में यह सामरा का चौथा स्वर्ण है। वह आठ निशानेबाजों के फाइनल में 589 अंक के साथ शीर्ष पर रहते हुए फाइनल में पहुंची थी।

### सामरा और आशी फाइनल में पहुंचे

भारत की श्रियांका साडंगी क्वालीफिकेशन में शीर्ष पर रही थी लेकिन वह सिर्फ रैंकिंग अंकों के लिये खेल रही थी लिहाजा सामरा और आशी पहले और चौथे स्थान पर रहकर फाइनल में पहुंचे। सामरा ने नीलिंग में 151 . 0 और प्रोन में 156 . 2 स्कोर किया। स्टैंडिंग एलिमिनेशन दौर में वह चीनी प्रतिद्वंद्वी से 0 . 4 अंक आगे रही। जापान की नोबाता मिसाकी (448 . 2) को कांस्य पदक मिला । आशी 402 . 8 अंक लेकर सातवें स्थान पर रही।

### खिलाड़ियों का ऐसा रहा प्रदर्शन

क्वालीफिकेशन में सामरा ने 589 स्कोर किया जबकि आशी का स्कोर 586 और अंजुम का 578 रहा। तीनों ने कुल 1753 अंक के साथ शीर्ष स्थान हासिल किया। जापान 1750 अंक लेकर दूसरे और दक्षिण कोरिया 1745 अंक के साथ तीसरे स्थान पर रहा। दो बार की ओलंपियन अंजुम 41 निशानेबाजों में 22वें स्थान पर रही। सोमवार को राष्ट्रीय खेल चैम्पियन नीरू ढांडा ने महिला ट्रैप वर्ग में स्वर्ण जीता था।

केरल क्रिकेट लीग

# संजू ने एक गेंद पर बनाए 13 रन; गेंदबाज के उड़ाए होश



एजेंसी ▶▶| तिरुवनंतपुरम

केरल क्रिकेट लीग 2025 में संजू सैमसन ने बल्ले से गजब का तमाशा दिखाया। एक ही गेंद पर दो छक्के लगाकर 13 रन बटोरे।

संजू ने न केवल मैदान में बल्कि सोशल मीडिया पर भी तहलका मचा दिया। लीग के मुकाबले में मंगलवार को तिरुवनंतपुरम के ग्रीनफील्ड इंटरनेशनल स्टेडियम में संजू ने कोच्चि ब्लू टाइगर्स की ओर से खेलते हुए त्रिशूर टाइटन्स के खिलाफ 46 गेंदों पर 89 रन ठोके, जिसमें 4 चौके और 9 गगनचुंबी छक्के शामिल रहे।

### दूसरा सिक्स लगते ही झूम उठे दर्शक

मैच का सबसे रोमांचक पल पांचवें ओवर में आया, जब त्रिशूर टाइटन्स के कप्तान सिजोमन जोसेफ की गेंद पर सैमसन ने डीप एक्स्ट्रा कवर के ऊपर लंबा छक्का जड़ा। अंपायर ने इसे नो-बॉल करार दिया और अगली गेंद फ्री-हिट मिली। सैमसन ने मौके को भुनाते हुए मिडविकेट पर एक और छक्का जड़ दिया। इस तरह एक गेंद से कुल 13 रन बने और स्टेडियम तालियों से गूंज उठा।

## महिला विश्व कप ट्रॉफी इंदौर पहुंची...




**इंदौर।** आईसीसी महिला एकदिवसीय विश्व कप ट्रॉफी टूर ने शहर के सबसे ऐतिहासिक और दर्शनीय स्थलों, जैसे राजवाड़ा पैलेस, गांधी हॉल, केंद्रीय संग्रहालय, सिरपुर झील और पितृ पर्वत का भ्रमण करते हुए इंदौर में अपना पड़ाव डाला। तीस सितंबर से शुरू होने वाले इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट के दौरान इंदौर पांच मैचों की मेजबानी करेगा।

सिनक्यूफील्ड कप

### प्रज्ञानानंदा को संयुक्त बढ़त, गुकेश हारे

**सेंट लुइस।** भारतीय ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानानंदा ने फ्रांस के अलीरजा फिरोजा को हराकर ग्रैंड शतरंज टूर के सिनक्यूफील्ड कप के सातवें दौर के बाद संयुक्त बढत बना ली। लगातार ड्रॉ के बाद प्रज्ञानानंदा की यह दूसरी जीत है। वह अमेरिका के फेबियानो कारूआना के साथ 4.5 अंक लेकर शीर्ष पर हैं जबकि विश्व चैम्पियन डी गुकेश को अमेरिका के वेसली सो के हाथों पराजय का सामना करना पड़ा। लेवोन आरोनियन और वेसली चार अंक लेकर तीसरे स्थान पर हैं। फ्रांस के मैक्सिम वाचियेर लाग्रेव, पोलैंड के डुडा जान क्रिस्टोफ और अमेरिका के सैमुअल सेवियान संयुक्त पांचवें स्थान पर हैं।

समय सीमा निकल जाने के बाद लेनी होगी एसीसी से परमिशन

# एशिया कप की टीमें 30 तक बदल सकती हैं खिलाड़ी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

एशिया कप 2025 की तैयारियां जोरों पर हैं। यह टूर्नामेंट इस बार 9 सितंबर से 28 सितंबर तक संयुक्त अरब अमीरात के अबू धाबी और दुबई में खेला जाएगा। खास बात यह है कि इस बार टूर्नामेंट टी20 फॉर्मेट में होगा, जो कि टी20 वर्ल्ड कप से पहले सभी टीमों के लिए एक बेहतरीन तैयारी का मौका होगा।

प्रतियोगिता में कुल आठ टीमें भाग लेंगी, जिन्हें दो ग्रुप में बांटा गया है। खास बात यह है कि एसीसी ने भाग ले रहीं टीमों को 30 अगस्त तक छूट दी है कि वे अपने स्क्वाड में बिना अनुमति के बदलाव कर सकती हैं। समय सीमा बीत जाने के बाद टीमों में बदलाव के लिए एसीसी से अनुमति लेनी होगी। एशिया कप 2025 में भारत-पाकिस्तान का पहला मुकाबला 14 सितंबर को होगा।




### स्क्वॉड में बदलाव के लिए तारीख घोषित

टूर्नामेंट से पहले सभी टीमें अपने-अपने स्क्वॉड की घोषणा कर चुकी हैं। भारत, पाकिस्तान, बांग्लादेश, अफगानिस्तान, हांगकांग और ओमान ने अपनी-अपनी टीमों की घोषणा कर दी है। श्रीलंका और यूएई ने अब तक अपनी टीम नहीं बताई है।

एशियाई क्रिकेट परिषद की गाइडलाइंस के अनुसार, 30 अगस्त तक टीमें बिना किसी अनुमति के अपने स्क्वॉड में बदलाव कर सकती हैं। ये बदलाव किसी चोटिल खिलाड़ी की जगह भी हो सकते हैं या बिना किसी विशेष कारण के भी।

बिहार सरकार

**समाहरणालय, कैमूर**
(मद्यनिषेध एवं उत्पाद शाखा)
**वाहन नीलामी हेतु अति अल्पकालीन आम सूचना**

**(बिहार मद्यनिषेध एवं उत्पाद अधिनियम 2016 एवं संशोधित अधिनियम 2018 के सुसंगत प्रावधानों के तहत राज्यसात किये गये वाहनों की (अल्पकालीन सार्वजनिक नीलामी सूचना)**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि कैमूर जिलान्तर्गत विभिन्न थाना काण्डों/उत्पाद वादों में निम्न वाहनों का बिहार मद्यनिषेध एवं उत्पाद अधिनियम 2016 एवं संशोधित अधिनियम 2018 के सुसंगत प्रावधानों के तहत विभिन्न अधिहरण वादों में न्यायालय अनुमण्डल दण्डाधिकारी, कैमूर (भभुआ) के उत्पाद न्यायालयों द्वारा राज्यसात (Confiscate) किये गये वाहनों की सार्वजनिक नीलामी (Public Auction)'' जहाँ है, जैसे है'' के रूप में समाहर्ता, कैमूर द्वारा गठित नीलामी समिति के द्वारा 11.00 बजे पूर्वाह्न से अधीक्षक मद्यनिषेध, कैमूर (भभुआ) में निम्न प्रकार से की जायेगी।

| आवेदन प्राप्त करने की तिथि | वाहन निलामी की तिथि | | आवेदन प्राप्त करने का स्थान |
|---|---|---|---|
| 06.09.2025 | नीलामी की पहली तिथि | 08.09.2025 | कार्यालय अधीक्षक मद्यनिषेध, कैमूर (भभुआ) |
| 10.09.2025 | शेष बचे वाहनों की नीलामी की दूसरी तिथि | 11.09.2025 | |
| 13.09.2025 | शेष बचे वाहनों की नीलामी की तीसरी तिथि | 15.09.2025 | |

**बिहार राज्य एवं मध्यप्रदेश राज्य अंतर्गत प्रेस विज्ञप्ति हेतु संबंधित वाहनों की विवरणी**

| क्र0 | थाना | थाना काण्ड संख्या | वाहन प्रकार | निबंधन सं0 | वाहन स्वामी का नाम एवं पता | अधिहरण आदेश तिथि | अधिहरण वाद सं0 | मूल्यांकित राशि | अग्रधन की राशि | अभियुक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | मद्यनिषेध | 960/24 | TVS Jupiter | MP05MR-6165 Ch- MD626EG44H1C36231 Eng- EG4CH1X54158 | श्री रामाशिष साह, पे0–खोभारी साह, सा0–12– बंगलो, इतारसी, जिला–होशंगाबाद, म0प्र0 | 28.02.2025 | 95/25 | 20000 | 2000 | |

1. नीलामी की प्रक्रिया माननीय न्यायालय के आदेश के आलोक में प्रभावित हो सकती है। इस संबंध में नीलामी में सफल क्रेता का किसी भी प्रकार का कोई दावा मान्य नहीं होगा। विस्तृत जानकारी कैमूर जिला के वेबसाईट www.kaimur.nic.in या अधीक्षक मद्यनिषेध, कैमूर से प्राप्त की जा सकती है।

उक्त सूचना **www.state.bihar.gov.in/prdbihar** पर भी देखी जा सकती है।

समाहर्ता–सह–जिला दण्डाधिकारी
कैमूर (भभुआ)

PR. No. 012494 (Excise) 25-26

नशे की मार, बर्बाद करे सुखी परिवार।

# आलियांस फ्रांसेज में 'द लिटिल प्रिंस' का गोंडी भाषा में अनुवाद का प्रोजेक्ट लॉन्च

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

द लिटिल प्रिंस' सेंट-एक्सुपेरी की सबसे सफल कृति बन गई, जिसकी दुनिया भर में अनुमानित 14 करोड़ प्रतियों बिकीं, जो इसे इतिहास की सबसे ज्यादा बिकने वाली कृतियों में से एक बनाती है। इस पुस्तक का दुनिया भर में 627 से ज्यादा भाषाओं और बोलियों में अनुवाद हो चुका है, जो बाइबिल के बाद अब तक प्रकाशित दूसरी सबसे ज्यादा अनुवादित कृति हैं। द लिटिल प्रिंस को अब पहली बार गोड़ी भाषा में अनुवादित करने का काम किया जा रहा है एकलव्य फाउंडेशन के सहयोग से। आलियांस फ्रांसेज द भोपाल के द्वारा जिसे गोंडी भाषा में अनुवादित करेंगी उर्मिला तेकाम। यह जानकारी मंगलवार को आलियांस फ्रांसेज में 'द लिटिल प्रिंस' के प्रोजेक्ट लांच अवसर पर एकलव्य फाउंडेशन की एडिटर फारेन राइट शैलजा श्रीनिवासन ने दी।

**पहली फ्रेंच किताब, जिसका होगा गोंडी भाषा में अनुवाद**





### बाल कलाकारों ने पुस्तक के कुछ अंशों पर की नाटिका

इस अवसर पर आलियांस फ्रांसेज के कलाकारों द्वारा 'द लिटिल प्रिंस' पर आधारित एक लघु नाटिका को भी फ्रेंच भाषा में प्रस्तुत किया। जिसका हिंदी अनुवाद एकलव्य संस्था ने तो गोंडी ट्रासलेशन पढ़ा मुस्कान एनजीओ के बच्चों ने। इस अवसर पर बड़ी संख्या में कला और साहित्य प्रेमी मौजूद थे। शैलजा ने कहा कि किसी फ्रेंच पुस्तक का गोंडी भाषा में अनुवाद का काम पहली बार हो रहा है, जिसमें गोंडी भाषा में पुस्तक आने के बाद इसे हम गोंडी क्षेत्रों के बच्चों को निशुल्क भी वितरित करेंगे साथ ही कई लाइब्रेरी में रखवाऐंगे ताकि साहित्य प्रेमी इसे पढ़ें और प्रेरणा लें।

## गणेशजी की चतुर्भुज, अष्टम भुजा युक्त मूर्तियां हैं खास

# राज्य पुरातत्व संग्रहालय में 12वीं-13वीं शताब्दी की भगवान गणेश की मूर्तियां



हिंगलाज गढ़ की गणेश मूर्ति

गणेश चतुर्थी विशेष

*भोपाल। राज्य पुरातत्व संग्रहालय में सद्बुद्धि के देव, प्रथम पूज्य भगवान श्री गणेश की सदियों पुरानी मूर्तियां मौजूद हैं। गणेश चतुर्थी के शुभ अवसर पर राज्य संग्रहालय में मौजूद 12-13वीं शताब्दी की इन्ही मूर्तियों के कुछ चित्र मौजूद हैं, जिमसें कहीं भगवान गणेश भगवान कार्तिकेय के साथ द्वंद्व करते नजर आ रहे हैं, तो कहीं अपने माता-पिता शंकर-पार्वती के समक्ष बाल स्वरूपा रूप में मौजूद हैं। इसी के साथ श्री गणेश की चतुर्भुज, अष्टम भुजाओं युक्त मूर्ति भी दर्शकों के बीच विशेष आकर्षण का केंद्र रही।*



भोपाल के गणेश



धुबेला के गणेश



नूराबाद के गणेश



मुरेना के गणेश

## शांति-गया स्मृति सम्मान

# व्यंग्यकार प्रभाशंकर उपाध्याय अजय अनुरागी और सुनील सक्सेना होंगे सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



वर्ष 2025 के व्यंग्य विधा में पांचवे शांति-गया स्मृति सम्मान के लिए वरिष्ठ व्यंग्यकार प्रभाशंकर उपाध्याय, अजय अनुरागी को संयुक्त रूप से दिया जाएगा। व्यंग्य विधा के लिए ही भोपाल के व्यंग्यकार, कहानीकार, रंगकर्मी सुनील सक्सेना को भी विशेष रूप से सम्मानित करने का निर्णय चयन समिति ने लिया है। प्रख्यात व्यंग्यकार और व्यंग्य की लोकप्रिय पत्रिका अट्टाहस के सम्पादक स्व. अनूप श्रीवास्तव की स्मृति में व्यंग्य के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए ये पुरस्कार दिया जाता है।

## शहर गायक देंगे प्रस्तुतियां

# शहर में गूंजेगी सुरों की महफिल, गीत गाता चल म्यूजिकल ईव 31 को

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

संगीत के शौकीनों के लिए इस माह का अंतिम दिन खास होने जा रहा है। द गेट बंधन की ओर से 31 अगस्त को 'गीत गाता चल म्यूजिकल ईव' का आयोजन किया जा रहा है। यह संगीतमय संध्या रवीन्द्र भवन स्थित अंजनी सभागार में आयोजित होगी। जहां शहर के शौकिया गायक अपनी मधुर प्रस्तुतियों से वातावरण को सुरमय बना देंगे। कार्यक्रम की संयोजक एकता सिंह और लक्ष्मण सिंह ने बताया कि कार्यक्रम की सबसे बड़ी खासियत यह है कि मंच पर उतरने वाले सभी कलाकार हमारे समूह द्वारा कोरोना काल के दौरान तैयार किए गए हैं।

### संगीत प्रेमियों के लिए यादगार होगा

उस कठिन समय में कराओके म्यूजिक पर गाने वाले इन शौकिया फनकारों को हमारे द्वारा लगातार मार्गदर्शन दिया गया और अभ्यास कराया। यह कार्यक्रम न केवल संगीत प्रेमियों के लिए यादगार होगा, बल्कि उन कलाकारों के लिए भी खास रहेगा। कार्यक्रम में चाहत देव कौर, गिरीश कृष्णनानी, धर्मेन्द्र जाट सहित बड़ी संख्या में गायक गायिकाएं अपनी प्रस्तुति देंगे।

## प्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य बेडर से अपने अनुभव किए साझा

# प्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य विशाल आनंद बेडर ने किया दावा ज्योतिष से हो सकता है इलाज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

हरिभूमि चर्चा



हमारे ऋषियों ने जब ज्योतिष के लिए कुंडली का निर्माण किया तो छठे भाव को बीमारी, ऋण और शत्रुओं के प्रतिनिधित्व के लिए रखा। अगर उन्होंने बीमारी को इतनी गंभीरता से लिया है, तो फिर ज्योतिष के जानकार उसे बता क्यों नहीं सकते हैं। इसलिए मैं कहता हूं कि ज्योतिष की मदद से स्वास्थ्य संबंधी परेशानियों का समाधान किया जा सकता है....यह कहना है 17 वर्षों से ज्योतिष और बीमारी पर कार्य करने वाले प्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य विशाल आनंद का, जिन्होंने हरिभूमि से बातचीत में ज्योतिष, ग्रह नक्षत्रों पर चर्चा की।

*▶ **प्रश्नः आजकल नई-नई बीमारियों के नाम सुनने को मिलते हैं, और ज्योतिष इतना पुराना है, फिर इन्हें किस तरह बताया जा सकता है?***

*जवाबः बीमारी कोई भी नई नहीं है, वह पहले भी थी, बस उसकी खोज और उसे दिया गया नया नाम हमें नया लगता है। आयुर्वेद कहता है कि आपके शरीर में पांचों तत्वों का संतुलन बिगड़ना नए रोग को जन्म देता है, लेकिन जब आप आज उस रोग को समझते हैं, तो उसे नया कहते हैं, जबकि पांच तत्व तो सनातन हैं। ज्योतिष भी पांच तत्वों की बात करता है और रोग के बारे में बताता है।*

*▶ **प्रश्नः आज की दौड़ती-भागती जिंदगी में प्रदूषण में रहने से भी बीमारी हो रही है, जो आज की आम बात है। इसे ज्योतिष कैसे बताएगा?***

*जवाबः तनाव हमेशा से रहा है, लेकिन आजकल इसका बिगड़ा स्वरूप हम देख रहे हैं। हमारा मन अस्वाद और तनाव को सहजता से स्वीकार कर रहा है। साथ ही हमारा पालन-पोषण का तरीका भी बहुत बदल गया है। अर्थात देवगुरु और चंद्रमा अधिक दूषित हो गए हैं। इसलिए आजकल आत्महत्याएं बढ़ गई हैं। गुरु पाचन और फेफड़ों का कारक है, और हम भी तो कुछ भी खाए जा रहे हैं। अब बात करते हैं ज्योतिष की - जब ग्रह दूषित होगा तो उसका नकारात्मक प्रभाव हम पर सहज ही पड़ेगा। हां, यह एक पहलू है। इसके बाद दूसरा पहलू भी हम देख रहे हैं - सब्जी बेचने वाले का बेटा अधिकारी बन गया, या चाय बेचने वाला देश का प्रधान बन गया। जब ग्रह अच्छे हों तो अच्छे परिणाम मिलते हैं, और जब बुरे हों तो बुरे परिणाम मिलते हैं।*

*▶ **प्रश्नः ज्योतिष के उपाय से रोगमुक्त होना संभव है क्या?***

*जवाबः यदि ज्योतिष का जानकार सही है और ईमानदारी से सलाह दे रहा है, तो आपको रोग होगा ही नहीं, मुक्त होना तो बाद की बात है, लेकिन सही ज्योतिषी मिलना भी नसीब की बात है। आजकल के बच्चे जिन्हें जन्म दिया, उन पर भी भरोसा नहीं कर पा रहे हैं। तो सच्चा ज्योतिषी मिलना और उस पर भरोसा कर पाना भी परमात्मा की कृपा है।*

*▶ **प्रश्नः कोई सरल उपाय, जिससे हम सब निरोगी रह सकें।***

*जवाबः हमारे शरीर में सबसे अधिक जल तत्व है। अगर हम जल ग्रहण करें और उसे प्रेम व सम्मान के साथ ग्रहण करें, तो वह हमारे शरीर के जल तत्व को सकारात्मक कर देगा, जो हमें निरोगी रखने में सहायक होगा।*

## गोवा में आयोजित प्रथम मेडएक्स समिट एवं अवॉर्ड्स 2025

# एमपी टूरिज्म एक्सपीरियंस सेंटर किडजानिया को मिले दो गोल्ड अवॉड्र्स, मेडएक्स समिट एवं अवॉड्र्स 2025

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

अतुल्य भारत का दिल मध्यप्रदेश, ऐतिहासिक विरासत, समृद्ध संस्कृति और प्राकृतिक सौंदर्य के लिए ही नहीं, बल्कि नवाचार और आधुनिक मार्केटिंग रणनीतियों के लिए भी जाना जा रहा है। गोवा में आयोजित प्रथम मेडएक्स समिट एवं अवॉड्र्स 2025 में किडजानिया इंडिया के एमपी टूरिज्म एक्सपीरियंस सेंटर को दो श्रेणियों में प्रतिष्ठित गोल्ड अवॉड्र्स से सम्मानित किया गया। बेस्ट एक्सपीरिएंशल मार्केटिंग कैंपेन और बेस्ट ट्रेवल एंड टूरिज्म मार्केटिंग कैंपेन की श्रेणी में ये गोल्ड अवॉड्र्स प्राप्त हुए।




### सेंटर को मिले सम्मान पर हर्ष

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मार्गदर्शन और संस्कृति और पर्यटन मंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी के कुशल निर्देशन में दिल्ली एवं मुंबई किडजानिया में स्थापित एमपी एक्सपीरियंस सेंटर को मिले सम्मान पर हर्ष जताते हुए प्रमुख सचिव पर्यटन और संस्कृति एवं प्रबंध संचालक टूरिज्म बोर्ड शिव शेखर शुक्ला ने कहा कि एमपी टूरिज्म एक्सपीरियंस सेंटर ने यह फिर से परिभाषित किया है कि पर्यटन और अनुभवात्मक ब्रांड कैसे दर्शकों के साथ सार्थक रूप से जुड़ सकते हैं। इसने अतुल्य भारत के दिल को युवा भारत के और करीब लाया है, जिससे वे हमारी प्रकृति के महत्व को समझने के लिए प्रेरित हुए हैं।

# मेपकास्टः मेंडलियन जेनेटिक्स पर दो दिवसीय वर्कशॉप

**भोपाल।** राजधानी स्थित मध्यप्रदेश विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद (मेपकास्ट) के सेंटर ऑफ क्रिएटिव लर्निंग में दो दिवसीय हैंड्स-ऑन कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसमें विभिन्न कॉलेजों के विद्यार्थियों ने मेंडलियन जेनेटिक्स के मूल सिद्धांतों को प्रयोगात्मक रूप से सीखा। इसका उद्देश्य विद्यार्थियों को वंशानुगति के सिद्धांतों से परिचित कराना और प्रयोगों के माध्यम से उनके वैज्ञानिक दृष्टिकोण को मजबूत करना था। प्रतिभागियों ने बीजों और मॉडल्स का उपयोग कर वंशानुगति के पीढ़ी-दर-पीढ़ी स्थानांतरण को समझा। विद्यार्थियों ने इस अनुभव को नवीन और अत्यंत रोचक बताया। इस दौरान एमपीसीएसटी के निदेशक डॉ. अनिल कोठारी और आईआईएसईआर भोपाल के निदेशक प्रो. गोवर्धन दास ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए निरंतर प्रयोगात्मक गतिविधियों में भाग लेने और वैज्ञानिक अनुसंधान के प्रति समर्पण के लिए प्रेरित किया।

## ईमैक्स की टीम भोपाल पहुंचकर मुख्यमंत्री डॉ. यादव को प्रदान करेगी सम्मान

मध्यप्रदेश में विरासत के संरक्षण के साथ विकास के मंत्र पर हो रहा है कार्य

# ईमैक्स ग्लोबल अवॉर्ड ने विक्रमोत्सव-2025 को लांगस्टैंडिंग आईपी ऑफ द ईयर से किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

महाराजा विक्रमादित्य शोधपीठ के आयोजन विक्रमोत्सव-2025 को 'ईमैक्स ग्लोबल अवार्ड' ने 'लांगस्टैंडिंग आईपी ऑफ द ईयर' से सम्मानित करने का निर्णय लिया है। ईमैक्स की टीम भोपाल पहुंचकर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को यह सम्मान प्रदान करेगी। इस वर्ष विक्रमोत्सव को मिलने वाला यह दूसरा अवार्ड है।

'वाउ अवार्ड एशिया 2025' ने भी एशिया के शासकीय समारोह की विशेष श्रेणी में विक्रमोत्सव को 'गोल्ड अवॉर्ड' दिया है। पिछले वर्ष विक्रमोत्सव : 2024 को एशिया का 'बिगेस्ट रिलीजियस अवार्ड' मिला था। मुख्यमंत्री के संस्कृति सलाहकार एवं महाराजा विक्रमादित्य शोधपीठ के निदेशक श्रीराम तिवारी ने बताया कि विक्रमोत्सव : 2025 का 'ईमैक्स ग्लोबल अवार्ड' से सम्मानित होना संपूर्ण मप्र और भारतीय संस्कृति के लिए गर्व का विषय है।




## विक्रमोत्सव : 2025 में हुईं 300 से अधिक गतिविधियां

*विक्रमोत्सव : 2025 के तहत 300 से अधिक विभिन्न सांस्कृतिक एवं बहुआयामी गतिविधियां सम्पन्न हुई हैं। महोत्सव में लाखों लोगों ने भागीदारी की। सोशल मीडिया के माध्यम से भी करोड़ों लोग विक्रमोत्सव से जुड़े। विक्रमोत्सव की बहुआयामी गतिविधियों में मप्र के सभी प्रमुख शिवरात्रि मेलों का आयोजन, कलश यात्रा, विक्रम व्यापार मेला, संगीत, नृत्य, वादन, शिवोह्म, आदि-अनादि पर्व समारोह, विक्रम नाट्य समोराह, चित्र प्रदर्शनियां, संगोष्ठी, भारतीय इतिहास समागम, राष्ट्रीय विज्ञान समागम, वेद अंताक्षरी, कोटि सूर्योपासना, शिल्प कला कार्यशाला, प्रकाशन, विक्रम पंचांग, पौराणिक फिल्मों का अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव, बोलियों एवं हिन्दी रचनाओं का अखिल भारतीय कवि सम्मेलन, 1000 ड्रोन्स की प्रस्तुति और ख्यात कलाकारों की प्रस्तुतियां शामिल हैं।*

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव के सांस्कृतिक विरासत के प्रति समर्पण को समर्पित रहेगा सम्मान

यह सम्मान इस बात का प्रमाण है कि उज्जैन की धरती पर आयोजित विक्रमोत्सव केवल एक सांस्कृतिक उत्सव नहीं, बल्कि भारतीय परंपरा, गौरव और मूल्यों को वैश्विक स्तर पर स्थापित करने का सेतु बन चुका है। विक्रम महोत्सव ने शास्त्र, कला, संगीत, नृत्य और साहित्य को आधुनिक समय से जोड़ा है, जिससे विश्वभर में भारतीय संस्कृति की गरिमा और प्रासंगिकता बढ़ी है। यह सम्मान मुख्यमंत्री डॉ. यादव के सांस्कृतिक विरासत के प्रति समर्पण को समर्पित रहेगा, क्योंकि विक्रमोत्सव ने युवाओं को जड़ों से जोड़ने का कार्य किया है। विक्रमोत्सव ने विदेशी अतिथियों को भारतीय संस्कृति की गहराई से भी अवगत करवाया है।

### सबसे बड़ा मंच बनाया जाएगा

मुख्यमंत्री डॉ. यादव के सांस्कृतिक विरासत के प्रति लगाव और विकास के पथ पर आगे बढ़ने की दृढ़ इच्छाशक्ति मप्र को गौरवान्वित कर रही है। आने वाले वर्षों में विक्रमोत्सव को अंतरराष्ट्रीय सांस्कृतिक संवाद का सबसे बड़ा मंच बनाया जाएगा। यह उपलब्धि अपनी परंपराओं को आधुनिक तकनीक, शोध और नवाचार के साथ जोड़कर विश्व पटल पर भारत की सांस्कृतिक ध्वजा को और ऊंचा करने की प्रेरणा देती है।




हरिभूमि कम्यूनिकेशन प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक अचिंत महेश्वरी द्वारा प्लॉट नं.160 न्यू एच-सेक्टर इंडस्ट्रियल एस्टेट, गोविंदपुरा, भोपाल (म.प्र.) 462023 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। स्थानीय संपादकः प्रमोद भारद्वाज। RNI No. MPHIN/2014/55906, फोन 0755-4049930